फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 125, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रूस ने कीव पर दागीं 31 मिसाइलें, 13 घायल 14
चोली के पीछे... गाने में बेबो के डांस देख भड़के लोग 13

Silk of India™

हैण्डलूम एण्ड हैंडीक्राफ्ट्स

होली एवं ईद के शुभअवसर पर
शॉपिंग उत्सव में करें जमकर खरीदारी



EXHIBITION
CUM SALE
सीमित अवधि के लिए
Time : 10 AM to 10 PM

EXCLUSIVE COLLECTION
FOR THE WEDDING &
FESTIVAL SEASON

UPTO 20% DISCOUNT

प्रोडक्ट्स

● सिल्क व कॉटन साड़ी ● सूट ● डिजाइनर साड़ी ● प्रिन्टेड व ब्लॉक प्रिन्ट साड़ी ● उप्पाड़ा
● पेठानी साड़ी, कलमकारी व कान्था वर्क ● हैन्डलूम डिजाइनर कुर्ती, कश्मीर आर्ट
● पटोला, बनारसी साड़ी ● बैंगलोर हैण्डीक्राफ्ट के आकर्षक आइटम ● छत्तीसगढ़ टसर साड़ी
● कोलकाता बुटिक साड़ी, सूट ● भागलपुर ब्लॉक प्रिंट साड़ी, मूगा सिल्क
● मिर्जापुर भदोही कारपेट ● खेसड़ा बेडशीट ● कश्मीरी शॉल ● खुर्जा की क्राकरी

स्थान : एम.बी. इण्टर कॉलेज मैदान, नैनीताल रोड, बरेली

## सियासी हलचल

### बसपा : पूर्व मंडल प्रभारी राजेश सागर पार्टी से निष्कासित

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में पूर्व मंडल प्रभारी राजेश सागर को निष्कासित कर दिया है। चुनाव से पहले पार्टी संगठन को मजबूत करने में जुटी बसपा ने नई टीम का गठन करने के साथ दूसरे दलों के संपर्क में रहने वाले अपने पदाधिकारियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने पार्टी प्रमुख मायावती के निर्देश पर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल प्रभारी राजेश सागर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। निष्कासन पत्र में राजेश सागर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने और चेतावनी के बाद भी कोई सुधार नहीं करने की कही गई है।

### सपा : शुभलेश आंवला और संजीव बरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी बने

बरेली, अमृत विचार : सपा मुखिया अखिलेश यादव के





निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों को मनोनीत किया है। आंवला लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश सचिव शुभलेश यादव और बरेली लोकसभा क्षेत्र के लिए जिला महासचिव संजीव यादव को प्रभारी नामित किया गया है। दोनों प्रभारियों को अपने क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

### अपने वार रूम में आईटी विशेषज्ञों को नियुक्त करेगी कांग्रेस




बरेली, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में गुरुवार को जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में तय हुआ कि पार्टी हर विधान सभा में एक मुख्य कार्यालय बनाएगी। हर कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी की अध्यक्षता में दस सदस्यों को लगाया जाएगा, जो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन को जिताने के लिए काम करेंगे। मुख्य जिला कार्यालय में चुनावी वार रूम बनाया जाएगा, जो कंप्यूटर्स से लैस होगा। यहां पेशेवर आईटी विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क आसानी से बनाया जा सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता को बीजेपी का असली मुखौटा दिख चुका है। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन , उल्फत कठेरिया, सुरेश वाल्मीकि, नंद शर्मा, मुकेश वाल्मीकि, रामपाल माली, राहुल सिंह, ऋषि पाल सिंह जाटव, दत्त राम गंगवार, शबाब खां आदि मौजूद रहे।

### अशोक यादव बने जिला कोषाध्यक्ष



बरेली। नगर निगम के चुनाव में टिकट वितरण में कुछ कार्यकर्ताओं को टिकट न दिए जाने के विरोध में अपना भी टिकट वापस कर देने वाले अशोक यादव को अखिलेश यादव ने अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनका कद बढ़ा दिया है। बुधवार को ही जिला संगठन में कोषाध्यक्ष पद का रिक्त हुआ था, अखिलेश के निर्देश पर बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष ने अशोक को कोषाध्यक्ष मनोनीत करते हुए पत्र जारी कर दिया।

# इस चुनाव में चेहरों के पीछे छिपे हैं कई चेहरे

## भाजपा के टिकटों में देरी से बढ़ रही है बदलाव की संभावना, बरेली में अप्रत्याशित चेहरे के बारे में चर्चा

सुरेश पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली मंडल में अब तक दिख रही चुनावी तस्वीर में अभी काफी कुछ बदलाव होना बाकी है। सबसे ज्यादा कशमकश बरेली में है जहां भाजपा की घोषणा पर सपा की भी नजर है। यहां भाजपा के अंदर चल रही हलचल सामान्य नहीं है। अप्रत्याशित चेहरे सामने आने के भी आसार जताए जा रहे हैं। पीलीभीत और बदायूं में भी जो चेहरे फिलहाल दिख रहे हैं, उनके पीछे कई और चेहरे प्रकट होने की संभावना जताई जा रही है।

भाजपा जिस तरह बरेली का टिकट घोषित करने में देर लगा रही है, उससे एक खेमे की उम्मीदें लगातार कमजोर पड़ रही हैं। हालांकि यह भी दावा किया जा रहा है कि भाजपा यह सीट किसी भी हालत में गंवाना नहीं चाहती। फिलहाल इस सीट को पार्टी के खाते में डालने की सबसे बड़ी गारंटी संतोष गंगवार ही हैं लेकिन पार्टी कई चुनावों से चले आ रहे इस मिथक को भी अब तोड़ना चाहती है। पार्टी में ही संतोष गंगवार के कई विरोधी भी सक्रिय हैं और पार्टी हाईकमान की इस सोच को लगातार और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी ओर, संतोष गंगवार नौंवी बार लोकसभा में जाने का रिकॉर्ड बनाने के लिए अंतिम पारी खेलने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। अब तक टिकट पाने के लिए पिच पर डटे हैं।

हाईकमान के लिए असमंजस की वजह सिर्फ यह है कि बरेली कुर्मी बहुल सीट है और संतोष का टिकट काटे जाने की स्थिति में इसके प्रतिकूल परिणाम चुनाव में सामने आ सकते हैं। बरेली का टिकट अब तक घोषित न किए जाने के पीछे इसी जोखिम से बचने के लिए रास्ता ढूंढ पाने में हो रही देरी को बताया जा रहा है। बरेली से कई लोगों टिकट का दावा कर रखा है लेकिन कहा जा रहा है कि संतोष का टिकट काटा गया तो प्रत्याशी ऐसा भी हो सकता है जिसने टिकट के लिए दावा ही नहीं किया है।

पूरे मंडल में सिर्फ शाहजहांपुर सीट ऐसी है जहां भाजपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है और सपा नहीं। यहां बाकी सीटों की तरह कशमकश के भी कोई हालात नहीं है।

### 24 — 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह



- मंडल की पांच में से चार सीटों पर मौजूदा चुनावी तस्वीर को नहीं माना जा रहा अंतिम
- बरेली के साथ बदायूं और पीलीभीत में भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं कशमकश के हालात

### ... तो नजर में वो महिला नेता तो नहीं

पार्टी में इस बात की काफी संभावना जताई जा रही है कि बरेली में भाजपा की तलाश एक महिला नेता पर जाकर खत्म हो सकती है। इसके अलावा जिले के ही एक जनप्रतिनिधि के नाम पर भी विचार हो रहा है जो खुद भी काफी समय से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी में अपनी समीकरण साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं। हालांकि पलड़ा महिला नेता का ही भारी बताया जा रहा है क्योंकि वह भी कुर्मी हैं और जिले के राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। कुछ समय से उनका चेहरा भी जिले के प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ दिख रहा है। एक वरिष्ठ नेता भी उन्हें आगे लाने के लिए काफी समय से कोशिश कर रहे हैं।

### बदायूं में संगठन के बड़े पदाधिकारी का नाम चर्चा में

भाजपा में पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी और बदायूं की सांसद संघमित्रा का टिकट भी काटे जाने की संभावना बढ़ती जा रही है। बदायूं में भी जातिगत समीकरण देखे जा रहे हैं। कुछ दिन पहले तक डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का नाम चर्चा में था लेकिन दो दिन से पार्टी संगठन के एक बड़े पदाधिकारी का नाम सामने आया है। पीलीभीत में स्थिति और भी ज्यादा असमंजसपूर्ण है। बरेली और इन दोनों सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है लेकिन फिर भाजपा की लिस्ट आने का इंतजार कर रही है।

### शाहजहांपुर की तरह दूसरी पार्टी के कुर्मी नेता पर भी जोर-आजमाइश

भाजपा में पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की ओर से संतोष गंगवार के विकल्प के तौर पर दूसरी पार्टी के एक कुर्मी नेता पर दल-बदल के लिए जोर-आजमाइश किए जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों इस नेता से भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर बात की गई थी लेकिन उन्होंने भाजपा में शामिल होने के बजाय टिकट घोषित करने की शर्त रखी। इस पर फिलहाल मामला टल गया। बता दें कि इससे पहले भाजपा शाहजहांपुर में सपा का मेयर प्रत्याशी छीन चुकी है। शाहजहांपुर की मेयर बनी अर्चना वर्मा को 2017 में सपा ने प्रत्याशी बनाया था लेकिन नामांकन के मौके पर उन्हें भाजपा में शामिल कर टिकट दे दिया गया। इससे पहले 2004 में वह सपा के टिकट पर जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी थीं। चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे अर्चना के ससुर राममूर्ति सिंह वर्मा सपा सरकार में मंत्री रहे थे। उनके निधन के बाद बेटे राजेश ने ददरौल से विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन जीत नहीं पाए।

### तीसरी सूची में तमिलनाडु में नौ प्रत्याशियों के नाम, बरेली में बढ़ा इंतजार

बरेली, अमृत विचार : बरेली, बदायूं और पीलीभीत में प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार कर रहे भाजपा के कार्यकर्ताओं को मायूसी बृहस्पतिवार शाम तब और बढ़ गई, जब हाईकमान ने तमिलनाडु की नौ सीटों की तीसरी सूची जारी की लेकिन बरेली मंडल की सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की। इससे पहले मंगलवार और फिर बुधवार को पूरा दिन तीसरी सूची जारी होने के इंतजार में बीता लेकिन देर रात तक सूची जारी न होने पर समर्थक मायूस हो गए। अब दावा किया जा रहा है कि होली से पहले हर हाल में एक और बड़ी सूची जारी की जाएगी जिसमें इन तीनों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे।

# अखिलेश ने दी नसीहत... चुनाव सबसे महत्वपूर्ण, फिलहाल एकजुटता दिखाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अनुशासनहीनता की घटनाओं पर लखनऊ तलब किए गए थे बरेली के सभी वरिष्ठ नेता

**अमृत विचार :** सपा के जिला संगठन में अनुशासनहीनता की घटनाओं पर कार्रवाई को फिलहाल चुनाव की वजह से टाल दिया गया है।

पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से बृहस्पतिवार को बरेली से वरिष्ठ नेताओं को लखनऊ बुलाया गया तो कयास लगाए जाने कि सख्त कार्रवाई होगी लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी की बात सुनने के बाद उन्हें चुनाव का हवाला दिया और एकजुटता के साथ मैदान में जुटकर प्रत्याशी को जिताने का मंत्र देकर विदा कर दिया।

बरेली से विधायक अताउर रहमान, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, शुभलेश यादव, महामंत्री संजीव यादव और जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप बृहस्पतिवार को लखनऊ पहुंचे थे। पार्टी कार्यालय में उनसे मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने बरेली अनुशासनहीनता की घटनाओं पर नाराजगी जताई। पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव ने जिला संगठन में अध्यक्ष और महामंत्री के बीच आपस में बात न होने का मुद्दा उठाया। इसके बाद अखिलेश यादव ने जिला महामंत्री संजीव यादव को बरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाते हुए कहा कि चुनाव महत्वपूर्ण है।

पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपने मतभेद भुलाकर प्रत्याशी को जिताने के लिए काम करें। बता दें कि इससे पहले बरेली में गोल्डन फार्म पर हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में महानगर सचिव डॉ. चांद बाबर के साथ हुई अभद्रता पर पार्टी का एक गुट कार्यकर्ता पर कार्रवाई की मांग कर रही थी।

प्रदेश सचिव कलीमुद्दीन, इंजीनियर अनीस अहमद सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने जिलाध्यक्ष को ज्ञापन देकर पार्टी के एक नेता पर कार्रवाई की मांग की थी। करीब 20 दिन से अनुशासनहीनता के मामले पार्टी में उथलपुथल मचाए हुए थे लेकिन अखिलेश यादव ने चुनाव की वजह से फिलहाल कार्रवाई को टाल दिया।

### चुनाव कार्य में लापरवाही पर बीईओ और लेखपाल पर रिपोर्ट

बरेली,अमृत विचार : मीरगंज थाना में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अमन गुप्ता और लेखपाल अनिल कुमार के खिलाफ चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर तहसीलदार आशीष कुमार ने दोनों रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों पर आरोप है कि राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज पोलिंग सेंटर पर मतदाताओं के लिए कोई भी सूचना अंकित नहीं की गई। इसकी वजह से चुनाव में मतदाताओं को काफी असुविधा होगी।

मीरगंज मेंमतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों को चिह्नित कर जानकारी लिखी जा रही है। डीएम ने इस संबंध में 9 मार्च को बीईओ मीरगंज और सभी लेखपालों को निर्देश दिए थे लेकिन इसके बाद भी मीरगंज के राजेन्द्र प्रसाद इंटर कालेज मतदेय स्थल के बाहर कोई सूचना नहीं लिखी गई। एसडीएम ने गुरुवार को निरीक्षण के दौरान लापरवाही पकड़ी थी।

# बरेली के पहले चुनाव में थे 3.4 लाख वोटर

अनुपम सिंह, बरेली

**फ्लैश बैक**

**अमृत विचार :** बरेली संसदीय क्षेत्र की शुरुआत 1952 में सिर्फ तीन लाख 41 हजार वोटरों के साथ हुई थी जो अब 18 लाख का आंकड़ा पार कर चुकी है। यह भी आंकड़ा दिलचस्प है कि पहले चुनाव में विजयी प्रत्याशी को कुल मिलाकर जितने वोट मिले थे, पिछले दो चुनाव में हार-जीत का अंतर ही उससे चार गुना ज्यादा पहुंच चुका है।

आजादी के बाद 1952 में देश के पहले आम चुनाव में बरेली संसदीय क्षेत्र की पहचान बरेली साउथ सीट के नाम से थी। आंवला और बहेड़ी भी इस संसदीय क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद मतदाताओं की संख्या तीन लाख 41 हजार 976 थी। चुनाव में 1,29,142 लोगों ने ही मतदान किया था। इसमें 66,740 वोट पाकर सतीश चंद्र पहले सांसद चुने गए थे। 1957 में चार लाख तीन हजार 446 मतदाता हो गए। इस चुनाव में एक लाख 86 हजार 971 वोट पड़े। सतीश चंद्र 94727 वोट पाकर दूसरी बार संसद पहुंचे। परिसीमन के बाद 1967 में भारी वृद्धि के साथ मतदाता संख्या पांच लाख 13 हजार 149 पर पहुंच गई। चुनाव में दो लाख 82 हजार 35 वोट पड़े जिनमें से एक लाख 12 हजार 698 वोट पाकर बीबी लाल सांसद बने।

पांचवीं लोकसभा के लिए 1971 में हुए चुनाव में पांच लाख 49 हजार 804 वोटर हो गए। इसमें से दो लाख 33 हजार 418 वोट पड़े और एक लाख 15 हजार 495 वोट पाकर सतीश चंद्र तीसरी बार संसद पहुंचे। इसके बाद 1977 में राममूर्ति सांसद बने। इस चुनाव में पांच लाख 80 हजार 11 वोटर थे। वोट पड़े तीन लाख 461 वोट पड़े, राममूर्ति को एक लाख 96 हजार 147 वोट मिले। 1980 में मध्यावधि चुनाव हुआ था। 1984 का चुनाव बेगम आबिदा अहमद ने जीता। वोटर बढ़कर छह लाख 56 हजार 877 हो गए थे। इसमें तीन लाख 26 हजार 169 वोट पड़े जिसमें से आबिदा को एक लाख 56 हजार 904 वोट मिले।

इसके बाद 1989 में वोटर आठ लाख 14 हजार 530 थे जिसमें पड़े थे चार लाख 41 हजार 446। एक लाख 59 हजार 502 वोट पाकर संतोष गंगवार ने पहली बार सांसद बने। 1991 के चुनाव में आठ 22 हजार 940 वोटर हो गए। चुनाव में चार लाख 39 हजार 997 वोट पड़े और दो लाख 32 हजार 18 वोट पाकर संतोष दोबारा संसद पहुंचे। 1996 में बरेली वोटरों की संख्या ने 10 लाख का आंकड़ा पार किया।

दस लाख नौ हजार 939 में से चार लाख 87 हजार 473 ने वोट डाले और दो लाख 25 हजार 285 वोट पाकर संतोष तीसरी बार जीते। 1998 में दस लाख 21 हजार 105 में से पांच लाख 67 हजार 219 वोट पड़े। संतोष को तीन लाख 14 हजार 480 वोट मिले।

इसके बाद 1999 में दस लाख आठ हजार 983 वोटर हुए जिनमें पांच लाख 92 हजार ने वोट डाला और संतोष को दो लाख 92 हजार 813 वोट दिए। 2014 में वोटर फिर बढ़कर 16 लाख 64 हजार 81 हो गए। इनमें पांच लाख 18 हजार 258 वोट संतोष को मिले। 2019 में 17 लाख 97 हजार 655 वोटर थे जिनमें से पांच लाख 65 हजार 270 ने संतोष को वोट देकर जिताया। 2024 के चुनाव में 18 लाख दो हजार 381 मतदाताओं को प्रत्याशी चुनना है।

### दो चुनावों में बढ़ने के बजाय घट गए वोट

बरेली में दो चुनाव ऐसे भी हुए जब वोट बढ़ने के बजाय कम हो गए। 1957 के चुनाव में चार लाख तीन हजार 446 वोट थे लेकिन 1962 में हुए चुनाव में घटकर तीन लाख 95 हजार 128 रह गए। इनमें से एक लाख 98 हजार 322 ने वोट डाले। इस चुनाव में 68,563 वोट पाकर ब्रजराज सिंह आछू बाबू चुने गए। इसके बाद कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन 2009 में चुनाव जीते तब भी वोटर 15 लाख 56 हजार 24 से घटकर 14 लाख एक हजार 423 रह गए थे। इनमें से दो लाख 26 हजार 976 वोट ऐरन को मिले।

### करीब पांच लाख... सबसे ज्यादा वृद्धि 2004 में

लोकसभा के लिए 2004 में हुए चुनाव में बरेली में अप्रत्याशित तौर पर पांच लाख वोटर बढ़े। कुल वोटर 15 लाख 56 हजार 24 हो गए। इसमें दो लाख 69 हजार 65 वोट संतोष को मिले। इससे पहले 1999 में दस लाख आठ हजार 983 वोटर ही थे।

### सर्वाधिक वोटों से जीतने का रिकॉर्ड संतोष के नाम

आजादी के बाद बरेली में 17 लोकसभा चुनाव हो चुके हैं, जिसमें सबसे ज्यादा वोटों से जीतने का रिकॉर्ड संतोष गंगवार के नाम है। पहले चुनाव में एक लाख 95 हजार वोट पाकर सांसद बनने वाले संतोष गंगवार को 2019 में अपने नौवें चुनाव में पांच लाख 65 हजार 270 वोट मिले थे।

## जनता का मंच

### क्या राजनीति पर पूंजीपतियों का एकाधिकार हो रहा है?


बरेली, अमृत विचार : एक समय था, जब देश को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए लोग जीवन भर की पूंजी दान में दे देते थे लेकिन अब दौर बदल गया है। राजनीति और समाजसेवा से दूर-दूर तक कोई वास्ता न होने के बाद भी पूंजीपतियों उन्हें पार्टी टिकट दे देती है और वे सांसद या विधायक बन जाते हैं। राजनीतिक दल पूंजीपतियों के समूह में तब्दील होने लगे हैं। आम जनता की समस्याओं की न उन्हें जानकारी होती है, न वे उनकी परवाह करते हैं।



आजकल जिसके पास पूंजी होती है, राजनीति में सिर्फ उसी को पूछा जाता है। जो आदमी पूंजीवाद का हिस्सा नहीं है, आज की राजनीति में उसकी कोई बिसात नहीं रह गई है। वह एक कार्यकर्ता ही रहता है। कोई नेतृत्व उसकी सेवाओं और योग्यता को महत्व नहीं देता। – **भोला**, कुर्मांचल नगर



आज के समय में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। राजनीति में जो कीमत पूंजीपतियों की है, वह सामान्य व्यक्ति की नहीं है। जितनी अधिक पूंजी होगी, राजनीति में उस पर उतना ही बड़ा दांव खेला जाता है। आम लोगों के लिए सिर्फ वादे होते हैं और वे दिक्कतों से जूझते रहते हैं। – **विनोद साहनी**, सिकलापुर



भोलेभाले लोगों को लुभाने के लिए पूंजीपति ही अच्छा पैसा खर्च कर सकते हैं। चाहे पार्टी के अंदर पैसा खर्च करना हो या पार्टी के बाहर। चुनाव धनबल से जीते जाते हैं। अच्छे कामों से किसी को मतलब नहीं है। साधारण लोगों की कोई सुनता तक नहीं। बस पैसा बोलता है। – **सदावृक्ष**, कालीबाड़ी



जिसके पास पैसा होता है, वह राजनीति में अपनी जगह आसानी से बना लेता है। राजनीतिक पार्टियां भी सिर्फ पैसे वाले पर दांव लगाती हैं। इसी में उन्हें अपनी कामयाबी नजर आती है। जो कार्यकर्ता मेहनत से काम करते हैं, वह कार्यकर्ता ही रह जाते हैं। इस सबकी कीमत जनता को चुकानी पड़ती है। – **बीना**, सेटेलाइट



जो बड़े लोग हैं, राजनीति उनके लिए बिजनेस की तरह है। वे लोग पैसा खर्च करते हैं और कमाते भी हैं। मध्य वर्ग के जो लोग राजनीति में दिलचस्पी रखते हैं, वे बीच में ही दबकर रह जाते हैं। जो निम्न हैं, उन्हें मुफ्त मिल जाता है। जो पूंजीवादी हैं, वे पैसे से पैसे कमाते हैं। – **अर्चना**, सिकलापुर



पूंजीवादियों के बारे में क्या ही कह सकते हैं। पुलिस उन्हीं की सुनती है, राजनीति में भी उन्हीं का डंका बजता है। साधारण लोगों को हर जगह दबना पड़ता है। जनता से जुड़ाव न होने के बाद भी पूंजीपतियों को थोप दिया जाता है और वे सांसद-विधायक बन जाते हैं। – **बीना रानी**, कालीबाड़ी



हर जगह प्राइवेटाइजेशन का दौर है। हाल ही में सामने आया है कि इलेक्टोरल बांड के रूप में राजनीतिक पार्टियों को पूंजीपतियों का काफी सहयोग मिला है और इसके बदले में पूंजीपतियों ने खुद भी कई फायदे उठाए हैं। इलेक्टोरल बांड को चुनाव आयोग ने भी अधिकृत कर रखा था। अब पार्टियों के अंदर भी पूंजीपतियों का बोलबाला होता है। चुनाव में हर स्तर के पैसा बोलता है। जिसके पास पैसा होता है, उसी की पूछ होती है। हालांकि राजनीतिक पार्टियों को पूंजीवाद से प्रभावित होने के बजाय प्रत्याशी की कर्मठता पर जोर देना चाहिए। ऐसे प्रत्याशी ही जनता के हित के बारे में सोच सकते हैं। – **डॉ. निधि**, प्रोफेसर राजनीतिक शास्त्र, कन्या महाविद्यालय भूड़

## प्रशासन की तैयारी

### सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट सभी बिंदुओं पर करें तैयारी

बरेली, अमृत विचार : एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने गुरुवार को सदर तहसील में सेक्टर ऑफिसर और जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, वह उसकी तैयारी पूरी कर लें। चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरा पालन करना होगा। बैठक में भोजीपुरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर ऑफिसर शामिल हुए। एसडीएम ने क्षेत्र के सभी बूथों के बारे में जानकारी ली।

### जमानत राशि भी ऑनलाइन कर सकेंगे जमा

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नामांकन के साथ जमानत राशि भी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि जो उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करेंगे, वह आवेदन का प्रिंट निकालकर जमा करेंगे। इसके अलावा शपथ पत्र https://suvidha.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पर्चा दाखिल करने के साथ ही जमानत राशि को भी ऑनलाइन जमा करने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाइन प्रक्रिया के अलावा नकद भी ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमानत धनराशि जमा की जा सकती है।












फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 125, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु 14

धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान 13

रमज़ान मुबारक
ग्यारहवां रोज़ा इफ्तार - 22 मार्च 2024
सुन्नी - 06:28 बजे | शिया- 06:36 बजे
बारहवां रोज़ा सहरी - 23 मार्च 2024
सुन्नी - 04:51 बजे | शिया- 04:43 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

## फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र की अधिसूचना पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए फैक्ट चेक यूनिट से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम निर्णय लेने से बच रहे हैं।

# मेघा इंजीनियरिंग, क्विक और फ्यूचर गेमिंग से भाजपा को मिले 1079 करोड़

## एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड का पूरा विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपा, वेबसाइट पर अपडेट

- फ्यूचर गेमिंग ने 1,368 करोड़ और मेघा इंजीनियरिंग ने 966 करोड़ रुपये के बॉण्ड खरीदे

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा को मेघा इंजीनियरिंग, फ्यूचर गेमिंग और रिलायंस से संबंधित क्विक सप्लाई जैसे कई कोरपोरेट समूहों से 1000 करोड़ से ज्यादा चंदा मिला। पार्टी को चुनावी बॉण्ड से पिछले चार सालों में 6000 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने एसबीआई से मिले पूरे ब्यौरे को गुरुवार शाम अपनी वेबसाइट पर जारी किया। ब्यौरा 542 पृष्ठ का है, बॉण्ड की 20421 प्रवृष्टियां हैं।

एसबीआई ने 386 पृष्ठ की एक और सूची जारी की है जिसमें बॉण्ड खरीदने वाली कंपनियों के नाम और बॉण्ड के नंबर, तिथि और भुगतान की स्थिति का ब्यौरा है। एसबीआई ने विवरण दो बंद लिफाफों में डिजिटल फार्म में निर्वाचन आयोग को बुधवार को सौंप दिये थे। एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा की ओर से इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में एक शपथ पत्र भी दाखिल कर दिया गया है।

### किस ग्रुप ने किसे दिया चंदा

- **वेदांता ग्रुप :** भाजपा, कांग्रेस, बीजद और तृणमूल कांग्रेस
- **भारती एयरटेल :** भाजपा, राजद, शिअद, कांग्रेस और जदयू
- **मुथुट :** भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (महाराष्ट्र)
- **बजाज ग्रुप :** भाजपा और आप
- **अपोलो टायर्स :** कांग्रेस
- **केवेंटर्स :** भाजपा और कांग्रेस

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये आंकड़े के अनुसार भाजपा को हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग ने 584 करोड़ रुपये, क्विक सप्लाई ने 395 करोड़ रुपये और फ्यूचर गेमिंग ने 100 करोड़ रुपये चंदा दिया। मेघा इंजीनियरिंग को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वास्ते कई ठेके मिले। भाजपा को केवेंटर्स फुड पार्क, एमकेजी इंटरप्राइजेज और मदनलाल लिमिटेड से भी 346 करोड़ रुपये चंदा मिला। तीनों कंपनियों का पता कोलकाता में एक ही है। वेदांता ने पार्टी को 226 करोड़ रुपये और हल्दिया इनर्जी ने 81 करोड़ रुपये चंदा दिया। वेदांता ने कांग्रेस को भी 125 करोड़ रुपये चंदा दिया। भाजपा को वेस्टर्न यूपी पावर एंड ट्रांसमिशन कंपनी से 80 करोड़ रुपये और वेलस्पुन से 42 करोड़ रुपये चंदा मिला।

रिलायंस इंडस्ट्रीज से संबंधित और नवी मुंबई के धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) में पंजीकृत पते वाली क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड ने भाजपा को चुनावी बॉण्ड के जरिये 395 करोड़ रुपये दिए हैं। राजनीतिक दलों को चंदा देने के मामले में क्विक सप्लाई चेन तीसरे स्थान पर है। इसने 2021-22 और 2023-24 के बीच 410 करोड़ रुपये के बॉण्ड खरीदे।

फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज 1,368 करोड़ रुपये और हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रा 966 करोड़ रुपये के बॉण्ड के साथ क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं। फ्यूचर गेमिंग ने द्रमुक के बाद चुनावी बॉण्ड के जरिये सबसे ज्यादा 540 करोड़ रुपये तृणमूल कांग्रेस को दिए।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

- केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की तैयारियों पर चर्चा के लिए राजभवन में एक बैठक की।

# शराब नीति में केजरीवाल गिरफ्तार

## ईडी ने मुख्यमंत्री के आवास पर ली तलाशी, दो घंटे तक पूछताछ

- अपने नेता की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची आम आदमी पार्टी
- गिरफ्तारी से राहत को लगाई थी गुहार दिल्ली हाईकोर्ट ने किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल (55) की गिरफ्तारी पर आप ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जरूरत पड़ने पर, वह जेल से सरकार चलाएंगे। हालांकि, भाजपा ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग की है।



ईडी की गिरफ्त में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। ● एजेंसी

ईडी के एक अतिरिक्त निदेशक के नेतृत्व में एजेंसी की 10 सदस्यीय टीम सिविल लाइंस स्थित उनके आधिकारिक आवास पर पहुंची और तलाशी ली। मुख्यमंत्री आवास पर ईडी की टीम के पहुंचने के दो घंटे से अधिक समय बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। चिकित्सकों की टीम से केजरीवाल का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। ईडी शुक्रवार को यहां एक अदालत में मुख्यमंत्री को पेश करेगी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में देने का अनुरोध करेगी। केजरीवाल मामले में पूछताछ के लिए एजेंसी द्वारा जारी किए गए नौ समन को टाल चुके थे। इनमें नया समन गुरुवार 21 मार्च को जारी किया गया। ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल के आवास के अंदर कार्रवाई किए जाने के दौरान सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। आप के काफी संख्या में समर्थक और नेता मुख्यमंत्री आवास के निकट एकत्र हुए और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित एजेंसी के दफ्तर के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी है। दिन में, केजरीवाल ने मामले में कोई राहत देने से हाईकोर्ट के इनकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। दिल्ली सरकार में मंत्री एवं आप नेता आतिशी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को रद कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। रात में ही तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है।

### डरा हुआ तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है : कांग्रेस

कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि एक डरा हुआ तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि रोज़ जीत का झूठा दंभ भरने वाली अहंकारी भाजपा, विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से कमज़ोर करने की कोशिश कर रही है। अगर सच में जीत का भरोसा होता तो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज नहीं किया जाता। विपक्ष के नेताओं को ठीक चुनाव से पहले निशाना नहीं बनाया जाता।

### भाजपा ने कहा जो बोया है वह काट रहे हैं केजरीवाल, आप का प्रदर्शन मात्र नाटक

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा ने कहा कि उन्होंने जो बोया है वह काट रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप के नेताओं और समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की निंदा की और कहा कि यह नाटक भ्रष्टाचार का जश्न मनाने के समान है। उन्होंने कहा कि न तो जनता और न ही अदालतें इसे स्वीकार करेंगी।

### केजरीवाल मोदी से डरने वाले नहीं : आप

शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आप ने कहा है कि केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डरने वाले नहीं हैं, केजरीवाल इस्तीफ़ा नहीं देंगे और वह जेल से ही दिल्ली सरकार चलायेंगे। आप नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री रहेंगे, यह बिलकुल स्पष्ट है। कहा कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

# निर्वाचन आयोग की विकास कार्यों की धनराशि पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने विकास कार्यों की धनराशि जारी करने पर रोक लगा दी है। आयोग ने लोकसभा चुनाव और राज्यों में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में सांसद और विधायक निधि के तहत संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड रिलीज नहीं होगा। जिलाधिकारियों-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सांसद को विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक-विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी।

### विकसित भारत के व्हाट्स एप संदेश पर भी रोक

निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत' को लेकर लोगों को जारी किए जा रहे व्हाट्सएप संदेश पर रोक लगा दी है। केंद्र को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि देश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने केंद्र को संदेश पर रोक का पालन कराने की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

### मतदाता पहचान पत्र न होने पर 12 विकल्प

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगर किसी का मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) नहीं बन पाता है, तो लोग 12 विकल्पों का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आरजीआई से जारी स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद सदस्यों को जारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड आदि शामिल हैं।

# जेल के खाने में मुझे दे रहे जहर : मुख्तार अंसारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- अदालत में गुहार, मेडिकल बोर्ड बनाकर कराएं मेरा इलाज

**अमृत विचार :** बाराबंकी में अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 पर गुरुवार को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की फर्जी एंबुलेंस मामले में पेशी हुई। जिसमें मुख्तार तो पेश नहीं हुआ लेकिन उसके वकील ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें मुख्तार की तरफ से लिखा गया कि 19 मार्च की रात उसे खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। वर्चुअल पेशी में बांदा जेल के डिप्टी जेलर महेंद्र सिंह हाजिर हुए। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि मुख्तार बीमार है। जिसकी वजह से वह सुनवाई में पेश होने में असमर्थ है। कोर्ट ने मामले में 29 मार्च की अगली तारीख लगा दी। मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रार्थनापत्र में मुख्तार की तरफ से लिखा गया है कि खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि उसका दम निकल जाएगा।



## 67,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

# भोजशाला परिसर का आज से सर्वेक्षण करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी

- हिंदू मानते हैं मंदिर, मुस्लिम समुदाय बताता है मस्जिद

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा।

एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण निर्देश दिए थे।

# बदायूं हत्याकांड में जावेद गिरफ्तार कहा- साजिद को थी बच्चों से नफरत

- ऑटो चालकों ने जावेद को बरेली के सैटेलाइट बस स्टैंड से दबोचा
- पकड़ा गया तो की आत्मसमर्पण को पुलिस बुलाने की फरियाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ बदायूं

**अमृत विचार :** बदायूं में दो बच्चों की गला काटकर हत्या के मामले में दूसरे आरोपी जावेद को गुरुवार तड़के सेटेलाइट बस स्टैंड पर कुछ ऑटो चालकों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद दिल्ली भागा जावेद लखीमपुर खीरी जाने के लिए सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था, जहां उसे एक ऑटो चालक ने पहचानने के बाद अपने साथियों की मदद से दबोच लिया। रात में बदायूं पुलिस बरेली आकर जावेद को अपने साथ ले गई। बदायूं पुलिस की पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बच्चों से नफरत करता था।



बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद कुमार के दो नाबालिग बेटों की 19 मार्च की देर शाम हत्या करने वाले साजिद को पुलिस ने मुठभेड़ में उसी रात मार गिराया था मगर हत्या के दौरान उसके साथ रहा उसका भाई जावेद फरार हो गया था।

गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसे कुछ ऑटो चालकों ने सेटेलाइट बस स्टैंड पर दबोच लिया। बताया जा रहा है कि जावेद लखीमपुर खीरी जाने की फिराक में था और दिल्ली की बस से बरेली के पुराने रोडवेज बस अड्डे पर उतरने के बाद साहिल मौर्य के ऑटो में बैठकर सेटेलाइट बस स्टैंड पहुंचा था। रास्ते में ही साहिल को उस पर शक हुआ। साहिल के मुताबिक अखबारों में छपी जावेद की फोटो उसके मोबाइल फोन में थी। उस फोटो से चेहरा पूरी तरह मिलता-जुलता लगा तो उसने सेटेलाइट पहुंचकर अपने साथी अभिषेक प्रताप सिंह, शेखर यादव और विकास सोनकर को इकट्ठा कर जावेद को रोक लिया। ऑटो चालकों ने इसके बाद जावेद से उसका नाम पूछा तो वह हड़बड़ा गया। उसने भागने की कोशिश की तो ऑटो चालकों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और एक ऑटो में बैठा लिया। उससे दोबारा पूछताछ की तो उसने कुबूल कर लिया कि वह जावेद ही है और आत्मसमर्पण करना चाहता है। इसके बाद ऑटो चालकों ने पुलिस को सूचना दी।

### मौलवियों के पास भी जाता था साजिद

बदायूं एसएसपी ने बताया कि जावेद के मुताबिक साजिद बहुत पैसा खर्चा करता था और समय-समय पर दरगाहों और मौलवियों के पास जाता था। पुलिस अधिकारी के अनुसार ऐसे एक मौलवी की भी पहचान कर ली गई है, जिससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई सवाल हैं जिन पर जांच जारी है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी जावेद को अदालत में पेश किया जाना था लेकिन कागजात पूरे नहीं होने के कारण ऐसा नहीं हो सका और अब उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। जावेद ने पुलिस को यह भी बताया कि घटना वाले दिन साजिद सुबह से काफी परेशान था, इसलिए जावेद ने उससे दुकान बंद कर घर चले जाने को कहा था, लेकिन साजिद नहीं माना।

### पुलिस ने बार-बार बदली कहानी

जावेद के हाथ आने के बाद पुलिस शाम तक उलझन में रही कि उसे गिरफ्तार दिखाकर इसका श्रेय खुद ले या ऑटो चालकों को उसे पकड़ने का श्रेय दे। सुबह बारादरी पुलिस ने दावा किया कि जावेद नहीं उसका भाई पकड़ा गया है, फिर उसके आत्मसमर्पण की बात कही। शाम को इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने देर रात जावेद को सेटेलाइट स्टैंड पर लोगों की मदद से पकड़े जाने की बात कही। बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने दावा किया कि जावेद को बरेली से गिरफ्तार किया गया है।

### इनाम लेने बदायूं पहुंच गए ऑटो चालक

एक तरफ पुलिस जावेद की गिरफ्तारी का श्रेय ऑटो चालकों को देने से कतराती रही तो दूसरी तरफ उसे पकड़ने वाले ऑटो चालक जावेद पर घोषित 25 हजार का इनाम लेने गुरुवार को बदायूं एसएसपी के आवास पर पहुंच गए। वहां उन्होंने पूरा घटनाक्रम बताकर जावेद पर घोषित इनाम दिलाने को कहा। ऑटो चालक अभिषेक और शेखर ने बताया कि बदायूं के अधिकारियों ने उन्हें इनाम दिलाने का आश्वासन दिया है, उनका फोन नंबर भी ले लिया है।

**इनसे सीखें** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर निभा रहे नदियों के संरक्षण की जिम्मेदारी

# कुकरैल को दिलाया नदी का दर्जा, अब नदियों का संरक्षण

**विश्व जल संरक्षण दिवस आज**

- जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन लिए मिला भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के कुकरैल को नदी का दर्जा दिलाने वाले बीबीएयू के प्रोफेसर अब छात्रों को नदी संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान के अध्येता को नदियों के संरक्षण के लिए शासन ने अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें जल संरक्षण को लेकर कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रो. वेंकटेश दत्ता बताते हैं कि उनका प्रयास जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में नदियों के संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। इसलिए कैचमेंट प्लानिंग, नदी पुनर्स्थापन और इको-हाइड्रोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य जल नीति 2020 की प्रारूप समिति के सदस्य का कहना है कि उप्र में 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। हाल में इसका प्रमाण लखनऊ की कुकरैल नदी को संरक्षित किया जाना है। जल संरक्षण के सार्थक प्रयासों को लेकर प्रो. दत्ता को वर्ष 2022 में भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार दिया जा चुका है।



### यमुना नदी के किनारे रोज लगती है पाठशाला, हजारों ऑनलाइन छात्र

प्रोफेसर दत्ता यमुना नदी के किनारे छात्रों की पाठशाला लगा रहे हैं। इसमें पहले विश्वविद्यालय के ही छात्र जुड़े थे। संरक्षण की मुहिम इतनी कारगर हुई कि ये संख्या ऑनलाइन व्यवस्था के सहारे हजारों में पहुंच गई है।

### 13 वर्षों से जारी है नदी पुनरुद्धार मुहिम

उप्र में गोमती, घाघरा, राप्ती बेसिन की 17 नदियों और छोटी धाराओं के पुनरुद्धार पर वर्ष 2011 से कार्य कर रहे प्रो. दत्ता बताते हैं कि 960 किमी की यात्रा करके 27 सहायक नदियों का दस्तावेजीकरण पूरा किया है। 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवन मिला है।

### 25 देशों में दिया जल संरक्षण का संदेश

अमेरिका के फुलब्राइट स्कॉलर और इंग्लैंड के ब्रिटिश शेवेनिंग फेलो रहे प्रोफेसर दत्ता ने 25 से अधिक देशों की यात्रा कर जल संरक्षण का संदेश दिया है। अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कर उप्र के 2019 भूजल विधेयक के साथ केंद्र सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2020 का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दे की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश


# घरेलू कनेक्शन का व्यावसायिक इस्तेमाल करते 1685 लोग पकड़े

## बिजली विभाग ने सभी लोगों पर 10 लाख का जुर्माना डाला

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** घरेलू बिजली कनेक्शन का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। दो महीने में शहर में चले अभियान में विभाग को ऐसे 1685 उपभोक्ता मिले, जिनका कनेक्शन घरेलू था, मगर उसका इस्तेमाल कामर्शियल में हो रहा था। इन उपभोक्ताओं पर 10 लाख का जुर्माना डाला गया है। जुर्माना वसूलने के लिए उपभोक्ताओं को नोटिस भेजकर जुर्माना वसूलने की तैयारी की जा रही है। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में घरेलू कनेक्शन चेक किए गए थे।

### 13 हजार उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाकर 25 सौ नए कनेक्शन जारी

दो माह में शहरी क्षेत्र में टीमों ने मीटरों की चेकिंग की, जिसमें 13 हजार उपभोक्ताओं के मकान पर लोड अधिक पाया गया। इसपर टीमों ने इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन का लोड बढ़ाया, जबकि 2500 लोगों को नए कनेक्शन जारी किए गए।

> जिन उपभोक्ताओं के घरेलू कनेक्शन पर व्यावसायिक गतिविधियां मिली थीं। टीमों ने उन कनेक्शनों को व्यावसायिक कर दिया है।
> अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अधीक्षण अभियंता

### खाली प्लॉट में स्थाई कनेक्शन देने की जांच में कर्मचारी और जेई दोषी

**बरेली, अमृत विचार :** खाली प्लॉट में स्थाई कनेक्शन देकर जेई और कर्मचारी फंस गए हैं। जांच में दोनों दोषी पाए गए हैं। अब रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों पर कार्रवाई की जाएगी। अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए थे। किला उपकेंद्र क्षेत्र में एक खाली प्लॉट में स्थाई कनेक्शन देने का मामला सामने आया था। इस मामले में जेई और एक कर्मचारी पर पैसे लेकर कनेक्शन देने का आरोप लगा। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने अधीक्षण अभियंता से मामले की रिपोर्ट तलब की थी। अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि जांच पूरी हो गई है। जांच में जेई और कर्मचारी दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गंभीर हालत में बच्चा भर्ती, जांच में निमोनिया और पीलिया से मिला ग्रसित



**बरेली, अमृत विचार :** एक श्रमिक ने गंभीर हालत में छह माह के बच्चे को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। जांच में बच्चा निमोनिया और पीलिया से ग्रसित मिला। स्टाफ ने बच्चे को हायर सेंटर रेफर किया, मगर पिता बच्चे को नहीं ले गया। यहीं बच्चे का इलाज हो रहा है। भमोरा के गांव नौरंगपुर निवासी मौजी मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि डेढ़ महीने पहले उनके बच्चे को सर्दी, खांसी समेत अन्य दिक्कतें हुईं। इसपर शाहजहांपुर और बरेली के कई निजी अस्पतालों में इलाज कराया। करीब 40 हजार रुपये खर्च हो गए मगर बच्चे की हालत नहीं सुधरी। आर्थिक तंगी के चलते तीन दिन पूर्व उन्होंने बच्चे को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। बच्चे के पिता मौजी ने बताया कि दो दिन से बच्चे की हालत में सुधार हो रहा है, समय-समय पर डॉक्टर बच्चे को देख रहें।

## नहीं हटाए जाएंगे फूड वेंडिंग जोन के दुकानदार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट के पास बने पिंक वेन्डिंग जोन से दुकानें हटा दी गईं। इससे फूड वेंडिंग जोन के दुकानदार भी परेशान हो गए। अब नगर आयुक्त ने फूड वेंडिंग जोन को वैध बताया है। शासन ने सिर्फ फूड वेन्डिंग जोन में 34 दुकानें लगाने की अनुमति थी, जबकि पिंक वेन्डिंग जोन में नगर निगम ने सिर्फ 10 दुकानों का आवंटन किया था। आवंटियों ने दुकानों का दायरा बढ़ाने के लिए पक्का निर्माण कर लिया था, जिसकी वजह से इन दुकानों को हटा दिया गया।

# जीएसटी के स्लैब घटाएं नियम और सरल बनाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। व्यापारी भी अपने मन की बात कह रहे हैं। अमृत विचार से बातचीत में व्यापारियों ने कहा कि जो भी नई सरकार बने, वह जीएसटी के स्लैब को घटाए और नियमों को और सरल बनाए, ताकि कारोबारियों को राहत मिल सके।

दरअसल, कारोबारी जीएसटी, एमएसएमई के कठिन नियमों में उलझकर रह गए हैं।



> कारोबारी आज भी जीएसटी के पुराने नोटिस समेत कई विसंगतियों से परेशान हैं। नई सरकार जो भी बने, उससे उम्मीद है कि हर माह हर ट्रेड के व्यापारियों, उद्योगपतियों के साथ बैठक करे, ताकि उनकी समस्याओं को समझ कर निर्णय लेने में आसानी हो।
> **– राहुल अग्रवाल**, व्यापारी



> आज टैक्स देने के बाद भी कारोबारी संकट में है। कपड़ा, आटा समेत अन्य वस्तुओं पर जीएसटी दरें घटना चाहिए। कारोबारी यदि परेशान है तो उसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।
> **– सचिन नरुला**, दवा व्यापारी



> जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी की दरें घटाने की लंबे समय से मांग हो रही है। केंद्र में फिर बीजेपी की सरकार आती है और अगर जीएसटी दरें घटाती है तो लोग टर्म इंश्योरेन्स, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी बड़े सम एश्योर्ड की लेना पसंद करेंगे। **–अनुज अग्रवाल**, सीईओ, बीमा घर



> व्यापारी कोरोना काल के बाद से ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियों के लिए नियम बनाने की मांग कर रहे हैं। अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। जिस किसी पार्टी की सरकार बने, वह ऑनलाइन कारोबार पर नियम बनाए।
> **–विकास अग्रवाल**, व्यापारी

## 10 खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल, 199 किलो बेसन सीज

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों ने गुरुवार को अलग-अलग स्थानों से 10 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इस दौरान बहेड़ी में 199 किलो बेसन सीज किया गया और राजेंद्र नगर में खराब तीन किलो अरारोट को नष्ट कराया गया। जिला अभिहित अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में टीमों ने बिथरी चैनपुर से नमकीन, भहुआ बाजार से खोया का, राजेन्द्र नगर से पनीर और अरारोट, कर्मचारी नगर से सरसों के तेल का, कनमन बाजार से खोया का, किराना स्टोर से बेसन का, बहेडी से छेना का, बेसन का और पापड़ का एक-एक नमूना लिया।


चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
•Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
- मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
- न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442


## डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए दस्तक देंगी 32 सौ टीमें

**बरेली, अमृत विचार :** डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए जिले में 10 से 20 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 32 सौ टीमें घर-घर दस्तक देकर अभियान चलाकर मच्छरों का लार्वा खोजेंगी और लोगों को जागरूक करेंगी। जिला टास्क फोर्स की बैठक में सीडीओ जग प्रवेश ने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस बार दस्तक अभियान में पांच दिन और बढ़ाए हैं।

## नवागत डीएमओ ने संभाला चार्ज

जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) का पद पर लंबे समय से खाली पड़ा था। अब सत्येंद्र सिंह ने कार्य भार संभाल लिया है। डीएमओ ने बताया कि इस वर्ष टीमें लार्वा खोजी अभियान के दौरान ही आभा आईडी भी बनाएंगी। मलेरिया के मरीज समेत निरोधात्मक कार्रवाई का पूरा विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। टीमें की रिपोर्ट संबंधित ब्लॉक के बीसीपीएम से रोजाना ली जाएगी। जनवरी से अब तक जिले में 15 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हुई है, इनमें सबसे अधिक छह मीरगंज ब्लॉक में सामने आए हैं।

## कुतुबखाना पुल के पिलर राम बरात की राह में बन सकते हैं परेशानी का सबब

**बरेली, अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल के पिलर इस बार रामबरात की राह में परेशानी का सबब बन सकते हैं। दरअसल, पिछले साल पुल निर्माण के चलते रामबरात का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था, लेकिन अब पुल तैयार होने और बीच राह में पिलर आने से रामबरात निकालते समय होरियारों को दिक्कत होगी। बिहारीपुर की तरफ से रंगों के ड्रमों से भरी लंबी ट्रैक्टर ट्राली आसानी से नहीं मुड़ पाएगी। पहले होरियारे कुतुबखाना से कोतवाली तक चौड़ी सड़क पर आसानी से निकलते थे, लेकिन अब पुल बनने के बाद सड़क के बीच खड़े पिलर से ट्राली निकल गई तो कोतवाली तक डिवाइडर के एक तरफ ही चल पाएगी।

ऐसे में होरियारे डिवाइडर के दूसरी तरफ ही चल पाएंगे। श्री राम लीला सभा ब्रह्मपुरी बरेली के अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि गुरुवार को राम बरात के रूट का निरीक्षण कर लिया गया है। उनका दावा है कि ट्राली को मुड़ाने में दिक्कत नहीं आएगी। कुछ काम बाकी रह गया है, उसे पूरा करा लिया जाएगा। शहर में 24 मार्च को रामबरात निकाली जाएगी।




## शहर में आज

- सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली उत्सव होटल ओबराय आनंद होटल में रात 8:30 बजे।
- महंत बाबा सागर दास संत समागम धर्म कांटा स्थित वाल्मीकि आश्रम में सुबह 11 बजे।
- बरेली बार एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह बार सभागार में 3 बजे।
- होली मिलाप कार्यक्रम होटल रेडिसन में 4 बजे।

## मौलाना तौकीर पर रासुका लगाने की मांग

**विधि संवाददाता, बरेली** : आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान के खिलाफ रासुका और गैंगस्टर लगाने की मांग का शिकायती पत्र एसएसपी को भारत हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता वीरेन्द्र पाल गुप्ता एडवोकेट ने भेजा है। शिकायती पत्र के मुताबिक शहर में 9 फरवरी को जो हिंसा और बवाल हुआ, वह मौलाना के भड़काऊ बयानों का ही परिणाम था। प्रशासन की सक्रियता के कारण दंगा होने से बच गया। धारा-144 लगी होने के बाद भी मौलाना ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए यह जानते हुए भी कि धार्मिक तकरीरों से जोश में आकर उनके समुदाय के लोग उग्र होकर दंगा फसाद कर सकते हैं बावजूद इसके भीड़ को इकट्ठा करने की योजना बनाई। इस दौरान तकरीर की और भड़काऊ पोस्टर भी बांटे गये। मौलाना ने पीएम मोदी पर भी अभद्र टिप्पणी की।

# अचानक प्रकट हुए तौकीर, बोले- 2010 का दंगा मैंने नहीं, भाजपा ने कराया था

## पुलिस कर रही थी पश्चिम बंगाल तक तलाश का दावा, मीडिया को घर पर बुलाकर की प्रेस

कार्यालय संवाददाता, बरेली


प्रेसवार्ता में बोलते मौलाना तौकीर रजा।

- **बोले- प्रधानमंत्री सबसे बड़े खलनायक, लूट रहे हैं देश के सारे संसाधन**
- **कांग्रेस से समझौता न करते केजरीवाल तो ईडी न करती गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** पुलिस के हैदराबाद से पश्चिम बंगाल तक तलाश करने के दावों के बीच शहर में हुए 2010 के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बृहस्पतिवार को अचानक प्रकट होकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डाली। मौलाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश के संसाधनों को लूटने का आरोप लगाते हुए देश का सबसे बड़ा खलनायक बताया। यह भी आरोप लगाया कि 2010 में दंगा उन्होंने नहीं बल्कि भाजपा ने कराया था।

देर शाम अचानक मीडिया वालों के पास मौलाना तौकीर की ओर से अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का बुलावा पहुंचा। हमेशा की तरह तीखे अंदाज में तौकीर ने कहा कि मौजूदा सरकार की तानाशाही का यह हाल है कि उसके खिलाफ बोलना अपराध हो गया है। दिल्ली में केजरीवाल को गिरफ्तार करना साधारण बात नहीं है। अगर पूरा विपक्ष एकजुट होता तो ऐसा नहीं हो पाता। अगर केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन नहीं किया होता तब भी वह गिरफ्तार नहीं होते।

तौकीर ने कहा कि शहर के लोगों को याद होगा कि 2010 में उनकी पार्टी से हिंदू समुदाय के काफी लोग जुड़े थे, इसी से परेशान होकर भाजपा ने दंगा कराया। अपने ही जुलूस में वह दंगा क्यों कराते। उस साल रामबरात और बारावफात का जुलूस एक दिन होने का फायदा उठाकर भाजपा दंगा कराना चाहते थे। उन्होंने अगले दिन जुलूस निकालने की पैरवी की थी। इस वजह से रामबरात के दिन मौका नहीं मिला और उन्होंने जुलूस वाले दिन दंगा कराया। असल दंगाइयों को आज तक पकड़ा ही नहीं गया। तौकीर ने कहा कि वह अगर सिर्फ मुसलमानों की बात करें तो भाजपा को दिक्कत नहीं होती। मुसलमानों के अलावा पिछड़े और दलित जैसे दूसरे वर्ग भी उनसे जुड़ रहे थे, इसलिए भाजपा को दिक्कत हुई।

**कार्यपालिका दबाव में, जज भी कर रहे हैं राजनीति :** आईएमसी प्रमुख ने कहा कि आज कार्यपालिका सरकार के काबू में है। ऐसे में न्याय पालिका से ही आखिरी उम्मीद बची है लेकिन कुछ जज भी राजनीति कर रहे हैं और इस्तीफा देकर चुनाव लड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट को ऐसे जजों पर नजर रखनी चाहिए जो किसी पार्टी को खुश करने के लिए फैसले दे रहे हैं। कितने केस हैं उनका निस्तारण नहीं हो रहा है, लेकिन 2010 के दंगा की फाइल खुलवा दी गई। तौकीर ने कहा कि वह न्याय पालिका का सम्मान करते हैं मगर सरकार अदालतों पर भी दबाव बना रही है। सुप्रीम कोर्ट को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में तौकीर ने एक न्यायिक अधिकारी की भाजपा नेताओं के साथ तस्वीर भी साझा की।

### 27 मार्च को पेश होऊंगा

तौकीर ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जो निर्देश दिया है, उसका वह पालन करेंगे और 27 मार्च को कोर्ट में पेश होंगे। तौकीर ने सफाई दी कि अगर उन्हें दंगे के केस में अदालत में तलब किए जाने की जानकारी होती तो वह पहले ही समन पर आ जाते। लेकिन वह केरल के अंदरूनी इलाके में थे। उनके खिलाफ अफवाह उड़ा दी गई कि वह खाड़ी देश भाग गए हैं जबकि उनके पास पासपोर्ट तक नहीं है।

### पुलिस के रवैये ने किया फिर हैरान

- **मौलाना तौकीर के बरेली में होने पर भी नहीं लिया कोई एक्शन**

**बरेली, अमृत विचार** : मौलाना तौकीर को दंगे का मुख्य अभियुक्त करार दिए जाने के बाद से पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अदालत की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद बृहस्पतिवार की रात मौलाना के अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह खबर पुलिस अधिकारियों तक भी पहुंची लेकिन इसके बावजूद महकमे में बेपरवाही का माहौल बना रहा।

अदालत ने पांच मार्च को मौलाना को दंगे का मुख्य अभियुक्त करार देकर पेश होने का हुक्म दिया था लेकिन पुलिस ने तौकीर को अदालत का समन ही तामील नहीं कराया। इसके बाद 11 मार्च को अदालत ने तौकीर के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया, तब भी पुलिस तौकीर की तलाश के नाम पर बहानेबाजी करती रही। अगली तारीख पर अदालत ने एसएसपी को तौकीर को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया। इसके बाद 10 टीमें बनाने और यूपी, दिल्ली, हैदराबाद से पश्चिम बंगाल तक तौकीर की तलाश करने का दावा किया गया लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

बृहस्पतिवार देर शाम तौकीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कुछ ही देर में इसकी खबर पुलिस-प्रशासन के अफसरों तक पहुंच गई लेकिन फिर भी वे बेपरवाह बने रहे। कोई तौकीर के आवास तक की तरफ नहीं गया। इंस्पेक्टर प्रेमनगर ने यह कहकर कन्नी काट ली कि तौकीर को हाईकोर्ट ने 27 मार्च तक अदालत में पेश होने की मोहलत दी है तो सीओ फर्स्ट ने तौकीर के शहर में होने की जानकारी होने से ही इन्कार कर दिया। इस बीच यह भी चर्चा होती रही कि तौकीर रजा कहीं नहीं गए थे। शहर में ही थे लेकिन पुलिस उनकी तलाश में पूरे देश में घूमती रही।

### दंगे के केस की सुनवाई अब जिला जज करेंगे

**विधि संवाददाता, बरेली** : वर्ष 2010 दंगे के मुकदमे की सुनवाई अब स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर नहीं करेंगे। जिला जज विनोद कुमार ने शाहरुख खान की ट्रांसफर अर्जी मंजूर कर ली है। अब केस की सुनवाई जिला जज की अदालत में ही होगी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुनीति कुमार पाठक ने बताया कि वर्ष 2010 में हुए दंगे में थाना प्रेमनगर में जानलेवा हमला समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। कोहाड़ापीर निवासी शाहरुख खान ने केस फाइल ट्रांसफर कराने को जिला जज की कोर्ट में 14 मार्च को अर्जी दी थी।

# आखिर पर्दाफाश, उगाही के लिए ड्यूटी छोड़कर चेकिंग कर रही ट्रैफिक पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आईजी और एसएसपी की चेकिंग में पकड़ा गया खेल, एसपी ट्रैफिक पर कड़ाई**
- **सेटेलाइट तिराहे पर थी ड्यूटी, वीरांगना चौक पर मिला टीएसआई**




**अमृत विचार** : आखिरकार अफसर जागे तो पुलिस महकमे में छाई इस अराजकता का भी खुलासा हुआ कि ट्रैफिक पुलिस के सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक की ड्यूटी शहर में जाम न लगने देने की थी लेकिन वे अपना ड्यूटी प्वाइंट छोड़कर लंबे समय से शहर के बाहरी इलाकों में उगाही कर रहे थे। उन्हें वाहनों के चालान काटने की मनाही थी, इसके बावजूद देहात से शहर आने-जाने लोगों के चालान काट रहे थे और उनसे वसूली भी कर रहे थे। उच्चाधिकारियों की सख्त नाराजगी के बाद बृहस्पतिवार को एसपी ट्रैफिक ने शहर छोड़कर बाहर चेकिंग करने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

अमृत विचार की मुहिम का बृहस्पतिवार को असर दिखाई दिया। आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान खुद ट्रैफिक पुलिस का खेल जानने के लिए निकले तो कैंट इलाके में चार पुलिसकर्मियों के साथ एक टीएसआई को बाहर से शहर में आ रहे वाहनों पर शिकारियों की तरह टूटते पाया। इस पर एसएसपी ने वहीं से एसपी ट्रैफिक को फोन कर जमकर हड़काया। इसके बाद हरकत में आए एसपी ट्रैफिक शिवराज ने वायरलेस पर अपने मातहतों को कसा। उन्होंने उच्चाधिकारियों की कड़ी आपत्ति का हवाला देते हुए कहा कि बार-बार मना करने पर भी अधिकारियों को बगैर बताए अपनी ड्यूटी छोड़कर चेकिंग की जा रही है। कुछ लोग सुधर नहीं रहे हैं। अब जिनकी जहां ड्यूटी लगी है, वे वहीं ड्यूटी करें। बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग न करें। जब चालान करने का आदेश नहीं है तो ड्यूटी प्वाइंट छोड़कर क्यों चालान के बहाने कहीं और जाया जा रहा है।

**टीएसआई और सिपाहियों से मांगा स्पष्टीकरण :** एसपी ट्रैफिक के आदेश पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने टीएसआई और उसके साथ मौजूद पुलिस कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है। आरोप है कि इन सभी का केंद्र बिंदु सेटेलाइट तिराहे पर था, लेकिन एसएसपी के शहर भ्रमण के दौरान वे सेटेलाइट तिराहे के बजाय वीरांगना चौक पर चेंकिग करते पाए गए। इस पर एसएसपी ने कड़ी आपत्ति जताई। इसे स्वेच्छाचारिता और डयूटी के प्रति लापरवाही का प्रमाण बताते हुए पांचों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**उगाही का दस्ता बनी हुई है ट्रैफिक पुलिस :** बृहस्पतिवार को घटनाक्रम से यह भी साफ हो गया कि ट्रैफिक पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय उगाही का दस्ता बनी हुई थी और उसके अधिकारी भी इसकी अनदेखी कर रहे थे। कुछ ही समय पहले इस विभाग में तैनाती के लिए कर्मचारियों की ''क्षमता'' परखी गई थी। इस परीक्षा में कामयाब हुए कई टीएसआई (ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर) को नियम-कायदों की अनदेखी कर ट्रैफिक इंस्पेक्टर का चार्ज दे दिया गया था। इस नियम की भी धज्जियां उड़ा दी गईं कि टीएसआई की तैनाती विशेष प्रशिक्षण के बाद ही की जाएगी। एडीजी ट्रैफिक की ओर से पत्र जारी कर इस पर पर नाराजगी जताई गई लेकिन बरेली में इसे भी नजरंदाज कर दिया गया।



## हर रोज पानी की बर्बादी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। जल संरक्षण के दावे किए जाते हैं, मगर असल में लोग पानी की बचत को लेकर गंभीर नहीं हैं। शहर में हर रोज ऑटो पार्ट्स और सर्विस स्टेशनों पर हजारों लीटर पानी गाड़ियां धोने में बर्बाद किया जा रहा है। चौपुला रोड पर सर्विस स्टेशनों पर ऐसे नजारे आम हैं, जबकि आंवला तहसील में कई ब्लाक डार्कजोन में हैं।

# कबाब कारीगर की हत्या करने वाले में गोल्डन बाबा और ताजिम को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रेमनगर में कबाब कारीगर नासिर हत्याकांड में गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश देवाशीष ने मयंक रस्तोगी उर्फ गोल्डन बाबा और ताजिम शम्सी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने मयंक के पिता अनिल को बरी कर दिया।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र में बीडीए ऑफिस के पास कबाब कार्नर पर आरोपियों ने कबाब को बेस्वाद बताकर कारीगर नासिर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कार्नर स्वामी अंकुर सब्बरवाल ने थाना प्रेमनगर में 4 मई 2023 को तहरीर देकर बताया था कि रात में नासिर अपने दो कारीगरों के साथ सेंटर पर काम कर रहा था। इसी दौरान उत्तराखंड नंबर की इनोवा कार से दो युवकों ने आकर कबाब का ऑर्डर दिया। दोनों नशे में थे। कबाब देने पर दोनों ने कबाब बेस्वाद बताया और गाली गलौज करने लगे। कमी पूछने और विरोध करने पर युवक ने तमंचा निकालकर नासिर के सिर में गोली मार दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने कारीगर को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना में दोनों आरोपियों का नाम प्रकाश में आने के बाद साक्ष्य एकत्रित कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किए।

### पुलिस का कभी खास मुखबिर होता था गोल्डन बाबा

बरेली, अमृत विचार : कबाब कारीगर नासिर की गोली मारकर हत्या करने वाला गोल्डन बाबा एक समय में पुलिस का खास मुखबिर हुआ करता था। उसका किला और इज्जतनगर थाने में देर रात दरबार सजता था। जहां पर वह कुछ दरोगा के साथ बैठ कर अपना हुक्म चलाता था। मयंक रस्तोगी दसों अंगुलियों में सोने की अंगूठियां, सोने की मोटी चेन के साथ सोने की घड़ी पहनता था। इसी वजह से लोग उसे मयंक की जगह गोल्डन बाबा बुलाते थे। मयंक ने अपने पिता अनिल के लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारी थी। पुलिस ने बाद में रिवाल्वर भी बरामद किया था। हैरानी की बात यह है कि सजा सुनाए जाने के बाद जब मयंक को अभियोजन कार्यालय लाया गया तो वह यहां पर बार-बार बालों पर हाथ फेरकर टशन दिखा रहा था।

## होली पर बरेली होकर गुजरेंगे तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने तीन होली स्पेशल ट्रेनों को चलाने का एलान किया है। यह ट्रेनें बरेली जंक्शन से भी होकर गुजरेगी। ट्रेन संख्या 04534 पंजाब के सरहिंद स्टेशन से जयनगर के लिए शुक्रवार को एक फेरे के लिए चलेगी। यह ट्रेन देर रात 21:15 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04533 जयनगर से 23 मार्च को 23:30 बजे चलकर बरेली जंक्शन अगले दिन रात नौ बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04538 चंडीगढ़ से शनिवार को 19:15 बजे चलकर देर रात 2:25 बजे बरेली पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04537 कटिहार से 25 मार्च को तड़के चार बजे चलकर देर रात 1:28 बजे बरेली पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04540 गुरुवार को 20:25 बजे अंबाला कैंट से चलाई गई और देर रात 2:25 बजे बरेली जंक्शन पहुंची।

# डॉक्टर दपंती से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसएसपी के आदेश पर 10 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट**
- **जानलेवा हमले के साथ बलवा, रंगदारी मांगने, मारपीट के आरोप**

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस में करोड़ों की प्रापर्टी पर कब्जे के लिए पुरी पैथोलॉजी के डॉक्टर दपंती से दबंगों ने पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 10 आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला, बलवा, रंगदारी, मारपीट समेत अभद्रता करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइंस निवासी डॉ. महिपाल सिंह पुरी के मुताबिक 28 सौ वर्ग गज जमीन पर उनका कब्जा है। जमीन की कीमत बढ़ने पर कवल नयन सिंह पुरी ने उनके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दायर किया। आठ जनवरी को कवल नयन सिंह पुरी के मुकदमों को कोर्ट ने खारिज कर दिया और जमीन पर मालिकाना हक उनका माना गया। 29 जनवरी को वह जमीन पर निर्माण करवा रहे थे। आरोप है कि कवल नयन सिंह पुरी ने तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ मौके पर पहुंच कर काम रुकवा दिया। उन्होंने डॉ. हरमीत पुरी का हाथ पकड़कर अभद्रता की। जब वह बचाने पहुंचे तो राजकरण पुरी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। आरोप है कि विरोध करने पर कांटेदार डंडे से हमला करते हुए धमकी दी कि जमीन चाहते हो तो पांच करोड़ रुपये दो नहीं तो निर्माण नहीं होने देंगे और पूरे परिवार को जान से मार देंगे। आरोपी उन्हें अमन पाल के इशारे पर धमका रहे हैं। डॉ. हरमीत पुरी ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस को गुमराह कर महिपाल पुरी के खिलाफ पांच से ज्यादा झूठे मुकदमे दर्ज करवा दिए। डॉ. महिपाल ने 15 मई 2023 को घटना की शिकायत की और मेडिकल भी कराया गया लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। छह फरवरी 2023 को डॉ. महिपाल अपनी पत्नी के साथ जमीन पर निर्माण करवाने गए तो हरविन्द्र पुरी जमीन के गेट के सामने लेट गईं। बोली काम कराना है तो मेरे ऊपर बुल्डोजर चढ़ा दो। इसके बाद 12 फरवरी को डॉ. महिला के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। महिपाल सिंह की ओर से कोतवाली में दिल्ली में ग्रेटर कैलाश की रहने वाली हरविंदर पुरी, पति कवल नयन सिंह पुरी, पुत्र राजकरन पुरी, कृतिका पाल, अमनपाल समेत पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# महानगर और कुतुबखाना क्षेत्र में घंटों गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मरम्मत कार्य की वजह से कांधरपुर उपकेंद्र पर सात घंटे कटौती**

**अमृत विचार :** शहर में मरम्मत कार्य की वजह से रोजाना बिजली कटौती की जा रही है। गुरुवार को महानगर और कुतुबखाना उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। इसके अलावा कांधरपुर में भी करीब सात घंटे बिजली गुल रही।

कुतुबखाना उपकेंद्र में मरम्मत कार्य और स्मार्ट सिटी के कामों की वजह से शटडाउन लिया गया। इसकी वजह से सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कोहाड़ापीर, मोतीपार्क, आलमगीरीगंज, सरायखाम फीडर क्षेत्र के आलमगीरीगंज, कोहाड़ापीर, कटरा मानराय, गंदा नाला, बड़ा बाजार, आर्यसमाज गली, रोडवेज, आजमनगर, ख्वाजा कुतुब, आला हजरत दरगाह, बांसमंडी और नैनीताल रोड की बिजली गुल रही। इसके अलावा महानगर सब स्टेशन के फीडर पार्ट 2 पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से शाम 4 बजे तक, शहीद भगत सिंह, बनखंडी नाथ, रामगंगानगर फीडर की सुबह 10 से 4 बजे तक, जगतपुर में मीरा की पैठ, रोहली टोला में सुबह 10 से शाम 4 तक बिजली गुल रही।

# जेल के अस्पताल में बंदियों के आराम फरमाने की होगी जांच

- **सीएमओ ने दो सदस्यीय टीम बनाकर जांच करने के दिए निर्देश**

**बरेली, अमृत विचार :** जिला जेल (सेंट्रल जेल-2) के अस्पताल में बंदियों के आराम फरमाने के मामले में सीएमओ ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम बनाई है। इस मामले में अस्पताल में तैनात दोनों डॉक्टरों को पहले ही हटा दिया गया। जेल में आराम फरमाने वाले बंदियों को एंटी करप्शन ने गिरफ्तार कर भेजा था। इससे पहले सेंट्रल जेल एक से सुपारी किलर आसिफ का वीडियो वायरल हुआ था। इसकी अभी जांच चल रही है।

जिला जेल में जिला जज के साथ औचक निरीक्षण करने पहुंचे एडीएम और एसपी सिटी को अस्पताल कुछ बंदी आराम फरमाते हुए मिले। अधिकारियों ने बंदियों के उपचार के पर्चे देखे तो तीन बंदियों का कोई उपचार ही नहीं हो रहा था। इस पर दोनों डाक्टरों शशांक और शील को तलब किया गया। दोनों के शराब के नशे में होने के अंदेशे पर मेडिकल के लिए भेज दिया गया और सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को दोनों डाक्टरों को हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों के निर्देश पर सीएमओ ने दोनों डाक्टरों को हटा दिया। अब किस उद्देश्य से अस्पताल में बंदियों को यह सुविधा दी जा रही थी, इसकी जांच की जाएगी। इस मामले में जेल अधिकारियों का कहना है कि जेल में बंद बंदियों को कोई दिक्कत होने पर जेल के अस्पताल में ही बंदियों के उपचार की सुविधा है।

> जेल में डॉक्टरों की लापरवाही का मामला उजागर होने के बाद जांच के लिए दो वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गई है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों डॉक्टरों को हटा दिया गया है।
> – डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

## होली पर आज से अतिरिक्त बसें चलाएगा रोडवेज

**बरेली, अमृत विचार :** होली पर परिवहन निगम शुक्रवार से रोडवेज की अतिरिक्त बसें चलाएगा। यह बसें एक अप्रैल तक चलेंगी। इसके अलावा अनुपस्थित रोडवेज के चालक और परिचालकों को पुलिस की मदद से नोटिस भेजकर काम पर आने के लिए कहा जाएगा।

बरेली दिल्ली मार्ग पर मौजूदा समय में 288 बसें चल रही हैं लेकिन होली की वजह से 380 बसें चलाई जाएंगी। इसके अलावा बरेली आगरा मार्ग पर 50 की जगह 60, टनकपुर, हल्द्वानी, कानपुर, लखनऊ मार्ग पर 85 की जगह 110 बसें चलाई जाएंगी।

# करेली गांव में श्मशान भूमि गए युवक की सांड़ के हमले में मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने समेत शरीर पर अन्य चोटों के आए निशान**

**अमृत विचार :** सुभाषनगर के करेली गांव में श्मशान भूमि के पास सांड़ के हमले में युवक की मौत हो गई। युवक का शव गुरुवार सुबह श्मशान भूमि के पास पड़ा मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने के अलावा शरीर में कई जगह चोटों के निशान पाए गए हैं।

करेली निवासी बाबूराम ने बताया कि बुधवार शाम को उनका भाई लालता प्रसाद (40) घर से बाहर गया था। काफी तलाशने पर भी वह नीं मिला। गुरुवार सुबह कुछ लोगों ने उनकी मां कमला देवी को बताया कि श्मशान भूमि के पास एक शव खून से लथपथ पड़ा है। वहां जाने पर उन्होंने लाला प्रसाद की शिनाख्त की। परिजनों ने किसी से भी रंजिश होने से इन्कार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि लालता प्रसाद पर सांड ने हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। बाबूराम ने बताया कि लालता प्रसाद खेती करते थे। आठ वर्ष पहले उनका तलाक हो गया था। इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय ने बताया कि लालता प्रसाद पर सांड ने हमला किया जिससे उसकी जान चली गई।

### किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष पर गाय ने किया हमला

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : गांव मनकरी में फसल की रखवाली कर रहे किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चौधरी सुधीर कुमार बालियान पर छुट्टा गाय ने हमला कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे किसानों ने उन्हें बचाया और इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। किसानों ने स्थानीय प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की।

## ... तो सांड़ों के शहर में आपका स्वागत है




करीब दस मिनट तक सड़क पर थमा रहा ट्रैफिक। ● अमृत विचार


राजेंद्रनगर के शिवाजी चौक पर सांड़ों के बीच खतरनाक जंग। ● अमृत विचार

गुरुवार को दोपहर में राजेन्द्रनगर में शिवाजी चौक पर सांड बीच चौराहा पर खड़े हो गए। आने जाने वालों पर हमला करने लगे। कुछ देर में दो सांडों के बीच लड़ाई शुरू हो गई। इससे आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। ● उमेश शर्मा

# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Growth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolactin Hormone
- Suger/• B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic

Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली

9837057107
9837343729

Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com

Google Maps

FOLLOW US :


## परीक्षा के दौरान होली का हुड़दंग, प्राचार्य से नोकझोंक

### बरेली कॉलेज में तेज आवाज में छात्रों ने कार में बजाए गाने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में गुरुवार को परीक्षा के दौरान दिन भर जमकर होली का हुड़दंग मचाया गया। परीक्षा कंट्रोल रूम के पास कार में तेज आवाज में गाने बजाए गए। मना करने पर प्राचार्य प्रो. ओपी राय और चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उलझ गए।

बरेली कॉलेज में गुरुवार सुबह से ही छात्र-छात्राएं होली खेलते नजर आए। परीक्षा की वजह से प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम छात्रों को कॉलेज से बाहर करती रही। दोपहर के वक्त परीक्षा कंट्रोल रूम के पास एक कार में तेज आवाज में गाने बज रहे थे। इसके अलावा कुछ छात्र रंग खेलकर हुड़दंग मचा रहे थे। तेज आवाज में गाने वजने की शिकायत प्राचार्य से की गई। प्राचार्य मौके पर पहुंचे तो कार वाले वहां से भाग गए। वहां पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे। प्राचार्य ने तेज आवाज में गाना बजाने पर फटकार लगाई तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्राचार्य से उलझ गए। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर भी शिक्षकों के साथ पहुंच गए। विद्यार्थी परिषद का कहना था कि उन्हें छात्रों ने रंग लगा दिया। कार में हुड़दंग करने वाले दूसरे छात्र थे। काफी देर की नोकझोंक के बाद सभी को वहां से हटाया गया। विद्यार्थी परिषद के श्रेयांश वाजपेई ने कहा कि हंगामा दूसरे छात्रों ने किया।



बरेली कॉलेज में रंग खेलकर हुड़दंग मचाते छात्र। ● अमृत विचार



प्राचार्य से उलझते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।



कार में गाने बजाते छात्र।

## बाहरी मरीज जिला अस्पताल में लगवा रहे फैक्टर इंजेक्शन

**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली, लखनऊ जैसे शहरों से हीमोफीलिया से ग्रसित मरीज जिला अस्पताल में फैक्टर इंजेक्शन लगवाने आ रहे हैं। दरअसल, यहां आसानी से इंजेक्शन उपलब्ध हो रहा है और कोई शुल्क भी नहीं लिया जा रहा है। घंटों लाइन में भी नहीं लगना पड़ रहा है। यही वजह है कि दूसरे शहरों के मरीज आ रहे हैं।

जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को बताया कि लखनऊ और दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में फैक्टर इंजेक्शन की उपलब्धता तो बनी रहती है, लेकिन वहां सुबह से लेकर शाम तक मरीजों को लाइन में लगना पड़ता है। वहीं, कुछ सरकारी शुल्क भी लिया जाता है लेकिन यहां पर्चा दिखाने पर इंजेक्शन मिल रहा है। कोई शुल्क भी नहीं लिया जाता है। हीमोफीलिया के मरीजों के लिए फैक्टर देना अनिवार्य है। मरीज कहीं से भी आए उसे परेशानी नहीं होनी चाहिए।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


## होली से पहले आरपीएफ और जीआरपी सतर्क

**बरेली, अमृत विचार :** होली से पहले आरपीएफ और जीआरपी सतर्क हो गई है और जहरखुरानी गिरोह पर नजर रखी जा रही है। गुरुवार को दोनों की टीमों ने जंक्शन प्लेटफार्म, आरक्षण कार्यालय, वेटिंग हॉल, पार्सल कार्यालय आदि में चेकिंग की। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## सकलैन मियां के छमाही उर्स की महफिल में उमड़े अकीदतमंद

**बरेली, अमृत विचार :** छमाही उर्से शराफती और उर्से सकलैनी के दूसरे दिन की शुरुआत सुबह कुरानख्वानी से हुई। कुरान मुकम्मल होने पर महफिल आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

हजरत शाह शराफत अली मियां का 57 वां और हजरत सकलैन मियां का पहला छमाही उर्स हो रहा है। खानकाह पर आने वाले जायरीन ने सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां से मुलाकात कर खुसूसी दुआ करवाई। अस्र की नमाज के बाद फातिहा ख्वानी हुई, जिसमें अकीदतमंदों ने शिरकत की। खानकाह मेहमानखाने में सामूहिक रोजा इफ्तार कराया गया। मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी, मजहर सकलैनी, जियाउद्दीन सकलैनी, अशफाक सकलैनी, सरताज सकलैनी, रफी सकलैनी, मोहम्मद अली सकलैनी, अरशद सकलैनी, मोहम्मद मियां सकलैनी, मुश्ताक सकलैनी, इमरान सकलैनी आदि मौजूद रहे। गुरुवार को खानकाह पर कुरान मुकम्मल हाफिज गयासुउद्दीन सकलैनी मुरादाबादी ने सुनाया। कुरान मुकम्मल होने पर महफिल आयोजित हुई, जिसमें गाजी मियां ने फातिहा कर हाफिज गयासुउद्दीन की दस्तारबंदी की। हाफिज गुलाम गौस, हाफिज नफीस सकलैनी, मौलाना रुम्मान सकलैनी, हाफिज जाने आलम सकलैनी, मुर्तुजा सकलैनी, हमजा सकलैनी, उस्मान सकलैनी मौजूद रहे। शुक्रवार को शाम 5:30 बजे कुल की रस्म अदा की जाएगी।

## रमजान : दूसरे आशूरे की आज से होगी शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** पवित्र रमजान का महीना चल रहा है, गुरुवार को रमजान के दस रोजे पूरे हो गए। इसी के साथ पहला आशूरा समाप्त हो गया। शुक्रवार से दूसरे आशूरे की शुरुआत होगी। वहीं, मस्जिदों में भी तरावीह की नमाज में मुकम्मल कुरान का सिलसिला जारी है। दरअसल, रमजान के महीने को 10-10 दिन के तीन आशूरों में बांटा गया है। मुफ्ती सलीम नूरी ने बताया कि शुक्रवार से रमजान का दूसरा आशूरा यानी मगफिरत का आशूरा शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो रमजान का हर आशूरा फजीलत भरा है, मगर अंतिम आशूरा जहन्नुम से आजादी के लिए खास होता है।


जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श नि:शुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


## वार्ड ब्वॉय को गोली मारने वाला गिरफ्तार, भेजा जेल

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी में वार्ड ब्वॉय को गोली मारने के आरोपी शिब्बू गुप्ता को पुलिस ने सेटेलाइट बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। वह शाहजहांपुर भागने की फिराक में था।



आरोपी शिब्बू गुप्ता।

पुलिस के अनुसार कटरा चांद खां निवासी शिब्बू गुप्ता और हाफिजगंज के गांव काशी धर्मपुर निवासी विकास शर्मा के लेनदेन का विवाद था। विकास शर्मा मीरा की पैठ मोहल्ले में दंत चिकित्सक के यहां वार्ड ब्वॉय है। मंगलवार रात शिब्बू और उसके साथी ने विकास शर्मा के सीने में गोली मार दी थी। बुधवार देर रात शिब्बू शाहजहांपुर भागने की फिराक में सेटेलाइट बस अड्डे पर खड़ा था। इसी दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 315 बोर तमंचा और खोखा बरामद हुआ है। पुलिस उसके साथी को तलाश कर रही है।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN | LUPIN | Pfizer | pil Psychotropics India Limited | MACLEODS | Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com


## गैंगस्टर लल्ला गद्दी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** गैंगस्टर मामले में सरेंडर कर जेल गए बारादरी चक महमूद निवासी मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी की जमानत अर्जी स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट राकेश त्रिपाठी ने खारिज कर दी। सरकारी वकील अचल सक्सेना ने बताया कि आरोपी लल्ला गद्दी के खिलाफ बिथरी चैनपुर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। उन्होंने तर्क दिया कि आरोपी का गंभीर आपराधिक इतिहास है और जमानत पर छूटने पर दोबारा अपराध कर सकता है। अतीक के भाई अशरफ से मुलाकात मामले में लल्ला गद्दी पर गंभीर आरोप है।

## फूलों की होली खेलकर लिया विकास का संकल्प



**बरेली, अमृत विचार :** होटेलियर वेलफेयर एसोसिएशन ने गुरुवार को होली मिलन कार्यक्रम गुरुवार को पीलीभीत रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया। मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र कश्यप, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि एलएलसी कुंवर महाराज सिंह, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारीलाल, डॉ. डीसी वर्मा रहे। इस मौके पर डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में विकास के लिए काम करने का संकल्प दोहराया। इसके बाद फूलों की होली खेलकर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। अध्यक्षता संदीप टंडन और रमन राजपाल ने की। अध्यक्ष अनुराग सक्सेना, सतीश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, सतवंत सिंह, निखिल थापर, सतवंत सिंह, शुजा खान, अमित, ममता गंगवार, पुनीत सक्सेना, अंकुर विग, विक्की छावड़ा, रविन्द्र यादव, जीतेश गुप्ता, जीएस बिंद्रा, पीयूष अग्रवाल, राज शेखर, अनुपम कपूर, अंकुर, भूपेंद्र, अभिषेक द्विवेदी, गोपाल प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## पांच व्यापारियों को मिला बेकमा रत्न सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इलेक्ट्रिकल कांट्रेक्टर मर्चेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने गुरुवार को पीलीभीत रोड स्थित एक बरातघर में होली महोत्सव एवं बेकमा रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें विद्युत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए व्यापारी सुबोध अग्रवाल, मीनाक्षी कपूर, अनुपम खंडेलवाल, रमेश बग्गा, भगवान दास को बैकमा रत्न से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व्यापारी नेता राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हमारे कारोबार में भी विभिन्न रंग हैं, जो हमें आगे बढ़ाकर ऊंचाइयों पर पहुंचने का काम करते हैं। राजन गुप्ता ने बैकमा के सभी सदस्यों को मतदान की शपथ दिलाई। अध्यक्ष गुरु भूषण बग्गा ने कहा कि गोल्डन जुबली वर्ष के समापन पर दिसंबर में विद्युत मेला लगेगा। राजीव कथूरिया, शरद सिंगल, प्रवीण जायसवाल, पवन चांदना, रविंद्र यादव, अरुण भसीन, वीरेश यादव, मुदित अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## पूर्वोत्तर रेलवे शून्य रेल दुर्घटनाओं के लिए प्रयत्नशील



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के संरक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को मेगा संरक्षा सेमिनार का आयोजन हुआ। इज्जतनगर स्थित रेलवे अधिकारी क्लब सभागार में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा ने कहा कि संरक्षित ट्रेन संचलन में पूर्वोत्तर रेलवे शून्य रेल दुर्घटनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील है। इससे पहले मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने कहा कि इज्जतनगर मंडल में रेल दुर्घटनाओं के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अमल में लाई गई है। सभी रेल कर्मचारियों की भागीदारी रेल संरक्षा सुनिश्चित करने में जरूरी है। संरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। सेमिनार में मंडल के विभिन्न स्टेशनों, विभागों के रेल परिचालन से जुड़े पर्यवेक्षकों एवं रेल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे आलोक कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जीवाणु एवं कवक विज्ञान विभाग में कार्यशाला संपन्न



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के जीवाणु एवं कवक विज्ञान विभाग में चल रही कार्यशाला गुरुवार को संपन्न हो गई। इस दौरान डॉ. पी दंडपत ने छात्रों से भविष्य के शोध तकनीकों को दोहराने को कहा, जिससे प्रशिक्षण का उद्देश्य पूरा हो सके। पाठ्यक्रम निदेशक डॉ अभिषेक ने कार्यशाला के बारे में बताया। तीन व्याख्यान विदेशी विशेषज्ञों ने ऑनलाइन माध्यम से दिए। डॉ. आर.के. अग्रवाल, डॉ अमित कुमार, डॉ मुथु शंकर, डॉ प्रसाद थॉमस, डॉ हिमानी धांजे आदि मौजूद रहे। कार्यशाला में 10 राज्यों से विभिन्न विषयों में मास्टर और डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने वाले प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

## मस्जिद एक मीनार में कुरान मुकम्मल का जश्न मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** सिटी सब्जी मंडी स्थित मस्जिद एक मीनार में 10 रमजानुल मुबारक के मौके पर नमाजे तरावीह में कुरआन मुकम्मल हुआ। तरावीह की नमाज में हाफिज मोहम्मद इमरान रजा ने कुरान शरीफ मुकम्मल कराया। इमाम मौलाना सैफुल इस्लाम ने रमजान की फजीलत को बयां किया। महफिल में आए लोगों के लिए दुआ की। मुफ्ती आफाक रजा मुख्य अतिथि रहे। मुतावल्ली हाजी असद यार खान, सदस्य अफजल बेग, पम्मी वारसी, अफरोज यार खां, फिरोज यार खां, फरहत यार खां, शबाब बेग, अरवाज जमीर, अमन वारसी, अजीम यार खां, कमाल वारसी आदि मौजूद रहे।

## घर से गाजियाबाद के लिए निकली किशोरी पहुंची बरेली

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन आरपीएफ ने सुहेलदेव एक्सप्रेस से एक किशोरी को बरामद किया। किशोरी गलत ट्रेन में बैठने की वजह से बरेली पहुंच गई। उसे बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया, जहां से उसे वन स्टॉप सखी सेंटर में भेजा गया। आरपीएफ को सूचना मिली थी कि ट्रेन संख्या 22419 सुहेलदेव एक्सप्रेस में टीटीई ने एक लड़की बिना टिकट पकड़ा है। ट्रेन के बरेली जंक्शन पहुंचने पर आरपीएफ ने लड़की को ट्रेन से उतारा और उसे रेलवे चाइल्ड लाइन हेल्प डेस्क के सुपुर्द किया। हेल्प डेस्क के प्रोजेक्ट कोओर्डिनेटर सौरभ गंगवार ने बताया कि 14 वर्षीय किशोरी का परिवार फरीदाबाद में रहता है। परिवार मूलरूप से कन्नौज का रहने वाला है। किशोरी परिजनों को बिना बताए फरीदाबाद से गाजियाबाद अपने किसी दोस्त से मिलने गई थी, लेकिन गाजियाबाद से वापस आते समय गलत ट्रेन में बैठ गई।

## रास्ते के विवाद में युवक पर किया जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना में बिधौलिया निवासी महविश ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 13 मार्च को जेठ नफीस, भांजा अनवर, ननद रेशमा, रुखसार और गुलजार उसके घर में लाठी डंडे और बल्ली लेकर घुस आए और गालीगलौज की। विरोध करने पर नफीस ने डंडा मारकर उसका हाथ तोड़ दिया।

## छप्पर में आग लगने से महिला जली

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव बंडिया में छप्पर में आग लगने से एक महिला झुलस गई। परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। धन सिंह ने बताया कि घर के बाहर छप्पर पड़ा है। छप्पर के पीछे बने कमरे में उनके बेटे की पत्नी पूजा रहती है। बुधवार देर रात अचानक छप्पर में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर पूजा 70 प्रतिशत झुलस गई। पूजा के पति जय प्रकाश प्राइवेट नौकरी करते हैं। पूजा के तीन बच्चे हैं।

## आरपीएफ ने सात अवैध वेंडर पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** होली करीब आते ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के साथ अवैध वेंडर भी सक्रिय हो गए हैं। आरपीएफ ने गुरुवार को कामाख्या एक्सप्रेस से सात अवैध वेंडरों को पकड़ा। रेलवे एक्ट में कार्रवाई कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। एएसआई विपिन कुमार ने स्टाफ के साथ चेकिंग की।

## ट्रेन के महिला कोचों में चढ़े पुरुष यात्रियों को उतारा



**बरेली, अमृत विचार :** होली में ट्रेनों में जगह न मिलने पर पुरुष यात्री महिला कोचों में भी चढ़ जा रहे हैं। गुरुवार को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के महिला कोचों में पुरुष यात्रियों के चढ़े होने की सूचना आरपीएफ और जीआरपी को मिली। इस पर टीमों ने ट्रेन के बरेली जंक्शन पर पहुंचने पर पुरुष यात्रियों को महिला कोच से नीचे उतारा।

# अब तक 50 फार्म बिना शुल्क जमा करने की पुष्टि

- बरेली कॉलेज में जांच शुरू होने के बाद करीब तीन सौ छात्रों ने जमा किया अग्रसारण शुल्क

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में बिना अग्रसारण शुल्क परीक्षा फार्म जमा करने में गड़बड़ी की जांच लगभग 70 प्रतिशत पूरी कर ली गई है। अब तक करीब 50 फार्मों की गड़बड़ी पकड़ी जा चुकी है। इसके अलावा जांच शुरू होने के बाद से 4 मार्च के बाद करीब तीन सौ फार्मों का अग्रसारण शुल्क जमा किया गया है। गुरुवार को भी करीब 50 फार्म जमा कर शुल्क जमा किया गया। इसमें छात्रों ने अलग-अलग बहाने बताए हैं। जांच समिति ने गुरुवार को इस संबंध में बैठक की। समिति जल्द ही मामले में रिपोर्ट सौंपेगी।

बता दें 4 मार्च को बरेली कॉलेज में छात्र नितिन को फार्म अग्रसारण की फर्जी रसीद से फार्म जमा करते पकड़ा गया था। उसने एक छात्र नेता का नाम भी बताया था। उस दौरान उसने 10 से 12 फार्म जमा करने की बात कबूली थी। उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने प्रो. रीना अग्रवाल के नेतृत्व में बनी समिति को जांच सौंपी थी। समिति ने कॉलेज में जमा फार्म और विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सत्यापित फार्मों की सूची का मिलान किया तो अब तक करीब 50 फार्मों में गड़बड़ी का खेल पकड़ा गया है। इसके अलावा सामने आया है कि 4 मार्च के बाद लगातार छात्र फार्म जमा करने पहुंचे और फॉरवर्डिंग शुल्क भी जमा किया।

कई छात्रों ने कहा कि वह शुल्क जमा करना भूल गए थे तो किसी ने घर दूर होने की बात कही। इस दौरान छात्रों ने कुछ छात्रों के भी नाम बताए। जिन छात्रों ने शुल्क जमा किया, उन्हें कहीं न कहीं डर था कि उनकी परीक्षा ही न निरस्त हो जाए।

### कई छात्रों ने फोन ही नहीं उठाया

जांच समिति ने जब बिना शुल्क जमा फार्मों की जांच की तो कई में मोबाइल नंबर ही नहीं पड़ा था तो कई में गलत पड़ा था। इसके अलावा कई छात्रों ने फोन ही नहीं उठाया। इसके अलावा विश्वविद्यालय की वेबसाइट भी बंद हो गई और डाटा भी नहीं दिया गया।

# आरटीई: जिले में 1141 निरस्त आवेदनों की जांच की जाएगी

## 4519 आवेदनों में 1009 बीईओ और 152 बीएसए ने किए निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आवेदन फार्म निरस्त करने की तमाम शिकायतों पर शासन ने जांच के निर्देश दिए हैं। शासन ने निरस्त आवेदनों की कारण सहित खंड शिक्षा अधिकारियों से सूची मांगी है। जिले में प्रथम चरण के तहत 4519 आवेदन में से 1141 को निरस्त कर दिया गया। वर्तमान में 1784 विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में प्री-प्राइमरी और कक्षा एक में प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया चल रही है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार सबसे अधिक आवेदन नगर निगम और क्यारा ब्लॉक क्षेत्र से निरस्त किए गए। नगर निगम के तहत 3040 आवेदनों में से खंड शिक्षा अधिकारी ने 2493 आवेदन स्वीकृत और 547 निरस्त किए और क्यारा ब्लॉक में 279 आवेदनों में से 173 स्वीकृत और 106 निरस्त किए गए। इसके अलावा मझगवां में 18 आवेदनों में से सिर्फ एक आवेदक को स्वीकृति मिली और 17 निरस्त कर दिए गए। बीएसए को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर आवेदनों में खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) ने आवेदक के कागजात पठनीय नहीं के कारण बताए। इसके अलावा वार्ड निवासी ने दूसरे वार्ड के स्कूलों में आवेदन किए। आवेदन निरस्त करने की 50 से अधिक शिकायतें बीएसए कार्यालय में की गईं। इनमें आवेदकों ने आरोप लगाए कि आवेदन फार्म और कागजात सही होने के बावजूद आवेदन निरस्त किए गए। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि महानिदेशक ने आदेश दिया है कि अगर आवेदनों को बिना निरस्त किया गया है, तो संबंधित बीईओ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। विभाग की ओर से आरटीई के तहत प्रवेश दे रहे निजी स्कूलों को शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए अभी धनराशि भेजने का काम किया जा रहा है। इसके लिए 25 मार्च अंतिम तिथि दी गई है।

### खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निरस्त आवेदन

| ब्लॉक | आवेदन | स्वीकृत | निरस्त |
|---|---|---|---|
| क्यारा | 279 | 173 | 106 |
| भोजीपुरा | 403 | 329 | 74 |
| बहेड़ी | 22 | 10 | 12 |
| शेरगढ़ | 10 | 4 | 6 |
| दमखोदा | 30 | 20 | 10 |
| फरीदपुर | 9 | 3 | 6 |
| भुता | 26 | 13 | 13 |
| नबावगंज | 27 | 9 | 18 |
| भदपुरा | 60 | 60 | 0 |
| फतेहगंज पश्चिमी | 12 | 3 | 9 |
| आलमपुर जाफराबाद | 12 | 6 | 6 |
| मझगवां | 18 | 1 | 17 |
| रामनगर | 22 | 14 | 8 |
| नगर निगम | 3040 | 2493 | 547 |

### मूल्यांकन केंद्रों से समय से पहले जा रहे शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान शिक्षक समय से पहले ही चले जा रहे हैं। अब शिक्षकों को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक छह घंटे तक ड्यूटी करनी ही होगी। डीआईओएस देवकी सिंह ने इस संबंध में सभी चार केंद्रों के उप नियंत्रक को पत्र जारी कर आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि मूल्यांकन केंद्रों के मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया जाए। पिछले दिनों डीआईओएस ने निरीक्षण में पाया गया था कि निर्धारित समय से पहले परीक्षक मूल्यांकन केंद्र से चले जा रहे हैं, इससे मूल्यांकन भी प्रभावित हो रहा है। डीआईओएस ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण 28 मार्च से प्रस्तावित है। ऐसे में मूल्यांकन कार्य समय से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### दो दिन में मूल्यांकन खत्म करेगा विभाग

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की वजह से यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन तेज कर दिया गया है। शिक्षकों को दो दिन में मूल्यांकन पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को चार मूल्यांकन केंद्रों पर 1,30,258 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। अब तक 5,82,405 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है और सिर्फ 99,285 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष रह गया। गुरुवार को 3051 परीक्षकों की तैनाती के सापेक्ष 2117 परीक्षक मूल्यांकन में उपस्थित रहे। अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# समय पर जांच कराने से कैंसर के खतरे को किया जा सकता है कम



कार्यक्रम में मौजूद बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल। ● अमृत विचार

- मुंह के कैंसर की प्रारंभिक पहचान एवं रोकथाम पर व्याख्यान, विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी
- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस के पीरियोडोंटिक्स विभाग ने कार्यक्रम आयोजित किया

**बरेली, अमृत विचार :** वर्ल्ड ओरल हेल्थ के उपलक्ष्य में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस के पीरियोडोंटिक्स विभाग ने कॉलेज परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मुंह के कैंसर की प्रारंभिक पहचान एवं रोकथाम पर व्याख्यान हुआ। विशेषज्ञों ने कैंसर के लक्षणों की पहचान, रोकथाम एवं इलाज के उपायों पर चर्चा की। साथ ही महिलाओं के सशक्तीकरण का भी संदेश दिया।

मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल रहे। अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने की। इस दौरान रेडियोथेरेपिस्ट डॉ. रश्मि शुक्ला ने कैंसर की प्रारंभिक पहचान के महत्व पर प्रकाश डाला।

वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कैंसर के उपचार को लेकर विस्तृत जानकारी दी। महिला सशक्तीकरण पर व्याख्यान डॉ. सुमन यादव ने दिया। मुख्य समन्वयक डॉ. रिका सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। बताया गया कि समय पर जांच कराने से काफी हद तक कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। संचालन प्रशासनिक अधिकारी सीएस कांडपाल ने किया। डॉ. मानवी अग्रवाल, डॉ. जयश्री गर्ग, डॉ. प्रेरणा अग्रवाल, डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. अशुतोष अग्रवाल, डॉ. गीतिका कुमार आदि मौजूद रहे।




अबकी बार आपका सांसद, इस बार वोट करो अपने आपको
WASEEM MIAN
बरेली सांसद उम्मीदवार
WhatsApp 969 0 12345 0


### एक दूसरे को गुलाल लगाकर खेली होली



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय योग शिक्षण संस्थान ने गुरुवार को गांधी उद्यान में योग के साथ होली महोत्सव आयोजित किया। इस दौरान सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. एसी सक्सेना, हरिओम अग्रवाल, अनुपम लखानी, कविता, सीमा, सुषमा, मीना, बबिता, रीता, शिल्पी मौजूद रहीं।

### स्वयंसेवक बस्तियों में जाकर लोगों के साथ होली मनाएं



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केशव कृपा स्थित कार्यालय पर गुरुवार को होली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। इस मौके पर संघ के ब्रज प्रांत के प्रचारक धर्मेंद्र ने कहा कि होली सामाजिक समरसता का पर्व है। सभी लोग प्रेमभाव के साथ इस पर्व को मिलजुल कर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों का यह दायित्व है कि वे आसपास की सेवा बस्तियों में जाएं और वहां रह रहे लोगों के साथ होली का त्योहार मनाएं। यदि किसी प्रकार का अभाव है तो अपनी सामर्थ्य के अनुसार उसे दूर करें। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत ने कहा कि पर्वों को पूरे प्रेम, हर्षोल्लास और परंपरागत ढंग से मनाना चाहिए। महानगर प्रचारक मयंक साधु, विशेष कुमार, आलोक प्रकाश, विवेक कुमार, अजय कुमार पाठक, डॉ. विनोद पगरानी, पवन अरोड़ा आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. विमल कुमार ने किया।

### विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर केशलता इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में गुरुवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की सचिव डॉ. लता अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा ने ऑप्टोमेट्री लैब में दीप प्रज्ज्वलित कर की। प्रतियोगिता और कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को आंखों से संबंधित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। पोस्टर में शगुन मिश्रा ने प्रथम, जितेंद्र ने द्वितीय और दीपिका राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण में सुरजेश प्रथम, मोहम्मद राजिक द्वितीय और कंचन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी में कंचन कुमार, अनुराग राठौर प्रथम, विक्की कुमार, मोहम्मद राजिक द्वितीय, दीपिका राजपूत और रोहित कुमार तीसरे स्थान पर रहे। संस्थान के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल, सचिव डॉ. लता अग्रवाल और वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्णायक की भूमिका फार्मेसी विभाग की असिस्टेंट प्रो. सृष्टि कटियार और सुगंधा सिंह ने निभाई। प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र खंडेलवाल, साइंस के प्रवक्ता कमलेश कुमार, तनु गुप्ता, शिवानी गुप्ता, वर्षा सैनी, सौम्या अग्रवाल, जगमोहन गंगवार अनिल सिंह, अमित कुमार, हरि गोविंद आदि मौजूद रहे।

### फूलों संग होली खेल मनाया फाग महोत्सव



**बरेली, अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी ने गुरुवार को श्रीकृष्णलीला स्थल पर फूलों की होली खेलकर फाग महोत्सव मनाया। इस दौरान भंजन संध्या भी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत निष्काम कीर्तन मंडल की भजन संध्या से हुई। भक्त होली के भजनों पर ताली बजाकर झूमते रहे। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। राधा कृष्ण के स्वरूप ने मंच पर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल रहे। बृज क्षेत्र भाजपा के सह मीडिया प्रभारी मनीष अग्रवाल, संरक्षक एड. अजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल, महामंत्री एड. दिनेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, एड. हर्ष कुमार अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शोभित गोयल, अरविंद अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, एड. अनुपम अग्रवाल, डा. नीरू अग्रवाल मौजूद रहे।

### रामलीला : ताड़का- सुबाहु वध का मंचन किया

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीरामलीला सभा की ओर से बमनपुरी में चल रही रामलीला में गुरुवार को कलाकारों ने ताड़का-सुबाहु वध का मंचन किया। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा, महेश पंडित, सत्येंद्र पांडेय, पंकज मिश्रा, गौरव सक्सेना, अंशु सक्सेना, राजू मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, विवेक शर्मा, नवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।



### फाग महोत्सव में खेली गुलाल और फूलों की होली

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीजंस क्लब अग्रवाल युवा मंडल की ओर से गुरुवार को बरेली क्लब में फाग महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने गुलाल और फूलों से होली खेली। रंग बरसे..होली आई रे गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया। मनु गर्ग, हंसिका अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

### एक बेंच पर चार-चार परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में परीक्षा में अव्यवस्थाएं हावी हैं। गुरुवार को भी एक बेंच पर चार-चार बच्चों को बैठाकर परीक्षा दिलाई गई। जिले में 2482 परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा हुई। गुरुवार को कक्षा छह, सात की विज्ञान और कक्षा आठ की हिन्दी की परीक्षा हुई। वहीं ग्रामीण परीक्षा केंद्रों में बच्चे एक-दूसरे से बात करते परीक्षा दिखे। इस संबंध में बीएसए संजय सिंह ने बताया कि सभी बीईओ ने स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों में परीक्षा संपन्न कराई गई है। पहले दिन की तरह दूसरे दिन किसी तरह की अव्यवस्था नहीं रही।

### 13 आंगनबाड़ी केंद्रों पर विकसित होगा बाला फीचर

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के 13 प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के परिसर में बने को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बाला फीचर्स का विकास किया जाएगा। इसके लिए शासन ने तीन लाख 90 हजार रुपये का बजट आवंटित किया है। प्रति केंद्र 30 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस संबंध में स्कूली शिक्षा महानिदेशक ने बीएसए को पत्र जारी कर निर्देशित किया है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि इसमें बाला फीचर्स के तहत कक्ष के अंदर की चारों दीवारों को एक मीटर की ऊंचाई तक वाटरप्रूफ और हरा रंग किया जाएगा। इस पर बच्चे आड़ी-तिरछी रेखाएं, आकृति या शब्द बनाना सीखेंगे। इसके अलावा खिड़की, फर्श का भी इसी तरह रचनात्मक प्रयोग किया जाएगा।

# शुरुआत से बच्चों के दांतों का रखें ख्याल

- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस में ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति किया जा रहा जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रधानाचार्य प्रो. सत्यजीत ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य और विकास में दांतों का महत्वपूर्ण योगदान होता है, लेकिन कई बार हम इसे अनदेखा कर देते हैं। मालऑक्लूजन एक सामान्य समस्या है, जिसमें दांतों की सही स्थिति में बदलाव हो जाता है।

मालऑक्लूजन की अवस्था में दांतों का सही जगह पर न होने से टेढ़े मेढ़े होने के कारण बच्चों को भोजन करने और पचाने में परेशानी होती है।

दांतों की सफाई में कठिनाई होती है, ऐसी समस्या को समय रहते पहचानना और उसका सही समाधान करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए नियमित दंत चिकित्सक की सलाह लेना चाहिए और बच्चों की देखभाल पर ध्यान देना चाहिए।

### मालऑक्लूजन के कारण

- जन्म से ही दांतों की स्थिति कुछ बच्चों में गलत होती है, जो उनके मालऑक्लूजन का कारण बन सकती है।
- अत्यधिक अंगूठा चूसने की वजह भी दांतों की सही स्थिति को प्रभावित कर सकती है।
- कई बच्चे अधिक चीजें खाने या चबाने के कारण अपने दांतों को दबाते हैं, जिससे उनकी सही स्थिति में बदलाव हो सकता है।
- मुंह से सांस लेने वाले बच्चों में श्वास नली सूखने लगती है। इस वजह से श्वास नली में सूजन आ जाती है।

# बाबा सागर दास ने बरेली में स्थापित किया था आश्रम

- वाल्मीकि आश्रम सेवा ट्रस्ट ने संत समागम किया आयोजित
- विभिन्न प्रांतों के साधु-संत जुटे शंखनाद के साथ महाआरती

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर स्थित वाल्मीकि आश्रम सेवा ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को वाल्मीकि धर्मगुरु महंत बाबा सागर दास की 28 वीं पुण्यतिथि पर संत समागम का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न प्रांतों के साधु-संतों ने भाग लिया।

वाल्मीकि आश्रम पर आयोजित संत समागम में संत समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वाल्मीकि पीठाधीश्वर किशन दास (कुरुक्षेत्र) ने कहा कि गुरु बाबा सागर दास ने वर्ष 1952 में पंजाब से चलकर बरेली में अपना आश्रम स्थापित किया। यहां से देशभर में भक्ति ज्ञान और समाज जागरण की ज्वाला प्रज्ज्वलित की। उनके व्यक्तित्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राष्ट्रपति रहे ज्ञानी जैल सिंह, गृहमंत्री सरदार बूटा सिंह जैसी राजनीतिक हस्तियां उनके शिष्य बने। ज्ञानी जैल सिंह के हाथों लगा चंदन का वृक्ष आज भी आश्रम में है।



प्रेमनगर स्थित वाल्मीकि आश्रम पर समागम में उपस्थित संत और ट्रस्ट के पदाधिकारी।

शाम को सुखमणि साहब का पाठ दिनेश सत्संगी और सुरजीत सिंह ने किया। शाम को विराट शंखनाद के साथ महा आरती हुई, जिसमें सभी संत शामिल हुए। आश्रम के महंत स्वामी बच्चन दास ने महाआरती संपन्न कराई।

स्वामी ब्रह्म शाह अतीत (भरतपुर) स्वामी रतन दास (नुहू, मेवात) साध्वी संतोष दास उदासीन (बस्ती), स्वामी जगदीश दास (नकोदर पंजाब) स्वामी प्रेमानंद अमृतसर, स्वामी ब्रह्मदास, स्वामी गोविंद दास, स्वामी धनीदास, शंकर दास आदि मौजूद रहे। वाल्मीकि आश्रम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज थपलियाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे हवन-यज्ञ से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 9 बजे स्वामी किशन दास ध्वजारोहण करेंगे और 11 बजे समागम में संत संगत को निहाल करेंगे।

### रसायन विज्ञान विभाग मामले में भी जांच शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग में चार्ज लेने के मामले की भी जांच शुरू हो गई है। जांच समिति ने गुरुवार को विभाग में जाकर जांच की और सामान और स्टाक रजिस्टर देखा। इस दौरान लैब सहायकों को सामान की सूची बनाने के भी निर्देश दिए हैं।


RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)
बी.आई.एस.एस. शुगर की बिक्री हेतु ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2020-21 में उत्पादित बी.आई.एस.एस. शुगर 3000 कु. की बिक्री हेतु अनुभवी पार्टियों से दिनांक 03.04.2024 को सायं 6:55 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत् है। उक्त ई निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| निविदा लोड करने की तिथि सायं 6.55 | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 | टेक्निकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 02 बजे | फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 3:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 21.03.2024 | 03.04.2024 | 04.04.2024 | 04.04.2024 | रू. 75000.00 |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। संदर्भित ई निविदा उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लखनऊ की वेबसाइट http://upsugarfed.org पर भी समय समय पर देखी जा सकती है।

(जय प्रकाश), पी.सी.एस.
प्रधान प्रबंधक

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महेशपाल को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **धर्मपाल पुत्र प्यारे निवासी ग्राम मोहम्मदपुर पथरा तहसील व थाना आंवला जिला बरेली।**

सूचना
मेरा पुत्र जो वर्ष 2019 से घर से बिना बताये कहीं चला गया, जिसकी 5 वर्षों तक तलाश की, अपनी माता व पत्नी की मृत्यु पर भी नहीं आया, इस दुर्व्यवहार व गलत चाल चलन से तंग आकर मैंने अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपनी कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। **नेकराम गुप्ता पुत्र छोटे लाल गुप्ता, निवासी- 670, नवादा शेखान, पुराना शहर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# नई दिल्ली में हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

- देश के सर्वाधिक अति विशिष्ट संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली सीट पर अटल, आडवाणी के बाद सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी मैदान में

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

देश की सबसे वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली को सुचेता कृपलानी के बाद भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से दो बार अटल बिहारी वाजपेई, दो बार लाल कृष्ण आडवाणी संसद पहुंचे। लेकिन हैट्रिक लगाने का श्रेय वाजपेई सरकार के सबसे विवादित एवं ईमानदार मंत्री जगमोहन के नाम जाता है। उन्होंने 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की और आखरी बार मजदूर नेता ललित माकन के भतीजे व कांग्रेस के युवा उम्मीदवार अजय माखन से चुनाव हार गए थे।

कहां जा रहा था कि जगमोहन के बाद आर्य समाज की समर्पित कार्यकर्ता व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी 2024 में हैट्रिक लगाएंगी लेकिन भाजपा हाई कमान ने उनका टिकट काट दिया और पार्टी की हाई प्रोफाइल नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। यदि बांसुरी चुनाव जीत गईं तो वे तीसरी महिला होंगी जो नई दिल्ली से संसद पहुंचेंगी।



नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अति विशिष्ट लोग जैसे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश व कई बड़े नेता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, विदेश एवं गृह मंत्रालय हैं। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी के बाद इस सीट से लगातार भाजपा के अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज चुनाव जीते रहे हैं। यहां तक कि आडवाणी को पराजित करने के लिए 1991 में कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को उम्मीदवार बनाया था। यह देख आडवाणी ने नई दिल्ली के अलावा गांधीनगर से भी चुनाव लड़ा और राजेश खन्ना को मात्र 17 हजार वोटो से पराजित कर पाए थे।




अपनी मां एवं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के साथ नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बांसुरी स्वराज (फाइल फोटो)

बाद में आडवाणी ने नई दिल्ली सीट से इस्तीफा देकर गांधीनगर की सदस्यता ग्रहण की थी।

जिससे नई दिल्ली के मतदाता नाराज हो गए और उन्होंने 1992 के उपचुनाव में राजेश खन्ना को जिता दिया। हालांकि भाजपा ने खन्ना के खिलाफ पहली बार फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मैदान में उतारा था, लेकिन आडवाणी से नाराज मतदाताओं ने राजेश खन्ना को विजयी बनाया था। 1996 में भाजपा ने इस सीट से जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एवं राज्यसभा सदस्य जगमोहन को पहली बार लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। वैष्णव देवी में जगमोहन के शानदार कार्यों को देख मतदाताओं ने राजेश खन्ना को 58 हजार वोटो से पराजित किया था। उसके बाद इस सीट से जगमोहन लगातार तीन बार विजयी हुए। चौथी बार कांग्रेस के अजय माकन (सीएनजी मैन) से वे चुनाव इसलिए हार गए क्योंकि दिल्ली में सीएनजी लाने का श्रेय जनता ने तत्कालीन परिवहन मंत्री माकन को दिया था।

अजय माकन भी नई दिल्ली से हैट्रिक लगाने में विफल रहे क्योंकि 2014 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मीनाक्षी लेखी से वे पराजित हो गए थे। इसी तरह मीनाक्षी भी हैट्रिक लगाने से इसलिए वंचित रह गई क्योंकि बांसुरी स्वराज को बीजेपी ने इस बार उम्मीदवार बनाया है। हालांकि बांसुरी का बीजेपी कार्यकर्ता के रूप में ज्यादा योगदान नहीं है। उनकी पहचान उनकी मां सुषमा स्वराज की वजह से है और यदि वह चुनाव जीतती हैं तो नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से संसद पहुंचने वाली वे तीसरी महिला होंगी।



**नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम**

| वर्ष | विजयी सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | सुचेता कृपलानी | किसान मजदूर प्रजा पार्टी |
| 1957 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1977 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1980 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1989 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1991 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1992 | राजेश खन्ना | कांग्रेस |
| 1996 | जगमोहन | भाजपा |
| 1998 | जगमोहन | भाजपा |
| 1999 | जगमोहन | भाजपा |
| 2004 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2009 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2014 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |
| 2019 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |

## चुनाव कमाल का...

- 21 मई 1991 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की वोटिंग के पहले दौर के ठीक एक दिन बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद जून के मध्य तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया। पंजाब में लोकसभा चुनाव बाद में कराए गए, जबकि जम्मू-कश्मीर में आम चुनाव हुए ही नहीं।
- जून में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस को सबसे ज्यादा 232 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी 120 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही। जनता दल को सिर्फ 59 सीटें मिलीं। 21 जून 1991 को कांग्रेस के पी.वी. नरसिंहराव ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1996 में 11वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। 161 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 140 सीटें मिली और पार्टी दक्षिण में भी पिछड़ गई।
- अटल बिहारी वाजपेयी ने 16 मई को प्रधानमंत्री का पद संभाला लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण 13 दिन ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठ पाए।
- 1996 में जनता दल के नेता एचडी देवेगौडा ने एक जून को संयुक्त मोर्चा गठबंधन सरकार का गठन किया, लेकिन उनकी सरकार भी 18 महीने ही चली।
- देवेगौड़ा के कार्यकाल में ही विदेश मंत्री रहे इन्द्र कुमार गुजराल ने अगले प्रधानमंत्री के रूप में 1997 में पदभार संभाला। कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी।

## चुनावी तीर



पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं। भाजपा की साजिश और षड्यंत्र से हमें सतर्क रहना है। हमें ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के साथ-साथ बूथ की सुरक्षा को लेकर भी सावधान रहना है। भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी के मामले में बेनकाब हो चुकी है। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा।
**- अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख



1952 को छोड़कर पहली बार आप इतना लंबा चुनाव देख रहे हैं। आजादी के बाद पहले चुनाव में बहुत सी चीजों को समायोजित करना था, लेकिन अब तकनीक के साथ यह अवधि कम होनी चाहिए थी। लंबी अवधि के चलते एक चरण में मतदान चलता है और दूसरे चरण में चुनाव प्रचार चल रहा होता है। इससे सत्ता दल को फायदा और विपक्ष को नुकसान होता है।
**-सीताराम येचुरी,** महासचिव, माकपा

# हैवीवेट प्रत्याशियों की तलाश में उलझी हाई प्रोफाइल प्रयागराज सीट

**1996** में भाजपा का खाता खोलने के साथ ही डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने लगाई थी यहां से जीत की हैट्रिक तो बीते तीन दशक से जीत के लिए तरस रही है कांग्रेस

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा और जनेश्वर मिश्र के अलावा अमिताभ बच्चन भी यहां से संसद पहुंचे


● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार:** संगम नगरी प्रयागराज में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण में 25 मई को 18,07,886 मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। 2019 के पिछले चुनाव की तुलना में इस बार यहां 1,14,439 मतदाता बढ़ गए हैं। हाई प्रोफाइल गिने जाने वाले प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा सीटें मेजा, करछना, बारा, कोरांव और प्रयागराज दक्षिणी शामिल है। इनमें बारा और कोरांव एससी सुरक्षित सीट हैं। वर्तमान में तीन विधानसभा सीटों करछना, कोरांव और प्रयागराज दक्षिण में भाजपा तो मेजा में समाजवादी पार्टी और बारा में अपना दल का कब्जा है। वर्तमान में यहां से भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी सांसद हैं। उन्होंने 2019 के चिनाव में सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को 1,83,876 मतों से पराजित किया था। रीता बुहगुणा को 4,93,204 और राजेंद्र सिंह को 3,09,328 वोट मिले थे। लेकिन भाजपा ने इस बार रीता बहुगुणा जोशी की प्रत्याशिता को जहां होल्ड पर रखा है, वहीं सपा से गठबंधन के बाद हिस्से में आई इस सीट पर कांग्रेस किसी हैवीवेट प्रत्याशी की तलाश में है।

प्रयागराज वह लोकसभा क्षेत्र है, जहां से वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निधन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को हराकर जीत हासिल की थी। इस लोकसभा क्षेत्र में आजादी के बाद से कांग्रेस का ही कब्जा रहा। सबसे पहले 1952 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश सांसद चुने गए। 1957 तथा 1962 के लोकसभा चुनाव में यहां से पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री, 1967 में उनके पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री, 1971 में हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। लेकिन 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उतरे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र ने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कमला बहुगुणा को हरा दिया। हालांकि अगले ही चुनाव 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जीत हासिल करके कांग्रेस की वापसी करा दी। 1984 में यहां से सांसद चुने गए अमिताभ बच्चन ने जब बोफोर्स कांड में नाम आने पर संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और 1988 में उपचुनाव हुआ तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 1989 में जनता दल से जनेश्वर मिश्र दूसरी बार और साल 1991 में हुए चुनाव में सरोज दुबे ने जीत हासिल की। प्रयागराज में भाजपा को पहली जीत 1996 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने दिलाई। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में भी डॉ. जोशी ने जीत हासिल करके हैट्रिक लगाई। लेकिन 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर अपना खाता खोला। सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह ने लगातार दो चुनावों 2004 और 2009 में जीत हासिल की। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के श्यामाचरण गुप्ता ने सपा से यह सीट छीन ली। 2019 में भाजपा ने कांग्रेस से आईं रीता बहुगुणा जोशी को टिकट दिया और वह विजयी रहीं।

### अभी किसी दल ने नहीं खोले पत्ते, एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार

प्रयागराज सीट पर भाजपा ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, हालांकि पार्टी का संसदीय बोर्ड प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन कर चुका है। निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी के साथ नंद गोपाल नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी का नाम दावेदार के रूप में सबसे आगे है। नंदी प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जबकि उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी वर्तमान में प्रयागराज की महापौर हैं। उधर, सपा-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आयी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां से एक बार फिर किसी दमदार बाहरी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी 1984 के बाद से प्रयागराज में जीत के लिए तरस रही है। कांग्रेस ने पिछले चार चुनावों में इस सीट पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देकर आजमाया, लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया। 2014 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े बसपा से आए नंद गोपाल गुप्ता ने एक लाख से अधिक वोट पाए लेकिन जमानत नहीं बची और चौथे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2019 में भाजपा से आए योगेश शुक्ला को कांग्रेस ने टिकट दिया पर उन्हें 31956 ही वोट मिले। 2009 में श्याम कृष्ण पांडेय को 33027 और 2004 में सत्य प्रकाश मालवीय को 40545 वोट मिले थे। इन चारों चुनाव में कांग्रेस तीसरे या चौथे स्थान पर रही और जमानत नहीं बचा सकी। इस बीच सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह कांग्रेस और बसपा दोनों के संपर्क में हैं। वह अपने पुत्र उज्ज्वल रमण के टिकट के लिए प्रयासरत हैं। रेवती रमण प्रयागराज से दो बार सांसद और करछना से आठ बार विधायक रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की ही तरह बसपा ने भी अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।





### जातीय समीकरणों के लिहाज से गठबंधन प्रत्याशी को मौका

प्रयागराज लोकसभा सीट पर ब्राह्मण और ओबीसी मतदाता जीत की पटकथा लिखते रहे हैं। लेकिन मोदी लहर के बाद यह समीकरण टूट सा चुका है। एक अनुमान के मुताबिक इस सीट पर 2.40 लाख ब्राह्मण, करीब सवा दो लाख कुर्मी, दो लाख मुस्लिम, डेढ़ लाख से अधिक वैश्य और सवा लाख से ज्यादा यादव वोटर हैं। राजपूत और भूमिहार मतदाता एक लाख से ऊपर गिने जाते हैं। इसी तरह 85 हजार मौर्य और कुशवाहा, एक लाख कोल, सवा लाख निषाद-बिंद, 1.15 लाख विश्वकर्मा और प्रजापति मतदाताओं के साथ 40 से 45 हजार पाल बिरादरी का वोट माना जाता है।

**पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस | अपना दल |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 35.3 | 37.4 | 10.0 | 3.3 | 9.7 |
| 2019 लोस | 56.1 | 35.2 | -- | 3.6 | -- |
| 2017 विस | 43.1 | 25.7 | 17.1 | 5.3 | -- |
| 2014 लोस | 35.2 | 28.2 | 18.2 | 11.5 | -- |




# अखिलेश का पल्लवी से समझौता टूटा, सुनील सिंह से नाता जोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बीच जहां एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पल्लवी पटेल के कदमताल न करने की बात सामने आ गई वहीं, दूसरी ओर सपा को रालोद के जाने के बाद लोक दल का साथ मिल गया है। अपना दल कमेरावादी सपा से अलग होकर अपने प्रत्याशी उतार रही है। इसी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल भी सपा उम्मीदवार के मुकाबले मैदान में उतरने को तैयार है।

लोक दल के प्रमुख सुनील सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की। सुनील सिंह ने इस दौरान जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को डुप्लीकेट पार्टी करार दिया। इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल सपा के साथ आ गई है। वहीं, अखिलेश यादव ने भी सुनील को धन्यवाद देते हुए कहा कि असली लोक दल सपा के साथ है।

बीते दिनों राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ आए थे, अब अपना दल (कमेरावादी) ने भी सपा गठबंधन से अलग होकर अपना रास्ता चुन लिया है। इसकी औपचारिक घोषणा गुरुवार खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार-वार्ता में की।



- सपा व अपना दल कमेरावादी का गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव में था, 2024 के लिए कोई गठबंधन नहीं

### भाजपा ने चंदा वसूली कर ली इसलिए विपक्षियों के अकाउंट सीज हो रहे

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

### सपा में खुले है वरुण गांधी के लिए दरवाजे

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरूण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरूण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी। सपा का पीलीभीत से उम्मीदवार बनने के बाद भगवत सरन से जब मीडिया प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि, अगर वरुण गांधी को भाजपा से टिकट नही मिला और उन्होंने सपा से टिकट मांगा तो वो क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान ने उन्हें टिकट दिया तो वो अपनी सीट खुशी-खुशी छोड़ देंगे।हालांकि वरुण गांधी ने पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। अगर भाजपा से उनका टिकट कटा तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं।



# स्थानीय विजेता तो दूर, कल्याण भी नहीं तोड़ पाए महादीपक का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


**अमृत विचार :** राजनीति में धुरंधर परिणाम आए। बदलाव भी हुए। सबने अपने अपने रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया, लेकिन मोदी की सुनामी रही हो या पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की खुद चुनाव मैदान में उतरें हुए हों, वे भी वर्ष 1977 का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। उस समय सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने ऐसा मतदान किया कि अब तक रिकॉर्ड तोड़ना तो दूर कोई छू न सका।

वर्ष 1977 के इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लगाने के बाद वर्ष 1977 में लोकसभा के लिए आम चुनाव हुए। इस आम चुनाव में देश में कांग्रेस विरोधी लहर चली। इस लहर से एटा लोकसभा सीट भी अछूती नहीं बची। इस चुनाव में एटा लोकसभा में कई रिकार्ड बने। इस चुनाव में हुआ 66.96 प्रतिशत मतदान एटा लोकसभा के रिकार्ड में दर्ज है। इस चुनाव में एक रिकार्ड ऐसा भी बना जो आज तक नहीं टूटा। इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की। इसके बाद कई बार प्रत्याशियों ने अच्छे मत प्रतिशत से जीत हासिल की, लेकिन यह रिकार्ड नहीं टूटा। यहां तक की महादीपक सिंह शाक्य ने 1996 में व 1998 में भाजपा के टिकट से चुनाव जीता, लेकिन वह भी अपने 1977 के अपने रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव, 2009 के चुनाव में सपा समर्थन से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, 2014 के चुनाव में भाजपा से राजवीर सिंह ने अच्छे वोट प्रतिशत प्राप्त कर जीत हासिल की, लेकिन वह भी इस रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2019 में देश भर में मोदी की सुनामी में भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह फिर से अच्छे वोटों से चुनाव जीतें है, लेकिन वे इस चुनाव में भी 1977 में बने रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सके।

**40% से अधिक वोट पाकर जीतने वाले प्रत्याशी**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी का नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1952 | रोहन लाल चतुर्वेदी | कांग्रेस | 40.52 |
| 1977 | महादीपक सिंह शाक्य | बीएलडी | 71.94 |
| 1996 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 46.50 |
| 1998 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 44.28 |
| 2004 | देवेंद्र सिंह यादव | सपा | 47.03 |
| 2009 | कल्याण सिंह | सपा समर्थित | 48.57 |
| 2014 | राजवीर सिंह | भाजपा | 51.28 |
| 2019 | राजवीर सिंह | भाजपा | 54.56 |

**1977** के चुनाव में सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने दिलाई थी ऐतिहासिक जीत, तब से लेकर अब तक टोकना तो दूर कोई छू भी न सका आंकड़ा



# बाहुबल के साए में चुनाव, अब बीते दिनों की बात

## चुनाव प्रभावित करने वाले कई बाहुबली जेल में, योगी सरकार ने खत्म किया बाहुबलियों का दबदबा

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** यह पहली बार है कि 2024 का लोकसभा चुनाव बाहुबलियों के बगैर होने जा रहा है। दूर-दूर तक कोई बाहुबली मैदान में नहीं दिख रहा है। आलम यह है कि चुनावों को प्रभावित करने वाले बाहुबली भी अपने-अपने क्षेत्रों से गायब हैं। ज्यादातर बाहुबली या तो जीवित नहीं हैं या फिर जेलों में बंद हैं। ऐसे में 2024 का चुनाव नजीर बनेगा। जाहिर है सरकार ने वादे के अनुरूप प्रदेश में बाहुबलियों का साम्राज्य लगभग खत्म कर दिया।

### प्रदेश के कई बड़े अपराधी, जो चुनाव में देते थे दखल



चार बार से ज्ञानपुर सीट से विधायक रहने वाले बाहुबली विजय मिश्रा का कद इतना बड़ा था कि वह मोदी लहर में भी चुनाव जीते। विजय का कद इतना बड़ा था कि आसपास की सीटों पर भी प्रभाव पड़ता था। योगी सरकार आने के बाद विजय मिश्रा के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करने की छूट मिली। इस समय विजय मिश्रा जेल में हैं और राजनीतिक रूप से भी प्रभावहीन हो चुके हैं।



मुख्तार अंसारी का जरायम की दुनिया में बड़ा नाम है। मुख्तार मऊ निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे, जिसमें दो बार बसपा के टिकट पर जीते। एक वक्त था जब मुख्तार को टिकट देने के लिए विभिन्न पार्टियां बेचैन रहती थी, क्योंकि मुख्तार जीत की गारंटी थे। जलवा इतना कि मुख्तार के वरदस्त पर कई मऊ के कई विधानसभा सीटों पर जीत तय होती थी। इन दिनों मुख्तार सजायाफ्ता हैं। किसी भी पार्टी में दखलंदाजी नहीं है।



माफिया और नेता रहे अतीक अहमद तत्कालीन इलाहाबाद और फूलपुर में खासा दबदबा रहता था। अतीक इलाहाबाद पश्चिमी सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने गए। 14वीं लोकसभा के लिए समाजवादी पार्टी ने फूलपुर से उम्मीदवार चुना। अतीक अहमद का कद इतना बड़ा था कि वह जेल से चुनाव लड़ते और जीतते थे। अप्रैल 2023 में एक गोलीकांड में अतीक की हत्या होने के बाद इलाहाबाद और फूलपुर बाहुबल की राजनीति से पूर्णतया मुक्त हो गया।



तीन बार विधायक और दो बार सांसद रहे यूपी के टॉप टेन माफिया रिजवान जहीर का दबादबा भी लगभग खत्म हो गया। रिजवान जहीर के दबदबे का आलम यह था कि एक समय उन्होंने सपा मुखिया रहे मुलायम सिंह यादव को भी चुनौती दे डाली थी। बसपा, कांग्रेस और सपा में भी प्रभाव रहा। रिजवान के बुरे दिन तबसे शुरू हुए जब यूपी में योगी के नेतृत्व में सरकार बनी। योगी सरकार में रिजवान का नाम यूपी के टॉपटेन माफियाओं में था। सरकार की कार्रवाई में ही रिजवान के राजनैतिक कॅरियर का लगभग अंत हो गया।



लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र के रूप में छात्रसंघ की राजनीति में दखल से धनंजय सिंह का राजनैतिक कॅरियर भी शुरू हुआ। 2002 से 2009 तक निर्दल रारी से विधायक रहे। 15वीं लोकसभा में बसपा के टिकट पर सांसद बने। धनंजय सिंह का जौनपुर संसदीय सीट व विधानसभा क्षेत्रों में दबदबा रहता था। हत्या, लूट जैसे अपराधों को अंजाम देकर धनंजय जरायम की दुनिया में पहुंचे थे। 2024 के चुनावों में ताल ठोकने की तैयारी कर रहे थे, तभी अदालत के एक फैसले से जेल चले गए।



आजमगढ़ की राजनीति में बाहुबली रमाकांत यादव का दबदबा भी लगभग खत्म हो चुका है। जहरीली शराब पीने से 13 लोगों की मौत के मामले में बाहुबली अभी भी जेल में निरुद्ध हैं। रमाकांत यादव के रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह आजमगढ़ सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। प्रदेश में सक्रिय लगभग सभी पार्टियां रमाकांत को टिकट देने के लिए आतुर रहती थी। लेकिन अदालती और कानूनी कार्रवाइयों ने रमाकांत के बाहुबल का लगभग खात्मा कर दिया।

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी खत्म हुआ बाहुबल

पूर्वांचल ही नहीं बल्कि, पश्चिमी यूपी की राजनीति में भी माफियाराज इतिहास का विषय बन चुका है। यहां के माफियाओं में बदन सिंह, डीपी यादव, हाजी याकूब कुरैशी, सुनीर, यशपाल तोमर, अमरपाल उर्फ कालू, संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा, विनय त्यागी, एजाज, सुंदर भाटी, अमित कसाना, विक्रांत उर्फ विक्की जैसे माफियाओं का चुनावों में पूरा हस्तक्षेप रहता था। पुलिस अफसरों के मुताबिक उक्त अपराधी स्थानीय चुनावों को अपने हिसाब से प्रभावित करने में सक्षम थे। सरकार की कार्रवाइयों से यहां के माफियाराज का लगभग अस्त हो चुका है। पूर्वांचल में वृजेश सिंह, संजीव द्विवेदी उर्फ रामू द्विवेदी, अब्बास अंसारी पर भी खूब कानूनी कार्रवाई हुई। अदालतों ने भी सख्ती दिखाई।

---

# इस बार न कल्याण न मुलायम

**कभी इनके चेहरे पर ही था चुनाव**

## सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद भी समर्थकों में रहता था जोश

**2021** में कल्याण व 22 में मुलायम की मृत्यु के बाद हो रहा पहला लोकसभा चुनाव

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** इस बार के लोकसभा चुनाव में पीडीए बनाम एनडीए के चुनावी संघर्ष के अब तमाम चेहरों की गुटबंदी आमने-सामने है। एक गठबंधन 'पीडीए' के तो दूसरा 'कमण्डल' के साथ नजर आता है। अब जनता ही तय करेगी हर स्तर पर विकास का मुद्दा बड़ा या जाति और धर्म का?

बहरहाल, एक समय था जब कल्याण सिंह, मुलायम सिंह यादव और छोटे चौधरी कहे जाने वाले अजित सिंह के लिए लगने वाले नारे रोंगटे खड़े देते। जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है। कल्याण सिंह तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। अजित सिंह आए हैं, हरित प्रदेश लाए हैं। हालांकि मौजूदा राजनीतिक हस्तियों को लेकर नारे अब भी लगते हैं लेकिन रोंगटे खड़े कर देने को आत्मसात नहीं होते।

बहरहाल, चुनावी बिगुल फुंकने के साथ उत्तर प्रदेश के राजनीतिक पटल पर सरगर्मी तेज है। भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज है तो सपा उत्साहित। कांग्रेस कन्फ्यूज़्ड है तो बसपा में रहस्मयी चुप्पी पसरी है। निकट भविष्य में सभी की राजनीतिक तकदीर लॉक होने को है। लेकिन इससे पहले होने जा रहे चुनावी संघर्ष में इस बार लगभग चार दशक तक अपनी रणनीतियों, तौरतरीकों, दांवपेचों से विरोधियों को पटखनी देने वाले मुलायम-कल्याण नहीं होंगे। अंतिम दिनों में भले दोनों हस्तियां सक्रिय राजनीति से दूर रहीं हों, पर उनके होने के एहसास मात्र ही दोनों दलों के एक बड़े समर्थक वर्ग के दिलो-दिमाग में राज करता था। उप्र. की राजनीति का अतीत देखें तो 90 के दशक से ही मुलायम और कल्याण इस राज्य की राजनीति के केन्द्र बिन्दु बने रहे। अगस्त 2021 में कल्याण सिंह तो अक्तूबर 2022 में मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। सपा की स्थापना के बाद मुलायम की गैर-मौजूदगी में पार्टी का यह पहला चुनाव होगा। वहीं राम मंदिर निर्माण से भले भाजपा का बहुप्रतिक्षित एजेंडा पूरा हुआ हो पर इस अभियान के असल हीरो कल्याण की कमी तो खलनी स्वाभाविक है। वहीं, तीन दशक से हर लोकसभा चुनाव में भागीदारी करने वाले राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया रहे चौधरी अजित सिंह की भी मृत्यु मइर 2021 में हुई। अजित सिंह तो रहे नहीं लेकिन इस चुनाव में चौधरी खानदान का भी कोई चेहरा नहीं उतरेगा। उनके बेटे जयंत चौधरी इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे।

कल्याण सिंह को याद करें तो, नब्बे के दशक की शुरुआत में राजनीति का जो दौर था, उसे मण्डल और कमण्डल यानी आरक्षण और राम मंदिर आंदोलन के तौर पर जाना जाता है। देश भर में एक ओर मण्डल आयोग की सिफारिशों का समर्थन और विरोध चल रहा था, तो दूसरी ओर अयोध्या में राम-जन्मभूमि के लिए आंदोलन चल रहा था। मुख्यमंत्री थे मुलायम सिंह यादव। इस बीच भाजपा ने कल्याण सिंह को आगे किया। कल्याण सिंह ने एक साल में ही भाजपा को उस स्थिति में ला दिया कि पार्टी ने 1991 में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली। मुख्यमंत्री बनने के बाद कल्याण सिंह ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ अयोध्या का दौरा किया और राम मंदिर का निर्माण करने के लिए शपथ ली थी।





**होली के रंग में रंगा चुनाव :** उत्तर प्रदेश में जैसे ही चुनावी दौर आता है फिर ईद हो या दिवाली, होली हो या दशहरा बस चुनाव के रंग की हर ओर नजर आते हैं। होली करीब है पर चुनावी रंग इस बार होली पर देखा जा सकता है। मेरठ के बाजार में दुकान तो होली के उत्सव के लिए सजी है मगर मनाया चुनावी त्योहार जा रहा है। ● एजेंसी

# घर से मतदान करेंगे 60 हजार मतदाता

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़वाने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से लेकर राज्य और जिला स्तर तक की टीमें सक्रिय हो गई हैं। 85 वर्ष से अधिक के लगभग 60 हजार मतदाता इस बार घर बैठकर मतदान कर सकते हैं।

खास बात यह है कि अगर कोई बुजुर्ग मतदाता अगर मतदेय स्थल तक जाना चाहते हैं तो उनके लिए प्रशासन की ओर से व्यवस्था कराई जा सकती है। बता दें कि चुनाव आयोग ने घर से वोट डालने की सुविधा सिर्फ बुजुर्गों और दिव्यांगों को दी है। 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग और 40% से ज्यादा दिव्यांग घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। दिव्यांग व्यक्तियों के पास डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट होना आवश्यक है। जिसमें इस बात का जिक्र हो कि डिसेबिलिटी कितने प्रतिशत है।

जो बुजुर्ग अथवा दिव्यांग मतदाता घर बैठे वोट डालना चाहते हैं उन्हें केंद्रीय चुनाव आयोग के सक्षम एप पर इस विकल्प का चुनाव करना होगा। एप पर विवरण के साथ परेशानी भी बतानी होगी। लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के घर फार्म भिजवाया जाएगा।

# भाजपा की तीसरी सूची, अन्नामलाई और सौन्दर्यराजन के नाम शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए गुरुवार को उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

सूची के मुताबिक, सौन्दर्यराजन चेन्नई दक्षिण से चुनाव लड़ेंगी जबकि मुरुगन नीलगिरी से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। अन्नामलाई को कोयम्बटूर लोकसभा सीट से टिकट दिया है। पार्टी ने मध्य चेन्नई सीट से वी. पी. सेलवम, वेलोर से ए. सी. षणमुगम, कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हन, पेराम्बलूर से टी. आर. पारिवेंदर और तूतीकोरिन (तूतुकुड़ी) से एन. नागेन्द्रन को उम्मीदवार बनाया गया है। राज्यपाल के पद से त्यागपत्र देने के एक दिन बाद सौंदर्यराजन बुधवार को भाजपा में शामिल हुई थीं। इससे पहले, भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी। इस प्रकार पार्टी ने अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अब तक 274 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है।

# बाहरी ही सुलतानपुर में खिला सके 'कमल'

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सुलतानपुर लोकसभा सीट पर अब तक हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय उम्मीदवारों पर बाहरी प्रत्याशी भारी पड़े हैं। बाहरी प्रत्याशियों ने जहां यहां पर कमल खिलाया है, वहीं स्थानीय प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा सके है।

सुलतानपुर लोकसभा सीट अधिकतर कांग्रेस के ही पास रही। इस बार उसका प्रत्याशी यहां नहीं है। इंडिया गठबंधन में सपा के पाले में यह सीट गई है। भगवा ब्रिगेड की बात करे तो 1991 में पहली सफलता अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने जीत कर यहां पर भाजपा का खाता खोला था। शास्त्री को 1,73,485 और निकटम प्रतिद्वंदी जनता दल के राम सिंह को 64,529 वोट मिले थे। 1996 और 1998 में भाजपा के उम्मीदवार बाबरी ध्वंस के समय फैजाबाद के पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) थे। 1996 में राय को 2,38,843 और निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के कमरुज्जमा फौजी को 1,20,559 वोट मिले। 1998 में राय को 2,69,9510 और डा. रीता बहुगुणा जोशी सपा के वोट 2,05,5030 थे।

1999 में भाजपा बिना लड़े ही मैदान के बाहर हो गई थी। उसके प्रत्याशी सत्यदेव सिंह (गोंडा) समय से नामांकन नहीं दाखिल कर सके थे। इस चुनाव में सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बसपा से जयभद्र सिंह निर्वाचित हुए। 2004 और 2009 में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवारों को अवसर दिया। दोनों ही बार पार्टी चौथे स्थान पर रही। 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवार डा. वीणा पांडेय पर भरोसा दिखाया तो वह 91,328 मत ही पा सकी। वहीं, बसपा के मो. ताहिर खान ने 2,61,564 मत पाकर दुबारा सुलतानपुर लोक सभा सीट बसपा के झोली में डाल दिया। 2009 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने फिर स्थानीय उम्मीदवार सूर्यभान सिंह को टिकट दिया। सूर्यभान सिंह 44,425 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे और जमानत जब्त हो गई। वहीं कांग्रेस के डा संजय सिंह 3,00,411 मत पाकर एक बार फ़िर यह सीट कांग्रेस के झोली में डाल दी। 2014 और 2019 में भाजपा की कामयाबी बाहरी उम्मीदवारों के जरिए मिली। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर पैराशूट उम्मीदवार वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाया। वरुण गांधी 4,10,348 मत पाकर बसपा के पवन कुमार पांडेय को 1,78,902 मतों से हरा सुलतानपुर की सीट भाजपा के खाते में डाल दी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बिना कोई गलती किए मेनका संजय गांधी को प्रत्याशी बनाया। मेनका संजय गांधी 4,59,196 मत पाकर सपा समर्थित बसपा प्रत्याशी चंद्र भद्र सिंह को 14,526 मतों से हरा सीट भाजपा के खाते में डाल दिया।

# कांग्रेस ने 56 उम्मीदवारों की सूची जारी की, अधीर को बहरामपुर से टिकट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 56 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी जिसमें अधीर रंजन चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं।

चौधरी को उनके वर्तमान संसदीय क्षेत्र बहरामपुर (पश्चिम बंगाल) से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दामाद राधाकृष्ण को कर्नाटक के गुलबर्गा से टिकट दिया गया है। यहां से खरगे भी सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 138 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे। कांग्रेस की ओर से जारी उम्मीदवारों की तीसरी सूची के अनुसार, अरणाचल प्रदेश की दो सीट, गुजरात की 11, कर्नाटक की 17, महाराष्ट्र की सात, राजस्थान की पांच, तेलंगाना की पांच, पश्चिम बंगाल की आठ और पुडुचेरी की एकमात्र सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

# 33 साल से लखनऊ सीट नहीं हारी भाजपा

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**विश्लेषण**

- लखनऊ और मोहनलालगंज सीट पर मतदान 5वें चरण में 20 मई को होगा
- लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग









- इसमें सबसे अधिक युवा (18 से 29 वर्ष) मतदाताओं की संख्या लगभग 7 लाख 2 हजार 860 है

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट की खासियत अलग है। यहां अटल बिहारी वाजपेयी का बोया बीज बरगद का रूप ले चुका है। इस सीट पर हर क्षेत्र के पुरोधा अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। मगर 33 साल से लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा की झोली में है और इस बार भी चुनौती नहीं के बराबर है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मेहरोत्रा जरूर दौड़ में हैं। सपा कैंडीडेट रविदास मेहरोत्रा सिर्फ एक सीट से विधायक हैं, जबकि राजनाथ सिंह लखनऊ की कई सीट पर बीजेपी उम्मीदवारों को जिता चुके हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल भी बीजेपी की है, इसलिए राजनाथ सिंह का विस्तार रविदास मेहरोत्रा या इंडिया गठबंधन से निश्चित तौर पर ज्यादा है। उधर बसपा के लिए प्रत्याशी चयन ही संकट बन गया है। राजधानी लखनऊ में मतदाताओं ने भी बदलते दौर के साथ अपना मिजाज बदला, जिसके परिणाम भी चौंकाने वाले सामने आए। 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दो लोकसभा सीटें है। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीट। इन पर 20 मई को 5वें चरण में वोटिंग होनी है। दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता हैं। 20 मई को कुल 1545 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दोनों संसदीय सीट पर 18 से 29 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 7 लाख 2 हजार 860 है।

वहीं मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है जबकि समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री आरके चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। बसपा ने अभी लखनऊ की दोनों ही सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

### पहली जीत विजय लक्ष्मी को मिली थी

आजादी के बाद लखनऊ संसदीय सीट पर कुल 16 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 7 बार भाजपा और 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इसके अलावा जनता दल, भारतीय लोकदल और निर्दलीय ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। पहले चुनाव में लखनऊ सेंट्रल से जहां मशहूर नेता विजय लक्ष्मी पंडित विजयी हुई थी वहीं लखनऊ-बाराबंकी सीट पर कांग्रेस के ही उम्मीदवार मोहन लाल सक्सेना को जीत मिली थी।

### 1991 में अटल बिहारी की जीत के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा

लखनऊ लोकसभा सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से बीजेपी का कब्जा है। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने पहली बार इस सीट को 1991 में जीतकर बीजेपी की झोली में डाल दिया था। जीत का सिलसिला अभी भी जारी है। भाजपा 8 बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी है। जिसमें अटल जी 5 बार, लाल जी टंडन एक और राजनाथ सिंह दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। राजनाथ सिंह 2014 और 2019 में रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत चुके हैं। अटल जी ने 8 बार चुनाव लड़ा, जिसमें लगातार उन्हें 3 चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ लोकसभा सीट में कुल 5 लखनऊ पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी, मध्य और कैंट विधानसभा सीट आती है। 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 3 और सपा ने दो सीट जीती थीं। वर्ष 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण मुल्ला ने बाजी अपने नाम की। हालांकि1971 में शीला कौल ने कांग्रेस को जीत दिलाई। इसके बाद जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रहे। हालांकि उन्हें हराकर शीला कौल लगातार दो बार सांसद रहीं। 1989 में जनता दल से मांधाता सिंह ने जीत दर्ज की, लेकिन 1991 में अटल बिहारी वाजपेयी के जीतने के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### लखनऊ सीट पर अब तक लोकसभा के सदस्य

| नाम | वर्ष | दल |
|---|---|---|
| शिवराजवती नेहरू | 1951-53 | कांग्रेस |
| विजयलक्ष्मी पंडित | 1953-57 | कांग्रेस |
| पुलिन बिहारी बनर्जी | 1957-60 | कांग्रेस |
| बीके धवन | 1962-67 | कांग्रेस |
| आनंद नारायण मुल्ला | 1967-71 | निर्दलीय |
| शीला कौल | 1971-77 | कांग्रेस |
| हेमवती नंदन बहुगुणा | 1977-80 | लोकदल |
| शीला कौल | 1980-84 | कांग्रेस |
| शीला कौल | 1984-89 | कांग्रेस |
| मंधाता सिंह | 1989-90 | जनता दल |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1991-96 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1996-98 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1998-99 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1999-2004 | भाजपा |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 2004-2009 | भाजपा |
| लालजी टंडन | 2009-2014 | भाजपा |
| राजनाथ सिंह | 2014-2019 | भाजपा |
| राजनाथ सिंह | 2019-2024 | भाजपा |

### कौशल किशोर कर रहे जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास

मोहनलालगंज सीट पर 1962 में पहली बार कांग्रेस ने चुनाव जीता था, कांग्रेस सबसे ज्यादा 5 बार चुनाव जीत चुकी है, लेकिन अब बीते 40 साल से जीत के लिए तरस रही है। बीजेपी और सपा ने 4-4 बार चुनाव जीता है। 1991 में लखनऊ लोकसभा सीट और मोहनलालगंज सीट पर बीजेपी ने एक साथ खाता खोला था। बीजेपी के छोटेलाल ने 1991 में चुनाव जीता था। 1998 में सपा ने पहली बार जीत दर्ज की थी। इस सीट से जनता दल और जनता पार्टी के कैंडिडेट 1-1 बार चुनाव जीत चुके हैं। बीजेपी कैंडिडेट कौशल किशोर कांग्रेस सांसद गीता देवी की बराबरी करने के लिए जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसमें सिधौली, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, बख्शी तालाब और सरोजनीनगर विधानसभा सीट शामिल हैं। यह सभी सीटें भाजपा के पास है।

### एम बी हनीफा ने बनाई थी ईवीएम

पांचवी बार ईवीएम के जरिए लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। जिस भारतीय ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं उसका आविष्कार 1980 में 'एम बी हनीफा' के द्वारा किया गया था। जिसे उसने 'इलेक्ट्रॉनिक संचालित मतगणना मशीन' के नाम से 15 अक्टूबर 1980 को पंजीकृत करवाया था। एकीकृत सर्किट का उपयोग कर "एम बी हनीफा" द्वारा बनाये गये मूल डिजाइन को तमिलनाडु के छह शहरों में आयोजित सरकारी प्रदर्शनियों में जनता के लिए प्रदर्शित किया गया था। अगस्त, 1980 में राजनीतिक दलों के समक्ष पहली बार प्रदर्शन के बाद आयोग ने इसके इस्तेमाल के निर्देश जारी किए थे। 1982 में केरल में हुए चुनाव में पहली बार ईवीएम का उपयोग हुआ। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती मिलने के बाद चुनाव रद कर दिए गए। 1998 में चुनाव कराने के लिए इसके उपयोग पर सहमति बनी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के 25 विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया। 2004 के लोकसभा चुनावों में पहली बार देश के सभी 543 निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया था।

मूर्खस्तु परिहर्तव्य : प्रत्यक्षो द्विपद : पशु : ।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा ॥

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए,क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है,जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

## संपादकीय

# केंद्र के फैसले पर रोक

केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की उस तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) पर रोक लगा दी है, जिसे आनलाइन कंटेट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगाकर भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को झटका दिया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए एफसीयू से संबंधित केंद्र सरकार की एक दिन पहले की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस इकाई को 2023 में कानून में शामिल किया गया था। मगर इस यूनिट को कानून में शामिल करने की कोशिश विवादों के घेरे में रही है। सरकार ने एक दिन पूर्व ही अधिसूचना जारी कर इसे लागू किया था। कई पत्रकारों और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार की आलोचना करने वाली मीडिया की स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कुचलने की कोशिश है। बांबे हाईकोर्ट ने 11 मार्च को इस अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ताओं कहना था कि सबके लिए एक स्वतंत्र एफसीयू रहनी चाहिए जबकि केंद्र सरकार इसे सिर्फ अपने लिए ला रही है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए एफसीयू केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकता। चुनाव के समय एफसीयू केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगा, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन सी जानकारी दी जाए। पीठ ने कहा मामला गंभीर संवैधानिक सवालों से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) पर मुख्य प्रश्नों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद भी इंटरनेट के अधिकार को मौलिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के उपकरण के रूप में मानता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बांबे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। अब लोकसभा चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और प्रमुख कर्मियों को चुनाव कार्य में व्यस्त कर दिया गया है। केंद्र के एक अलग तथ्य-जांच इकाई बनाने के प्रयास फिलहाल विफल हो गए हैं। महत्वपूर्ण है कि विचारों की आजादी लोकतंत्र का आधार है। देखना होगा कि सोशल मीडिया को जिम्मेदार व जवाबदेह बनाने की दिशा में कैसे जागरुकता बढ़ाई जाए।

# मंदिर-मठों के बौद्धिक नवजागरण पर चिंतन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं।

अधिकांश भारत मूर्तियों और मंदिरों में ही उलझा हुआ है। प्राचीन समय में मंदिरों का निर्माण नगर और गांव से बाहर किया जाता था और इन्हें या तो मठों के निकट या भीतर निर्मित किया जाता था या इन्हें नागर शैली में नगर से बाहर एक जल स्रोत के निकट के शांत और वनाच्छादित क्षेत्र में स्थापित किया जाता था ताकि ये एक इंस्टिट्यूशंस ऑफ आर्ट एंड नॉलेज की तरह से कार्य कर सकें। यहीं रहकर एकाग्रता से चिंतन,अध्ययन और अन्वेषण की प्रक्रिया पूरी होती थी।

कुछेक ऐसे ही देवालय-मठ इतने विशाल थे जिनकी व्यवस्था राजकोष से या इन्हें दान में दी गई भूमि से हुआ करती। इस भूमि पर कृषि कार्य करके फसल उगाकर अन्न पैदा किया जाता था और गोचारण में गाय रखने के अलावा अन्य भारवाहक पशु रखने की भी व्यवस्था हुआ करती। अनेक मठों में हाथी भी रखे जाते थे। छात्रों और अध्येताओं से शुल्क नहीं लिया जाता था। भारत की व्यवस्था ऐसी ही थी,लेकिन डेमोक्रेसी और इलेक्शन्स ने भारत के लोगों में एक आदत यह पैदा की कि, ज्ञान के इन पारंपरिक 'अस्थानों' (आस्था-स्थल अथवा संस्थान) को वास्तु कला और ज्ञान-सृजन की परिधि से निकाल कर सिर्फ दर्शनीय और कर्मकांड स्थल बना दिया गया। राजनेताओं की जमात सत्ता-सुख की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद स्थल के रूप में इन्हें ऐसे इस्तेमाल करने लगी जैसे की यह इनका निजी अधिकार हो गया है।

एक मिनी विश्वविद्यालय के रूप में काम करने वाले प्राचीन समय में स्थापित मठों और ज्ञान-संस्थाओं का ह्रास चिंतित करता है, क्योंकि इन्हें अपेक्षाकृत कर्मकांड और पूजा-पाठ का स्थल समझा जाने लगा है। इसलिए कि हिम्मत करके कोई यह बताने वाला नहीं रहा कि सैकड़ों और हजार से अधिक साल से आबाद रहे मंदिर संस्थानों-मठों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य क्या था। इनका सही उद्देश्य नए ज्ञान का सृजन करना, ज्ञान को लिपिबद्ध करना स्मृति और श्रुति दोनों विधियों से और ज्ञान का प्रसार तर्क और न्याय के तत्वों का ध्यान रखना करना था। यूरोप में ईसाई मत में और इस्लाम में ऐसा हुआ तो परंतु काफी बाद में और चुनिंदा विधाओं में।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया।

इनके मुकाबले में हिंदू ज्ञानकोष और वांग्मय में अत्यधिक विस्तार है जिसे यूरोपियन और अन्य अनेक भारत अध्येताओं ने स्वीकार किया है,सिवाय मैक्स म्युलर के जो पूरे भारत को ईसाईयत से सराबोर करना चाहते थे। भारत में जन्मे गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने वाले दक्षिण एशिया के देशों के राजनीतिज्ञ बौद्ध मठों में जाकर राजसत्ता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद लेते हुए कभी नहीं देखे जाते सिवा ऐसे अवसर के जब या तो राजा का अभिषेक होता है या फिर किसी उत्सव के समय।

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं। यह भी विचित्र है कि इन कर्मकांडों में वैदिक और वैष्णव दोनों ही पद्धतियों से कार्य निष्पादन होता है। लोगों की आस्था अब मंदिरों-मठों में रहने वाले ज्ञानियों द्वारा ज्ञान सृजन, अन्वेषण और परंपरा से ज्ञान के आख्यान का मूल्य समझने की उतनी नहीं रही जितना कर्मकांड में दिखाई जाने वाली 'आस्था' के प्रति बढ़ गई प्रतीत होती है। आस्था भाव एक हद तक ही सही है,लेकिन मनुष्य को अगर यह पोंगापंथी बनाए और बारम्बार एक ही रिचुएल को करते रहने की उसके मन में आदत डाल दे तो इससे विचारों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होती है। व्यक्ति में नया काम करने के लिए उत्साह नहीं रहता और वह डरपोक बनता है। 'धर्म', प्रकृति और मनुष्य समाज में जीने की एक तरह की अद्वितीय पद्धति है जिसका संप्रेषण भाव संस्कृतिनिष्ठ कार्य पद्धति में दिखाई देता है। पूजा-पाठ और कर्मकांड तो इस समग्र संस्कृति का एक छोटा सा अंश मात्र हैं। इसे ही प्रमुख बना देना अव्यावहारिक है। यह विचित्र ही नहीं, लेकिन सत्य बात है कि खेत या कहीं और श्रम करने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ और कर्मकांड से अधिकतर दूर रहता है।

इतिहास बताता है कि धर्म के पारंपरिक स्वरूप के प्रति आस्था और भय का प्रभाव यूरोप के लोगों में भारत से भी अधिक बड़ा था,क्योंकि वहां के धर्माचार्यों ने इसे रहस्यमयी और क्रूर भी बनाया जैसा कि पूर्वी यूरोप के रोमानिया,बुल्गारिया और स्पेन के प्राचीन ईसाई मठों के इतिहास से मालूम होता है। हिंदुस्तान में 'धर्म' के प्रति, जैसा कि इसे प्रेक्षित किया जाता रहा,भय का भाव तो कभी था ही नहीं। 'निर्भय हो' कथन आचार्य वर्ग ने हमेशा प्रतिस्थापित और संप्रेषित किया। यह भाव तब पैदा हुआ जब विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने और इन्हें देश की उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से परे खदेड़ने में भारत बिल्कुल नाकामयाब हो गया। 'धर्म' के बारे में विवेचना,विमर्श और आलोचना की प्रवृत्ति को आघात पहुंचाया गया। आधुनिक भारत में क्षुद्र-प्रवृत्ति राजनीतिज्ञों ने मौके पर इस स्थिति का शोषण किया है। सरदार पटेल और नेहरू जैसे चंद राजनीतिज्ञ ही ऐसे हुए जिन्होंनें धर्म-संस्कृति से जुड़ी हुई संवेदना का शोषण करने की प्रवृत्ति से गुरेज किया।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया। ऐसे अवसर दुर्लभ की श्रेणी में आते हैं और आपत्ति से परे। राजनीति करने वालों की आम प्रवृत्ति या आमजन की आम दिनों वाली प्रवृत्ति से विलग भाव से इसमें देखने की जरूरत है। निहितार्थ,फिर भी दूरगामी प्रभाव वाले तो हैं हीं। आमजन को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा। राजनीति करने वालों को भी चुनाव के दिनों में इस प्रवृत्ति के प्रदर्शन से तौबा करनी होगी। धर्माचार्यों और समाज के बौद्धिकों को वास्तविक ज्ञान प्रणाली से प्रशिक्षित बौद्धिक क्षमता के आधार पर बहुत सी बातों को नकारने की हिम्मत पैदा करनी होगी। हमारे ज्ञान ग्रंथों की व्यवस्था में ऐसे निर्देश नहीं है जिसके अंतर्गत आममन के भीतर धर्म-भीरू या देव-भीरू स्वभाव की उत्पत्ति की जाए। भारत में 'युगों' की बात भी बेमानी है,क्योंकि यह हमारे ही आचार्यों और गणितज्ञों -आर्यभट और भास्कर के अध्ययनों से मेल नहीं खाता। भारत में इन्हीं आचार्यों द्वारा काल गणना की सर्वमान्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पुराणों में दी गई काल गणना, कथा-तत्व के नाते, सिर्फ एक 'फिक्शनल हिस्ट्री' है। क्या सतयुग में मनुष्य दुखी नहीं था? क्या सतयुग और त्रेतायुग में छल और हिंसा नहीं थी? पुराणों में अनेक कहानियां ऐसी हैं,जो मनुष्य मात्र में देवों और नरेशों के प्रति भय की उत्पत्ति करती हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर हिंदुओं, पारसियों, मुसलमानों और बौद्धों के 'धर्म' पर मीमांसक ग्रंथ अब उपलब्ध हैं। कुछ रोज से मैं सन् 1832 में प्रकाशित किताब 'ऑब्जर्वेशंस ऑन द मुसलमान्स ऑफ इंडिया -ए डिस्क्रिप्टिव ऑफ देयर मैनर्स, कस्टम्स, हैबिट्स एंड रिलिजियस ओपिनियन्स' ध्यानपूर्वक देख रहा हूं। इसे मीर हसन अली की बेगम साहिबा ने दो खंडों में तकरीबन ग्यारह सौ प्रकाशित पन्नों में उपलब्ध करवाया। इसकी भूमिका भारत में दशकों तक निवास करने वाले अंग्रेज स्कॉलर-ब्यूरोक्रेट विलियम क्रूक ने लिखी। हमारे देश में मुसलमानों की संस्कृति की जो झलक इसमें से निकलती है उसके अनुसार बहुत सी रवायतों, परंपराओं और कार्य पद्धतियों में वैज्ञानिकता का पुट है। धर्मांधता और अंधविश्वास बाद में कैसे निर्मित हुए,यह विश्लेषण की विषय वस्तु है। ऐसी ही पुस्तक हिंदुओं के बारे में उपलब्ध हैं जिनमें वैज्ञानिक तत्वों की व्याख्या के बारे अब बात नहीं होती। आमजन के गाइड वही हैं,जो अल्प-बौद्धिक हैं और धर्म-संस्कृति के गलत आख्यान देते हैं।

## प्रसंगवश

# परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि

चुनाव का चित्र अब स्पष्ट हो गया है। थोड़ा बहुत झोल-झक्कड़ है तो उसे भी समाप्त कर लिया जाएगा। प्यार मोहब्बत नाराजगी शुरु है। इधर से उधर,उधर से इधर आना-जाना भी चल रहा है। हर पार्टी ने कुछ नए जोड़े कुछ पुराने छोड़े। किसी का दिल जुड़ाया तो किसी का टूटा। कोई बल्ले-बल्ले उछल रहे हैं तो कोई छले जाने का दोष लगा रहे हैं। अपनी कमजोरी और खामियां कोई नहीं बता रहे। सब दूसरों में खोट निकाल रहे हैं। पांच सालों तक मटरगश्ती करने वाले नेताजी ने फिर से हाथ जोड़ना और दांत निपोरना शुरू कर दिया है। सांसदों का गोद लिया गांव आज भी बदहाल है,यह और बात है कि नेताजी सदा खुशहाल बने रहे। सीटी बज गई तो चुनावी दंगल के पहलवान ताल ठोंककर कूदने के लिए तत्पर हो गए। उतर अखाड़े कूदते,लेकर अपने दांव!/अपने-अपने पैंतरे,घोषित हुआ चुनाव!! केंद्रीय शासन पर काबिज भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया महागठबंधन बनाने का बिगुल फूंका तो गया, मगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसमें छेदकर दिया और उसकी हवा फुस्स से निकाल दी।



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हड़बड़ाए हुए थे। मामला यहीं से गड़बड़ हो गया। नीतीश बाबू को सत्ता की कुर्सी बड़ी प्यारी लगती है। उसे छोड़ना भी नहीं चाहते हैं। अपने बिगड़ते हुए माथे का भी उन्हें ख्याल नहीं है। क्या से क्या बोल जाते हैं यह भी उन्हें पता नहीं रहता है,लेकिन यह सब उनकी महत्वाकांक्षा को मजबूती ही देता है तभी तो कभी नहीं बीजेपी समझौता कर सकती है जैसी घोषणा के बावजूद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व सारी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ चिपक जाता है।

अल्टू-पल्टू बनी रही पार्टियां और नीतीश जी का पलटू राम नाम रख दिया,जबकि नीतीश जी तो मुख्यमंत्री पद पर स्थिर हैं,आज भी बने हुए हैं। पार्टियों की नीतियों की दुहाई देने वाले बड़े-बड़े सूरमा सिद्धांतों को ताक पर रखकर घुटने टेक देने में तनिक भी हिचकते नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा पर धूम धड़ाके के साथ निकलते रहे कांग्रेस के राजकुमार चाटुकारिता में बड़े-बड़े बोल और बयान देते रहे पाले-पोसे हुए तोते। प्रायोजित होती रही रैलियां। अधिकार और रोजगार की मांग पर बरसती रही लाठियां! परेशान होते रहे युवा और किसान! बदहाल रही जनता। परोसे जाते रहे भाषण और आश्वासन। बुला-बुलाकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाया गया रुतबा, सुनाई गई विरुदावलियां। दुहाई दी गई भारत की महान जनता और संस्कृति की। सबने मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया। धरती और प्रकृति जार-जार रो रही है और आकाश में नगाड़ों की धमक गूंज रही है। धरती के भगवान बेहाल हैं और आसमान में उड़ रहे हैं देवराज! सब अपनी-अपनी धुन में हैं। राजनीति में स्तर की बात सब करते हैं,मगर धज्जियां उड़ाते हुए जैसी भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन होता है उसे क्या कहा जा सकता है? चुनावी समर में जिन वीर-बांकुरों की घोषणा हो गई वे उछल-उछलकर,मचल-मचल कर अपनी कर्मठता का बयान दे रहे हैं। अखाड़ा तैयार है। पहलवान ताल ठोंक रहे हैं। कई पहलवानों की लंगोट अदल-बदल गई है। राजनीति का सच तमाम नैतिकताओं के सच से सर्वथा अलग होता है। यहां के सारे कर्मकांड परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि के लिए किए जाते हैं। सामाजिक समरसता के नाम पर दंगे कराए जाते हैं,निर्माण के नाम पर ध्वंस का नजारा खड़ा किया जाता है। ईश्वर,अवतार,स्वतंत्रता सेनानी सबके सब चुनावी वैतरणी की नाव पर चढ़ते उतरते रहेंगे जिसके सम्मोहन में जनता फंस जाए वैसा ही तुरुप का पत्ता फेंका जाएगा।

मुखौटों का बाजार सज गया है। नेताओं का करबद्ध पोस्टर अखबारों से लेकर दीवारों तक पर टंग गया है। मीडिया की दुकानदारी में एक दूसरे की टांग खिंचाई चल रही है। प्रायोजित तू-तू मैं-मैं चालू है। भोली-भाली जनता सचमुच लड़ रही है। अपने-अपने नेता के नाम पर बरसों की सामाजिकता को तोड़ रही है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव सारी मर्यादाओं की धज्जियां देता है। देश का हर भाग उद्वेलित और आंदोलित हो गया है। जोड़-तोड़ का गणित बैठाया जा रहा है। कुबेर के खजाने खुल रहे हैं। यमराजों की लाठियां तेल पी रही हैं। नगाड़े बज रहे हैं,शोहदे उछल रहे हैं। कुछ रो रहे हैं तो कुछ ठहाकों में डूब गए हैं। देश की राजधानी में बैठने के लिए सब मचल रहे हैं। बहसें वादे नीतियां,सबकुछ है बकवास!/ सबकी है यह चाहना,दिल्ली हो आवास!!

# पर्यावरण हितैषी व्यवहार से ही कम होगा वायु प्रदूषण

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रतिशत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है,जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं। भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं। भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना,इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किए हैं। जैसे नई स्क्रेप नीति लागू की है, ई-वाहनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है,सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है,ऑड-ईवन नंबर वाले फार्मूला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)।

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है। आने वाले कुछ वर्षों में



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसका अच्छा असर दिखना तय है। विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है,वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क, पुल, मेट्रो को विकसित करने, बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं,पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं,आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं। शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है,पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है,कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है,व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है, किसानों द्वारा पराली का जलाना (पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है,पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रैंडली नहीं है,इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

लकड़ी के लिए जंगल से पेड़-पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है,उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है। अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए,उपलब्ध नहीं है। कोयले से विद्युत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है,आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है।

हर उद्योगों को चिमनी से निकलने वाले धुएं से वायु को प्रदूषित होने से रोकने वाली तकनीक का उपयोग करने हेतु संकल्प लेने की आवश्यकता है। मेरा तो यही मानना है कि भारत को स्विस रिपोर्ट के दबाव में अपने विकास कार्यों की रफ्तार को धीमी करने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं है। हां वायु प्रदूषण को रोकने व कम करने के लिए प्रयास और तेज करने होंगे,डीजल-पेट्रोल की खपत को जितना कम किया जा सकता है कम करना होगा। ईंधन के ऐसे विकल्पों को बढ़ावा देना होगा,जो वायु को कम प्रदूषित करते हैं। साथ ही कुल क्षेत्रफल के अनुपात में आपेक्षित वन क्षेत्र के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना होगा। यह सब संभव है जनसहयोग से,सुविधा भोगी आदतों में बदलाव से,पर्यावरण हितैषी व्यवहार से,प्रदूषण को कम करने के लिए बने नियम-कानून के पालन से।

## सोशल फोरम

# परंपराओं को अद्यतन कीजिए

हम अपनी परंपराओं पर गर्व करते हैं और उनमें किसी भी परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं,लेकिन देखा जाए तो हमारी सारी परंपरा समय, स्थान,काल और जरूरत के आधार पर विकसित होती हैं और समयानुसार बदलती भी रहती हैं। एक ही धर्म में दो अलग स्थानों पर दो अलग-अलग परंपराएं विकसित हो सकती हैं।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हिमाचल के सिरमौर जिले में एक जनजाति है हाटी। इनके यहां एक परंपरा में एक घर में अगर दो या दो से अधिक भाई हैं तो उनकी एक ही पत्नी होती है। अब कहा जाता है कि ये इलाका इतना दुर्गम था कि स्त्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जाता था। एक और कारण भी गिनाया जाता है कि इन गरीब लोगों के पास काश्त के लिए कम जमीन थी। इसलिए जमीन का और बंटवारा न हो इसके लिए ये प्रथा शुरू की गई। ये सामान्य विवाह व्यवस्था से अलग परंपरा विकसित हुई।

एक शव के दाह संस्कार के लिए 40 मन लकड़ी लगती है,लेकिन मैंने पढ़ा था कि किसी इलाके में लकड़ी की कमी के कारण उपलों से दाह संस्कार संपन्न किया जाता है। एक समय था कि शादियां तीन चार दिन तक चलती थीं और मृत्यु पर तेरह दिन तक शोक मनाया जाता था। आज शादियां एक ही रात में संपन्न होती हैं और तेरह दिन शोक मनाने का समय अब घटता जा रहा है।

किसी समय बाल विवाह बहुत प्रचलित थे। फिर लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 12 वर्ष निर्धारित की गई। 1930 के शारदा एक्ट में इसे 14 वर्ष किया गया और फिर 18 वर्ष। हर बार जब उम्र बढ़ाई गई तो कुछ लोगों ने इसे अपने धर्म और परंपरा में गैर जरूरी हस्तक्षेप कह इसका विरोध किया। विरोध इतना प्रबल था कि आजादी के बाद नेहरू जी को एक हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट कर पास कराना पड़ा।

ऐसा दुनिया में कुछ भी नहीं जिसमें परिवर्तन न हुआ हो। ये जो हम सनातन,सनातन शब्द सब तरफ सुनते हैं तो सनातन भी उतना सनातन नहीं। सनातन यानी शाश्वत, आरंभ से बोलकर आज यहां कुछ भी नहीं है। सब कुछ यहां परिवर्तनशील है और लगातार बदल रहा है। इसलिए परंपराओं से बहुत ज्यादा मोह मत पालिए। हो सके तो बदलते समय के साथ परंपराओं को अद्यतन भी कीजिए। **-फेसबुक वॉल से**

# आयरलैंड के प्रथम समलैंगिक प्रधानमंत्री

पड़ोसी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भांति भारतीय मूल के अशोक वराडकर आयरलैंड के प्रधानमंत्री थे। हाल ही में उन्होंने त्यागपत्र देकर सियासी बवंडर उठा दिया। पद छोड़ने का कारण उन्होंने दिया : "बेहतर व्यक्ति प्रधानमंत्री पद संभाले। सात साल तक पीएम रहने के बाद मेरी निजी अनुभूति है कि मैं सर्वाधिक श्रेष्ठ नेता नहीं हूं। आयरलैंड के लोग मुझसे बेहतर मुखिया बना सकते हैं।" यह 45 वर्षीय राजनेता सबसे कम उम्र (38) में प्रधानमंत्री निर्वाचित हो गए थे। वे आयरलैंड के प्रथम और दुनिया के पांचवें समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। यूरोप के सबसे रूढ़िवादी देश माने जाने वाले आयरलैंड में वराडकर उदारवाद का चेहरा बनकर उभरे थे।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था, किंतु 2013 में एक जनमत संग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में समलैंगिक शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक तौर पर घोषित की। उस वक्त वो स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने कहा : "मैं गे हूं और ये कोई राज नहीं है। ये मेरी परिभाषा का हिस्सा नहीं है। न तो मैं आधा-भारतीय राजनेता हूं,न तो डॉक्टर राजनेता हूं और न ही गे राजनेता हूं। ये मेरे जीवन का हिस्सा है मेरे चरित्र का हिस्सा है।" वराडकर ने 2017 में पेशेवर आयरिश भाषा में एक कोर्स पूरा किया और अपने उपनाम, डी वरद के लिए एक आयरिश भाषा फॉर्म तैयार किया। उन्होंने कहा है : "आयरिश के प्रति मेरा दर्शन केवल इसे बोलना है। आयरिश बोलें! यह इसे पूर्ण करने के बारे में नहीं है। यह मजे करने और इसे बोलने का प्रयास करने के बारे में है।" वे दक्षिण भारत का उदाहरण देते हैं,जहां हिंदी भी तमिल के साथ बोली जाती है। डबलिन में जन्मे वरदकर बहुजातीय हैं। उनके पिता मुंबई से और मां डुंगरवन (काउंटी वॉटरफोर्ड) से हैं। उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में चिकित्सा का अध्ययन किया और अस्पताल में डॉक्टर बने। किशोरावस्था से ही फाइन गेल पार्टी के सदस्य रहे। लियो वराडकर अशोक और मिरियम (नी हॉवेल) वराडकर के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता का जन्म मुंबई में हुआ था। वह डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए 1960 के दशक में यूनाइटेड किंगडम चले गए थे। इनकी मां अपने भावी पति से स्लॉ में नर्स के रूप में काम करने के दौरान मिलीं। उन्होंने यूके में शादी कर ली। वराडकर ने 2000 के दशक के अंत में एक मुखर मनमौजी व्यक्ति के रूप में उभरे। उनकी "असामान्य" टिप्पणियों के कारण इवनिंग हेराल्ड ने उन्हें "गलतियां करने वाला" बताया। आयरिश टाइम्स के स्तंभकार स्टीफन कोलिन्स ने 2017 में वराडकर को "जनता,विशेषकर युवा मतदाताओं के सामने ऐसे पेश किया,जैसे कि वह राजनेता नहीं हैं"।

पत्रिका आयरिश परीक्षक 2010 में वराडकर को "रूढ़िवादी" बताया,जबकि उसी वर्ष पत्रिका हॉट प्रेस ने उनकी नीतिगत स्थिति को "कट्टरपंथी अधिकार" के रूप में वर्णित किया। हालांकि उसी लेख में उन्होंने खुद को "केंद्र-दक्षिणपंथी" बताया। वराडकर की राजनीतिक उपलब्धियां कई हैं। जिस वक्त वे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, ब्रिटेन ब्रेक्सिट लागू करने की तैयारी में था। आयरलैंड उसके साथ सीमापार व्यापार को लेकर चर्चा कर रहा था। वराडकर के नेतृत्व में आयरलैंड ने ब्रिटेन से बात की ताकि दोनों के बीच सीमा पार लोगों के आने-जाने को लेकर सख्त पाबंदियां न लगाई जाएं। इसके बाद जब 2020 में चुनाव हुआ वराडकर देश के नए डिप्टी प्रधानमंत्री चुने गए। देश इस समय कोविड महमारी से जूझ रहा था। कोविड के वक्त निभाई अहम जिम्मेदारी आयरलैंड अपने उस नेता को याद रखेगा।

# परिवेश विज्ञान

परिवेश क्या है? परितः वेष्टनम्। जिस दृश्य और अदृश्य से हमारा जीवन चारों ओर से परिवेष्टित है,घिरा हुआ है,जिस ज्ञात और अज्ञात से हमारा जीवन चारों ओर से लिपटा हुआ है,वह अपनी समग्रता में हमारा परिवेश है। यह परिवेश हमारे बाहर ही नहीं है,यह समग्र परिवेश हम में ओतप्रोत है। हम में समाया हुआ है। हमारे शरीर में भी और मन में भी। इसीलिए परिवेश को जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह अंतरिक्ष, यह अनंत ब्रह्मांड मंडल,यह विराट प्रकृति हमारे जीवन से विच्छिन्न नहीं है। विराट प्रकृति अलग है और मनुष्य जीवन अलग है। ऐसा सोचना गलत है,असत्य और अवैज्ञानिक है। सच्चाई यह है कि विराट प्रकृति ही मनुष्य जीवन में अभिव्यक्त होती है। मनुष्य की जो शक्ति है,वह प्रकृति की ही शक्ति है। मनुष्य प्रकृति की ही रचना है। उसका समस्त जीवन-व्यवहार अंततः प्रकृति का ही व्यापार है,अंततः शब्द को ध्यान में रखिए। आकाश में ग्रह-नक्षत्र चल रहे हैं,धरती पर ऋतुचक्र चल रहा है,हवा बह रही है,बीज से वृक्ष बन रहा है,मेघ वर्षा कर रहा है,समुद्र तरंगित हो रहा है। तितली उड़ रही है,वैसे ही मनुष्य जीवन भी चल रहा है। यह सच है कि अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी एक प्राणी है,अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी जन्म लेता है,मरता है,खाता-पीता-सोता है,मूल-प्रवृत्तियों से संचालित होता है,लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि मनुष्य शरीर,मन और मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण अन्य प्राणियों से भिन्न भी है। जैसे चूहा बिल बनाता है,पक्षी नीड़ बनाता है,मकड़ी जाला बुनती है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन-परिवेश की रचना करता है विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश।

असीम अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड मंडल जीवन का विराट प्राकृतिक परिवेश है और इसका अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान करते हैं। विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश मनुष्य की रचना है। मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों की रचना है। इस परिवेश को समझने के लिए हम इसे भौतिक और मनोवैज्ञानिक दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं। देह और मन।

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**आंवला, अमृत विचार :** आबकारी निरीक्षक ओमकार नाथ के नेतृत्व में टीम ने शराब की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। निरीक्षक ने स्टॉक चेक कर सेल्समैनों को निर्देश दिए। उन्होंने सेल्समैनों से समय से दुकान खोलने, निर्धारित मूल्य पर बिक्री करने और होली और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी को भी अधिक शराब नहीं देने की चेतावनी दी।

### किशोरी नकदी और जेवर लेकर घर से फरार

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के एक मोहल्ले का एक युवक किशोरी को लेकर फरार हो गया। किशोरी के पिता ने घर से नकदी और जेवर ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है। एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को बुधवार की सुबह एक युवक बहलाकर भगा कर ले गया। आरोप है कि उसकी बेटी घर से एक लाख रुपये और 4 तोला सोना लेकर गई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

### बिजली बिल जमा न होने से उपभोक्ता परेशान

**देवरनियां, अमृत विचार :** एक तरफ शासन की तरफ से बिजली बिल जमा कराने को लेकर जोर दिया जा रहा है, वहीं देवरनियां विद्युत उपखंड कार्यालय पर बिल ठीक कराने के लिए उपभोक्ता भटक रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि वह एक माह से बिजली बिलों को ठीक कराकर बिल जमा करने के लिए परेशान घूम रहे हैं, मगर एसडीओ कार्यालय देवरनियां पर ऊपर से आईडी न मिलने की बात कहकर टाल दिया जाता है, जिसके चलते उपभोक्ता अपना बिल जमा नहीं कर पा रहे है। इस बारे में एसडीओ आनन्द बाबू का कहना है कि कुछ उपभोक्ताओं की आईडी में दिक्कत थी, जिसके लिए डिवीजन कार्यालय को भेज दिया गया है।

### देवचरा में नहीं थम रही बाइक चोरी

**भमोरा, अमृत विचार :** देवचरा बाजार और आसपास के क्षेत्र से बाइक चोरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है, भमोरा पुलिस बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखना तक जरूरी नहीं समझती। गुरुवार दोपहर ग्राम बाबू नगला निवासी बबलू बाइक से देवचरा स्थित बैंक गए थे, जब वापस आए तो देखा बाइक गायब थी काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। चार दिन पहले ग्राम खेड़ा निवासी पप्पू की बाइक उसके घर के सामने से चोरी हो गई थी। चोर सीसीटीवी में रिकॉर्ड भी हो गई, इसके बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

# मनमानी: ठेकेदार ने बिना धूल हटाए डाली सड़क, ग्रामीणों ने किया विरोध

## स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से की गुणवत्ता की जांच कराकर कार्रवाई की मांग

संवाददाता,भोजीपुरा

**अमृत विचार :** ठेकेदार ने बिना धूल हटाए ही सड़क का निर्माण करा दिया, रोड के जल्द ही टूटने की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की।

भोजीपुरा के ग्राम दीदार पट्टी से नैनीताल हाईवे को जोड़ने वाली लगभग 2 किलोमीटर की सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी करा रहा हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार मनमानी करते हुए गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण करा रहा है। गिट्टी डालने से पहले सड़क को साफ नहीं किया गया है, सड़क एक पपड़ी के रूप में ऊपर ही रखी है, इस वजह से सड़क जल्द टूट जाएगी। विरोध जताने वालों में बशीर खान श्रीपाल, जयसिंह,भूरा,कुलदीप यादव, विनय ,रामनाथ खंडेलवाल रमाकांत, विजय यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



बिना धूल हटाए बनाई गई सड़क को दिखाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ग्रामीण करेंगे शिकायत

ग्रामीणों ने ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए दोबारा सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस ठेकेदार ने क्षेत्र में जितनी भी सड़कें बनाई गई हैं सभी सड़कों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा है कि अगर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो हम मुख्यमंत्री कमिश्नर और डीएम से मिलकर शिकायत दर्ज कराएंगे। ठेकेदार ने बताया कि दीदार पट्टी से लगभग 1800 मीटर सड़क के लिए 20 लाख का बजट स्वीकृत हुआ है।

### जल निगम के निर्माण में मिली कमियां , कार्रवाई की चेतावनी

**शीशगढ़, अमृत विचार :** शीशगढ़ में बन रही पानी की टंकी और अंडरग्राउंड बिछ रही पाइप लाइन कार्य मानक के विपरीत हो रहा है। गुरुवार को जांच को पहुंची जल निगम की टीम को कई कमियां मिली। टीम ने मानक के विपरीत निर्माण पाए जाने के साथ ही ड्राइंग पर अधिकारियों के हस्ताक्षर भी नहीं पाए । टीम ने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई की चेतावनी दी । नगर पंचायत शीशगढ़ में करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट से जल निगम पानी की टंकी बनवा रहा हैं। अक्टूबर 2024 तक कार्य पूर्ण होने का समय निर्धारित है। आधे से ज्यादा काम लगभग पूरा हो चुका है। गुरुवार को जल निगम के अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे। टंकी की ड्राइंग पर उनके हस्ताक्षर नहीं मिलने पर अधिकारी भड़क गए। टीम ने वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछा ड्राइंग के अनुरूप कार्य क्यों नहीं हो रहा है और पैसा कैसे निकल रहा है। जल निगम के अधिकारी कटियार ने बताया कि निरीक्षण में तमाम कमियां मिली है। कार्य भी मानक के अनुरूप नहीं हो रहा था। ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रिछा के पूर्व चेयरमैन और उनके भतीजों पर रिपोर्ट दर्ज

**देवरनियां, अमृत विचार :** रुपये के लेनदेन के विवाद में चल रहे मुकदमे के वादी से रिछा के पूर्व चेयरमैन ने भतीजों के साथ मंगलवार को मारपीट की थी।उसकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार रात को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। पीड़ित इकराम अहमद का आरोप है कि राशिद से रुपये के लेनदेन के विवाद चल रहा है। इस मामले में दो वर्ष पहले पूर्व चेयरमैन समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोर्ट के आदेश पर उस मामले की बरेली से दोबारा विवेचना हो रही है। मंगलवार को उसी सिलसिले में जांच करने पुलिस वादी के यहां आई थी।वह अपने गवाहों के नाम लिखवा रहा था । इसी दौरान पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद शोएब,जोएब और शहबाज ने उसे घेरकर मारपीट की। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार रात को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एटीएम तोड़ रहे दो गिरफ्तार

संवाददाता, कैंट

- मुंबई हेड क्वार्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े आरोपी

**अमृत विचार :** मुंबई हेड क्वार्टर की सूचना पर कैंट पुलिस ने थाना से कुछ दूरी पर सदर बाजार डाकखाने के सामने स्थित एक एटीएम को तोड़ रहे दो लोगों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ कर रही हैं। गुरुवार को बैंक कर्मचारी ने कैंट थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुक्रवार को दोनों आरोपितों को जेल भेजा जाएगा।

बुधवार रात करीब 2 बजे कैंट पुलिस को सूचना मिली कि सदर बाजार डाकखाने के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम को कुछ लोग तोड़कर उसमें से नकदी चुराने की कोशिश कर रहे हैं। तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपने नाम अंकुर उर्फ प्रेम गोस्वामी और राहिल उर्फ जुमेराती बताया है। दोनों कैंट क्षेत्र के सदर बाजार के रहने वाले हैं। बैंक कर्मचारी अमित दुबे ने बताया कि बुधवार की रात करीब 1:30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति एटीएम में नकदी चुराने के इरादे से घुसे थे। जिन्होंने एटीएम मशीन का आगे का कैश वाला शटर और कवर तोड़ दिया, नकदी चुराने की कोशिश कर रहे थे। इसकी उसने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी अंकुर गोस्वामी का पिता केहरी गोस्वामी करीब दो दशक पहले कार और बाइक चोरी का सरगना रहा है। कई मामलों में जेल भी कट चुका है। करीब डेढ़ महीने पहले अंकुर गोस्वामी भी बाइक चोरी में जेल गया था।




इसी एटीएम को तोड़ रहे थे आरोपी।

### पेचकस और हथौड़ी से तोड़ा एटीएम


मुंबई हेड क्वार्टर में सीसीटीवी कैमरों के जरिए देशभर के सभी एटीएम की मॉनिटरिंग की जाती है। रात करीब 2 बजे इंस्पेक्टर कैंट के सीयूजी नंबर पर मुंबई से आई कॉल से एटीएम तोड़े जाने की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस की गाड़ी का सायरन बजते ही आरोपियों ने भागने की कोशिश की। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। पुलिस को आरोपियों के पास से एक पेचकस, एक हथौड़ी एक तमंचा और एक चाकू बरामद हुआ है। दोनों आरोपी मुंह से कपड़ा लपेटे हुए थे। पेचकस और हथौड़ी से ही आरोपियों ने एटीएम को तोड़ा था। वर्ष 2011 में कैंट के बीआई बाजार स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को तोड़कर उसमें से 24 लाख की नकदी चुरा ले गए थे। उक्त घटना का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

## घर के बाहर बाइक पर बैठे युवक को रेत लदी ट्रॉली ने मारी टक्कर

संवाददाता, दुनका

**अमृत विचार :** शाही क्षेत्र में अवैध रेत खनन करने वालों के हौंसले इतने बुलंद हैं गांव के बीच से भी ट्रैक्टर को तेज रफ्तार में चलाते हैं। बुधवार शाम को घर के बाहर बाइक पर बैठे एक युवक पर रेत की ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया, बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। परिजन उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल के चचेरे भाई ने आरोपी चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

शाही के गांव बड़ा बसावनपुर से बहने वाली बहगुल नदी से अवैध रेत का खनन लंबे अरसे से हो रहा हैं। शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है शिकायत करने पर पुलिस खनन माफिया पर कार्रवाई करने की बजाय उल्टा ग्रामीणों को धमकाती है। अवैध रूप से रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली गांव के बीच से तेज रफ्तार में निकलती हैं। बुधवार शाम करीब 6 बजे अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने घर के बाहर बाइक पर बैठे लीलाधर के ऊपर चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई । करीब एक साल पहले भी खनन माफिया की ट्रैक्टर ट्राली से शाही बहेड़ी रोड बसावनपुर के पास शाही के एक युवक की जान जा चुकी है। करीब 4 साल पहले इसी गांव की नदी पर खनन करने वालों ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की थी। ग्रामीणों को आता देख हवाई फायरिंग करते हुए वहां से भाग गए थे । उस समय पुलिस ने खनन माफिया पर मेहरबानी करते हुए भट्ठा मालिकों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।



ट्रैक्टर की टक्कर से क्षतिग्रस्त बाइक।

## घटतौली को लेकर उपभोक्ता और कोटेदार में हुई तकरार

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** खाद्य और रसद विभाग में घटतौली रोकने के लिए राशन की दुकानों को दी गई नई मशीनों का भी तोड़ राशन चोरों ने निकाल लिया है। गुरुवार को घटतौली का विरोध करने पर बलेई भगवंतपुर गांव के एक कार्ड धारक से राशन विक्रेता और उसकी पत्नी मारपीट पर आमादा हो गई ।

पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत की तो डीलर ने भी एससी-एसटी के अंतर्गत पुलिस को दी तहरीर। गुरुवार को थाना क्षेत्र के बलेई भगवन्तपुर गांव निवासी उर्वेश सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गुरुवार सुबह वह अपनी ताई लड्डू देवी को राशन दिलाने दुकान पर लेकर गए थे, आरोप है कि राशन विक्रेता ने उनको राशन देने से इनकार कर दिया। जब उसने राशन नहीं देने का कारण पूछा तो डीलर और उसकी पत्नी उस पर हमलावर हो गए। डीलर की पत्नी ने मारने को चप्पल भी निकाल ली। इस विषय में सप्लाई इंस्पेक्टर आंवला कुमार सौरभ ने बताया कि बलेई भगवन्तपुर गांव की राशन की दुकान का कांटा खराब है, जिसकी शिकायत दर्ज है। वहीं हल्का इंचार्ज एसआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से शिकायती पत्र मिले हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है।



कोटेदार की पत्नी चप्पल दिखाती हुई।

## दो समुदाय के प्रेमी युगल शादी करने पहुंचे हाईकोर्ट

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक माह पहले घर से फरार हुए दो समुदायों के प्रेमी युगल विवाह करने हाईकोर्ट प्रयागराज पहुंचे। कोर्ट के निर्देश पर भोजीपुरा पुलिस ने युवती को मेडिकल कराने जिला अस्पताल भेजा है। मेडिकल के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। भोजीपुरा क्षेत्र के एक गांव के दो समुदायों के प्रेमी युगल 19 फरवरी को घर से फरार हुए थे। युवती के पिता ने 20 को भोजीपुरा थाने में गांव के ही तरुण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के काफी प्रयास करने के बाद प्रेमी युगल हाथ नहीं आ सके थे। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि प्रेमी युगल हाईकोर्ट में शादी करने पहुंचे। वार को युवती भोजीपुरा थाने पहुंचीं। युवती के परिजन भी आ गए। युवती के माता पिता ने युवती को मनाने की काफी कोशिश की, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुई। प्रेमी के साथ ही जाने की जिद करती रही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की युवती को महिला आरक्षियों के सुरक्षा में मेडिकल परीक्षण के जिला अस्पताल भेजा है।

## आदर्श आचार संहिता का सख्ती से कराएं पालन

**मीरगंज,अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान के साथ मीरगंज क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मीरगंज और फतेहगंज पश्चिमी में महिला कर्मचारियों के मतदान केंद्र का भी जायजा लिया, साथ ही कंपोजिट विद्यालय सोराहा में क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदान केंद्रों को भी देखा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लिया। बैठक में एसएसपी ने कहा कि किसी भी बूथ पर किसी तरह का बवाल नहीं होना चाहिए ।

### बूथों का अवर अभियंता ने किया निरीक्षण

**शेरगढ़, अमृत विचार :** विद्युत विभाग के अवर अभियंता रामदेव वर्मा ने टीम के साथ क्षेत्र में बनाए गए पोलिंग बूथों की बिजली व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मीटर विहीन विद्यालयों में मीटर लगाने, विद्युत लाइन दुरुस्त करने, विद्युत चोरी रोकने के भी निर्देश कर्मचारियों को दिए। ग्रामीणों से बिजली का दुरुपयोग न करने की चेतावनी दी, साथ ही बिना कनेक्शन बिजली का उपयोग नहीं करने को कहा। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान पोलिंग बूथों पर विद्युत आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो इसलिए व्यवस्थाएं परख रहे हैं।

### मजिस्ट्रेट ने पुलिस के साथ वाहनों को चेक किया

**नवाबगंज/ शीशगढ़ :** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सचेत नजर आने लगा है। गुरुवार को सारे दिन स्टेटिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एसएचओ आरके शर्मा ने पुलिस बल के साथ वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान चेकिंग टीम को किसी वाहन में आपत्तिजनक सामग्री या धनराशि नहीं मिली। वहीं शीशगढ़ पुलिस ने चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो जिसे लेकर गुरुवार को एसपी ग्रामीण मुकेश चन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला।

## वादकारियों का हित प्रभावित होने पर वकील करेंगे हड़ताल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** स्थानीय सिविल न्यायालय में व्याप्त अनियमितताओं और अन्य समस्याओं को लेकर बार सभागार में अधिवक्ताओं की बैठक हुई, जिसमें पीठासीन की कार्यशैली ठीक न होने से वाद कारियों के हित प्रभावित होने और वकीलों के समक्ष खड़ी हो रहीं समस्याओं पर चर्चा की गई। बार एसोसिएशन के महासचिव सूरज पाल गंगवार ने बताया कि वादकारियों के हित प्रभावित होने पर वे अपना गुस्सा अधिवक्ताओं पर उतारते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सिविल न्यायालय में व्याप्त अनियमितताओं की लिखित शिकायत साक्ष्यों सहित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। निदान न होने तक अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। इस मौके पर बार अध्यक्ष शकील अहमद गुरु, महासचिव सूरज पाल गंगवार, शफीक अहमद, रीत राम मौर्य सहित कई अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

### सपा नेता समेत पांच लोग मारपीट में घायल

**आंवला, अमृत विचार :** कॉलेज की बाउंड्री बनाने को लेकर सपा नेता और पड़ोसी खेत मालिक में मारपीट हो गई। जिसमें नेता समेत दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। सिरौली के गांव लभारी निवासी सपा नेता लक्ष्मण प्रसाद लोधी ने बताया कि बदायूं रोड पनबड़िया गांव के समीप उनका कालेज है। गुरुवार शाम वह कॉलेज की बाउंड्री पर प्लास्टर करवा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी खेत वाले कॉलेज में आ गए और हमला कर दिया। जिससे वह और उनका बेटा विवेक कुमार घायल हो गए। वहीं पनबड़िया गांव निवासी सेंसरपाल सिंह ने बताया कि वह लोग उसके खेत में बढ़ाकर चुनाई करा रहे थे। जबकि उस भूमि पर स्टे है। उसके वृद्ध पिता श्यामसिंह ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट करने लगे। चीख -पुकार पर वह और उसकी पत्नी विमला बचाने पहुंची तो उन्हें भी मारा पीटा। एक व्यक्ति ने कॉलेज की छत से फायर किया। मारपीट में वह, उसके पिता और उसकी पत्नी घायल हो गए। दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। वहीं इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों ओर से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### समाजवादी युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष बने अजय

**रिठौरा, अमृत विचार :** अजय यादव को अखिलेश यादव की अनुमति पर समाजवादी युवजन सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं। जिलाध्यक्ष डॉ. मोहित भारद्वाज ने मनोनयन पत्र देते हुए, पार्टी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर दीपक यादव, प्रशांत यादव, अब्दुल हलीम उर्फ़ गरीब अहमद, अल्ताफ अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी आदि ने बधाई दी है।

### वाट्सएप पर लिंक खोलते ही मोबाइल हो गया हैक

**आंवला, अमृत विचार :** भमोरा क्षेत्र के बैंक मित्र पप्पू यादव ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर बताया वह खेड़ा गांव में सीएससी चलाता है। 19 मार्च की शाम 6 बजे उसके वाट्सएप पर एक नम्बर से सीएससी लिखा हुआ एक लिंक आया था। उसने उस लिंक को खोला इसी बीच उसका मोबाइल हैक हो गया। उसने मोबाइल बंद करके पुन: खोला तो वह ठीक हो गया। परंतु वाटसएप हैक रहा। उसके मोबाइल पर विभिन्न अपरिचितों के फोन आ रहे है। पीड़ित ने किसी अप्रिय घटना का संदेह जताकर थाना पुलिस और एसएसपी बरेली को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रधान ने दबंग के खिलाफ की शिकायत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बौड़ा के प्रधान ने एक दबंग के खिलाफ एसडीएम से शिकायत कर उस पर कार्रवाई की मांग की। ग्राम प्रधान ने बताया कि उनके खिलाफ शिकायत करने वाले ने सरकारी तालाब को पाटकर खेत में मिला लिया। इसकी शिकायत कर उसने लेखपाल से जांच कराई। इसके अलावा उसने उनके भाई के खेत की मेड़ को काटकर पेड़ लगा दिए। समाधान दिवस में इस मामले की भी शिकायत की गई। प्रधान का आरोप है कि पेश बंदी करने को ही उनके खिलाफ अधिकारियों से शिकायत की गई। साथ ही तालाब पर कब्जा मामले में कार्रवाई होने की सूरत में जान से मारने की धमकी तक दी गई।

### आईटीबीपी जवान को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईटीबीपी जवान को टक्कर मारने वाले कार चालक पर गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। आईटीबीपी तृतीय वाहिनी के इंस्पेक्टर जीडी नूर अहमद ने बताया कि 19 मार्च को उनकी तैनाती बतौर मेडिकल ऑफिसर आईटीबीपी बुखारा कैंप में थी। इसी दौरान हब मेडिक्स शब्बीर अहमद बुखारा मोड़ चौराहे से फल खरीदने गए थे। पैदल लौटते समय बुखारा चौराहे पर लाल फाटक की तरफ से तेज गति में आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर है।

### पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भुता, अमृत विचार :** भुता पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गुरुवार एक बाइक को चोर को पकड़ा, जिस पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भुता पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान उदयपुर जाने वाली सड़क से बाइक चोर को पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम श्याम सिंह निवासी रसूला गुलाम अब्बास थाना भुता बताया है । उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थाना अध्यक्ष सतीश कुमार, उप निरीक्षक चेनू राम राणा, कांस्टेबल अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कुत्तों के हमले से घायल हिरन की मौत

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के स्टेशन रोड पुरैना स्थित एक ढाबा के समीप एक हिरन मृत मिला। सूचना पर पहुंचे वन विभाग कर्मी ने पोस्टमार्टम कराकर उसे दफन कराया। वन अधिकारी शीषपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पुरैना स्थित ढाबे के पास एक घायल हिरन पड़ा है। उन्होंने वन कर्मी माखनलाल को भेजा तो उसकी मौत हो चुकी थी। हिरन को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय आंवला भेजा गया। इसके बाद से दफन कराया गया। पशु चिकित्सक आंवला जितेन्द्र मलिक ने बताया कि हिरन की उम्र करीब पांच वर्ष थी। कुत्तों के हमले से वह जख्मी हो गया। जख्म में सैप्टिक बनने से उसकी मौत हो गई।

### शत-प्रतिशत मतदान कराने की दिलाई शपथ




**फरीदपुर, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जगवीर पाल सिंह तोमर शिक्षा समिति ने जागरूकता लाने के लिए शपथ दिलाई कि आओ मिलकर अलख जगाएं शत प्रतिशत मतदान कराए। डरने की क्या बात है पुलिस प्रशासन साथ है। हम सभी मतदान अवश्य करें बिना किसी लालच या दबाव के मतदान करें। इस मौके पर सरला देवी, निशू देवी, मीनू सिंह, विद्यावती, माला देवी, रीता, ममता, शकुंतला देवी समेत अन्य ने शपथ ली।

### छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदान का दिया संदेश



**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में गुरुवार को छात्रों ने मतदान के प्रति जागरूक करने रंगोली बनाई। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के साथ उपजिला अधिकारी देश दीपक सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर दीपशिखा ने रंगोली प्रतियोगिता को देखा। प्राचार्य डॉ.सुमन कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी समेत अन्य का स्वागत किया। इस स्पर्धा में डॉ. ममता रंजन एवं डॉ.रागिनी मिश्रा के साथ ही प्रो. एसके सिंह, प्रो. विजय बिष्ट, डॉ. रेखा रानी बंसल, डॉ. पारुल जैन, डॉ. नवनीत शुक्ला, डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह का सहयोग रहा।

### अब चार गांवों के लोग नहीं करेंगे चुनाव का बहिष्कार

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** पेहना गांव में देवहा नदी में पुल नहीं बनने से नाराज वैवाही, प्रहलादपुर, बिजासन, जरपामोहनपुर, किशनपुर बिहारीपुर आदि गांव के लोगों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की थी। जानकारी के होने बाद एसडीएम और सीओ के साथ ही प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी ने भी गांव जाकर ग्रामीणों से चर्चा की। इसके बाद ग्राम पंचायत पहलादपुर, बिजासन, जरपा मोहनपुर, बिहारीपुर आदि ग्राम प्रधानों ने लिखित में प्रभारी निरीक्षक को पत्र सौंप कर कहा कि हमारे ग्राम पंचायत का कोई भी व्यक्ति लोकसभा चुनाव का बहिष्कार नहीं करेगा और जो लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं उन्होंने हमारे ग्राम पंचायत के नाम गलत तरीके से अपने पत्र में डाल दिए हैं।

### कुष्ठ आश्रम के बच्चों को बांटे वस्त्र, खेली होली



**बरेली, अमृत विचार :** करगैना रोड स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर पर गुरुवार को फाग महोत्सव, वस्त्र एवं रंग वितरण हुआ। इसमें कुष्ठ आश्रम के 25 बच्चों को नए वस्त्र और 25 महिलाओं को साड़ी भेंट की गई। बच्चों को रंग ,गुलाल,पिचकारी दिए गए। इस दौरान होली खेली गई। पूर्व खंड विकास अधिकारी बीके शर्मा, ओपी चौहान, डॉ. राजेश यादव, अरुण शर्मा, शैल उपाध्याय, मदन शर्मा, रतन शर्मा मुकेश तिवारी ,संजीव पांडेय,भानु भारद्वाज,अजयराज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, हजारों का सामान जला

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** शार्ट सर्किट से एक बिसाती ( बिशारती) सामान की दुकान लगाने वाले के घर में बुधवार रात आग गई। जिससे पैंतीस हजार की नकदी समेत हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल ने घटना की जांच कर तहसीलदार को रिपोर्ट भेजी है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर के मजरा अंधी गौंटिया निवासी तुफैल अहमद मेलों में बिसारती सामान की दुकान लगाते हैं। बुधवार की रात में शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। शोर सुनकर आपस पास के लोगों ने जुटकर आग बुझाया तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। प्रधान तफसीर अहमद की सूचना पर लेखपाल ने नुकसान का आंकलन किया। पीड़ित ने बताया कि धौराटांडा में लगने वाले रामनवमी के मेले में दुकान लगाने के लिए सामान दिल्ली से लेकर आया था, उसने प्रशासन से मुआवाजे की मांग की।

### कानपुर के ट्रक चालक की फतेहगंज पश्चिमी में मौत

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कानपुर से हरिद्वार ट्रक लेकर जा रहे चालक की हाईवे के एक ढाबा पर कुर्सी से गिरने की वजह से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस खिरका सीएचसी लेकर गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात के डेरापुर झिनझक निवासी ट्रक चालक मुख्तार खान ( 64 ) बुधवार रात को कानपुर से ट्रक लेकर हरिद्वार के लिए निकला था। गुरुवार सुबह करीब चार बजे उसने हाईवे किनारे एक ढाबा पर ट्रक को खड़ा किया।ढाबे पर लगी कुर्सी पर बैठने के बाद लड़खड़ा कर गिरकर बेसुध गया, उसका सिर फर्श पर लगने से सिर खून बहने लगा। ढाबा संचालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से खिरका सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसएसआई पुष्पेंद्र सिंह ने बताया हार्ट अटैक पड़ने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखकर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 21 दिन में 136 केंद्रों पर गेहूं की खरीद रही शून्य



**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 21 दिन बाद भी 136 केंद्रों पर गेहूं खरीद शून्य है। केंद्र प्रभारी सुबह से शाम तक किसानों के आने का इंतजार करते रहते हैं। हालांकि 1 मार्च से अब तक 5528 किसान गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में केंद्रों पर किसान गेहूं लेकर पहुंचेंगे। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने गुरुवार को फ्लोर मिलर्स, आढ़तियों, मंडी सचिव आदि के साथ बैठक की। उन्होंने कम खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अवैध भंडारण और संचरण पर सघन अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

### यज्ञ की तरह मनाएं होलिका दहन: हरित सेना

**नवाबगंज, अमृत विचार :** हरित सेना की ओर से नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को होलिका दहन यज्ञ की तरह मनाने के लिए प्रेरित किया गया। हरित सेना की ओर से बच्चों को हवन सामग्री के साथ कपूर, लौंग और जायफल बांटे गए। हरित सेना के संयोजक आचार्य अरविंद ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी से होलिका दहन में अल्प मात्रा में ही सभी से इस सामग्री का उपयोग करने की अपील की है। आयोजन में हरित सेना के सचेतक सौरभ गुप्ता, अनिमेष राय, विनीत सक्सेना, मोनू गुप्ता, रामदर्शन गोला, राखा सैनी, विशाल सक्सेना, राधेश्याम यादव और विनीत सक्सेना आदि ने भाग लिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पढ़ाने का तरीका बताया

**शेरगढ़/ रिठौरा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में प्री प्राइमरी शिक्षा संबंधी 52 सप्ताह की गतिविधियों पर आधारित कैलेंडर मैन्युअल क्षमता संवर्धन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर शोधार्थी डॉ. फनी मणि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रचना देवी, पार्वती, विनीता पटेल,कृष्णा देवी,रामवती तथा सर्वेश कुमारी आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं बीआरसी केंद्र बिथरी चैनपुर में प्रशिक्षण के दौरान बच्चों की बाल वाटिका की जानकारी के साथ शिक्षण कॉर्नर, कक्षा साज सज्जा ,खेल खेल में सिखाने के बारे में प्रशिक्षक डॉक्टर शिखा अग्रवाल , मधु सिंघल ने बताया। खंड शिक्षाधिकारी अवनीश प्रताप ने समापन सत्र में सभी आंगनबाड़ियों को अपना कार्य और उनकी ड्यूटी के महत्व के बारे में बताया।

# शराब पीकर हंगामा करने से रोका तो फावड़े से कर दी छोटे भाई की हत्या

## बुधवार की रात शराब पीकर घर पर आया था रामस्वरूप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खनू निवासी युवक ने शराब के नशे में अपने छोटे भाई की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक भाग गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्यारोपी की तलाश की जा रही है।



थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खनू निवासी नर सिंह के चार बेटे रामस्वरूप यादव, पप्पू, हरवंश और सबसे छोटे हरिओम हैं। चारों भाइयों के पास थोड़ी जमीन है। वह खेती करते हैं और मजदूरी भी करते हैं। हरिओम की शादी नहीं हुई है। हरिओम ने बताया कि उनका बड़ा भाई रामस्वरूप शराब पीने का आदी है। वह आए दिन शराब पीकर घर आता है और परिजनों से विवाद करता है। बुधवार रात भी वह शराब पीकर घर आया था। ग्रामीणों कोगाली दे रहा था। दूसरे भाई पप्पू ने मना किया तो वह गुस्सा गया और पप्पू से हाथापाई करने लगा। दोनों के बीच मारपीट हुई। ग्रामीण और अन्य परिजनों ने बीच बचाव करा दिया था। बाद में हरिओम दूसरे भाई हरवंश के साथ फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर चला गया। तकरीबन दो घंटे बाद रामस्वरूप फिर शराब पीकर आया। आरोप है कि फावड़ा उठाकर चारपाई पर लेटे पप्पू पर वार किए। पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। पप्पू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि शराब पीने की वजह से विवाद हुआ था। तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## 50 हजार रुपये रिश्वत लेते एडीओ पंचायत गिरफ्तार

**खीरी टाउन (खीरी), अमृत विचार :** परिवार रजिस्टर में नाम सही करवाने के नाम पर 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते ब्लाक ईसानगर के एडीओ पंचायत को एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना खीरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। लखीमपुर शहर के मोहल्ला कपूरथला निवासी शिवाशीष श्रीवास्तव ब्लाक ईसानगर में एडीओ पंचायत है। ग्राम पंचायत मंडूरा निवासी शिव कुमार मौर्य से परिवार रजिस्टर में नाम सही कराने के नाम पर शिवाशीष ने एक लाख रुपये की मांग की थी। इस पर शिव कुमार ने थाना भ्रष्टाचार निवारण संगठन में शिकायत की थी।



# छेड़खानी के आरोपी शिक्षक की पुलिस कस्टडी में मौत

संवाददाता, गोरखपुर

- थाने में बिगड़ी तबियत एसओ समेत 3 पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** जिले के गोला क्षेत्र में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत हो गई। उसे छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया था। थाने लाने पर उसकी तबियत बिगड़ी तो पुलिसकर्मी उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिवार के लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और सड़क जाम कर दी। जानकारी पर आईजी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर शांत कराया। मामले में थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र में बाढ़ा में रहने वाले विनय शंकर पांडेय उर्फ दीपक (42) पर गांव की एक नाबालिग लड़की ने छेड़खानी का आरोप लगाया था जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। बुधवार की शाम करीब 5 बजे पुलिस ने आरोपी विनय शंकर पांडे को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए थाने ले जा रही थी, इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. बताया जा रहा है कि रास्ते ले जाते वक़्त उसे उल्टी भी हो गई, बावजूद इसके पुलिस ने उसे थाने ले गई। थाने लाने के थोड़ी देर बाद जब उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी तो पुलिस उसे अस्पताल ले गई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और उसकी मौत हो गई थी। जानकारी पर आईजी और एसपी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## सार-संक्षेप

### सिर पर हथौड़ा मार पति ने की पत्नी की हत्या

**कासगंज, अमृत विचार :** ढोलना थाना क्षेत्र के गांव मेमडी के समीप भाई के साथ तारीख कर लौट रही महिला पर पति ने हमला बोल दिया। सर पर हथौड़ा से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। जबकि भाई को भी मारपीट कर घायल कर दिया। देर रात तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। घटना गुरुवार शाम लगभग 5 :30 बजे की है। ढोलना थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी 27 वर्षीय प्रीति का विवाह लगभग छह साल पहले अलीगढ़ के विकास नगर निवासी विपिन शर्मा के साथ हुआ था। शादी के कुछ ही दिन बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। प्रीति अपने मायके आ गई। पूरे मामले में पति को आरोपी बनाया गया। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन है। गुरुवार को सुनवाई के लिए तारीख लगी थी। तारीख करने के लिए प्रीति अपने भाई मंजीत के साथ न्यायालय पहुंची। न्यायालय से तारीख करने के बाद बाइक से भाई-बहन वापस गांव जा रहे थे। गांव मेमडी के समीप विपिन अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ नहर किनारे मिल गया और बाइक सवार भाई-बहन को रोक लिया। जब तक दोनों भाई बहन कुछ समझ पाते तब तक विपिन ने मंजीत के साथ मारपीट की। हथौड़ा लगने से वह गिर गया। इसके बाद प्रीति के सिर पर हथौड़ा से प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### खंभे पर स्विच बोर्ड में करंट से बालक की मौत, हंगामा

**खीरी टाउन, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला डीहपुर में गुरुवार को स्ट्रीट लाइट बंद करने गया आठ साल का बालक कामरान उर्फ मुन्ना खंभे पर लगे स्विच बोर्ड के बाक्स में करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने परिजनों के साथ शव लखीमपुर खीरी मार्ग पर रख दिया और जाम लगाकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारी लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कराने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। एसडीएम सदर ने परिवार वालों को सांत्वना देते हुए मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। मोहल्ला डीहपुर निवासी जाबिर अंसारी के घर से कुछ दूरी पर नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइट लगी हुई है। गुरुवार की सुबह उनका पुत्र कामरान उर्फ मुन्ना (8) सुबह चाय का सामान लेने के लिए पर दुकान जा रहा था। वह स्ट्रीट लाइट को जलता देख खंभे पर लगे स्विच को बंद करने लगा। इसी बीच पोल में लगे बॉक्स में खुले तारों की चपेट में आ गया। उसकी करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

### बस ट्रक से टकराई, एक की मौत, 12 घायल

**पूरनपुर, अमृत विचार :** होली मनाने को घर लौट रहे श्रमिकों से भरी बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। 20 से अधिक श्रमिकों को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। जहां से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह हादसा असम हाईवे पर गुरुवार सुबह करीब चार बजे हुआ। एक निजी बस देहरादून से लखीमपुर खीरी जा रही थी। बस में लखीमपुर खीरी के रहने वाले करीब 70 श्रमिक सवार थे। असम हाईवे पर पूरनपुर से दो किमी पहले महादिया मोड़ के नजदीक पहुंचने पर बस सड़क किनारे खड़े दस टायरा ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि बस के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग घायल हो गए।

### मिट्टी की ढांग गिरने से महिला की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव शहबाजपुर निवासी हरकली देवी (53) पत्नी गोकिल प्रसाद गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे होली के त्योहार पर घर की लिपाई के लिए मिट्टी लाने को आबादी के निकट स्थित तालाब पर गई थी। तालाब के किनारे ग्रामीणों द्वारा खोदी गई मिट्टी की ढांग काफी गहरी हो गई। वहीं हरकली भी अपने घर की लिपाई के लिए मिट्टी खोदने लगी। उसी समय अचानक क्विंटलों मिट्टी की ढांग भरभरा कर हरकली देवी के ऊपर जा गिरी। जिससे वह मिट्टी के नीचे पूरी तरह से दब गई। तब ही तालाब में गोबर डालने गई गांव के मुकुट सिंह की पत्नी ने मिट्टी की ढांग को गिरते देखा तो उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। थाना पुलिस भी पहुंच गई। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद मिट्टी हटाकर महिला को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसका दम निकल चुका था।

### भांजी से दुष्कर्म में जिला पंचायत सदस्य समेत 8 नामजद

**रामपुर, अमृत विचार :** भांजी को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में जिला पंचायत सदस्य सहित आठ लोग नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के अनुसार, वह तीन वर्ष से मुंबई में रहकर फैशन डिजायनर और मेकअप आर्टिस्ट का काम करती है। उसके परिवार में उसकी मां और जुड़वा बहनें हैं। उसके पिता की मौत वर्ष 2012 में हो चुकी है। वह मुरादाबाद में रहने वाले मामा के यहां रहकर बड़ी हुई है। उसके नाना व मामा के नाम पर करीब 350 बीघा जमीन है। उन दोनों की मौत हो जाने के बाद इस जमीन की वारिस उसकी मां है। इस जमीन पर उसके चाचा के लड़कों की नजर है। उसकी मां इन लोगों के कब्जे में 14 साल से है। वह अपनी मां को नौ माह पहले इनके कब्जे से छुड़ाकर ले गई थी। वह जमीन के कागजात और सबूत एकत्र करने के लिए 29 फरवरी को घर आई थी। उसने मौलाना का वीडियो बनाया था। इसके बाद नौ दिन पहले वह गांव आई और कागजात कचहरी से निकलवाए थे। इससे आरोपी भड़क गए। आरोप है कि 13 मार्च को सात बजे आरोपी उसे कार में जबरन डालकर अपने घर चमरौआ ले गए।

## खेल-खेल में कक्षा चार के छात्र ने फंदा लगाया, मौत

**लखनऊ, अमृत विचार :** अलीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर खेल-खेल में कक्षा चार के छात्र ने फंदा लगा लिया। मां कमरे में पहुंची तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मूलतः सीतापुर निवासी सिद्धार्थ त्रिवेणी नगर निवासी अमित कुमार के मकान में सर्वेंट क्वार्टर में परिवार के संग रहते हैं। वह पेंटिंग का काम करते हैं। परिवार में पत्नी बबीता के अलावा दो बेटे हैं। बबीता मकान मालिक के घर में खाना बनाती हैं। बड़ा बेटा आदर्श गौड़ (12) एलपीएस में कक्षा चार का छात्र था। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर बबीता अमित के किचन में खाना बना रहीं थी। कुछ देर बाद वह घर पहुंचीं तो आदर्श का शव फंदे से लटका मिला।

# सोशल मीडिया से जनता तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचायें

ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यशाला में संगठन के बड़े पदाधिकारियों ने दी सलाह

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के साइबर योद्धा होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सभी भ्रामक कंटेट पर प्रतिक्रिया करने से बचे और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचायें। संगठन के बड़े पदाधिकारियों ने यह सलाह पार्टी की गुरुवार को संपन्न सोशल मीडिया प्रदेश कार्यशाला में दी।

राजधानी के अटल बिहारी बाजपेयी सांइटिफिक कन्वेशन सेंटर में कार्यशाला की शुरुआत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने की। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता तथा सोशल मीडिया संयोजक अंकित चंदेल मौजूद रहे। कार्यशाला में क्षेत्र एवं जिलो के सोशल मीडिया के संयोजक व सहसंयोजक और प्रभारी भी शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि वर्तमान युग डिजिटल युग है जिसमें त्वरित जानकारी और त्वरित प्रतिक्रिया प्रत्येक व्यक्ति के पास उपलब्ध है। चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह ने विचार रखा कि, आने वाले दिनों में विपक्ष अपने हथकंडों के साथ सोशल मीडिया पर भ्रम, झूठ, फरेब से नकारात्मक नेरेटिव क्रिएट करने का प्रयास करेंगे, लेकिन हम तथ्यों के आधार पर विपक्ष के झूठ को बेनकाब करने का काम करें।


### निदेशक बेसिक शिक्षा परिषद तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूलों में चयनित शिक्षकों की नियुक्ति को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के विशेष सचिव और निदेशक बेसिक शिक्षा परिषद को शुक्रवार को हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमुर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने उमेश कुमार वर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त नियुक्ति पिछले 5 वर्षों से लटकी है। कोर्ट इस मामले की सुनवाई प्रतिदिन कर रही है। याचियों की तरफ से बहस कर रहे वकील का कहना था कि बेसिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2019 में कुछ स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण कार्य करने का निर्णय लिया था। इसके लिए विशेष योग्यता के अध्यापकों की आवश्यकता थी। परिषद ने कार्यरत अध्यापकों से योग्यता के आधार पर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने के लिए आवेदन आमंत्रित किया और अध्यापकों के लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद उन्हें विद्यालय आवंटित कर दिए गए, लेकिन अब तक किसी भी अध्यापक को आवंटित विद्यालय में नियुक्ति नहीं दी गई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले में विभाग के वकील से जानकारी मांगी लेकिन वह कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके।

### वसीम बरेलवी समेत 13 प्रसिद्ध शायर अपनी रचनाओं से बताएंगे राम की महिमा

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी ऐतिहासिक आयोजनों की भी साक्षी बन रही है। इसी तरह का अपने आप में पहला आयोजन आज 22 मार्च को शाम 6 बजे से तुलसी उद्यान में अदब-ए-श्रीराम का होगा। इस मुशायरे में वसीम बरेलवी समेत 13 प्रसिद्ध शायर अपनी रचनाओं से राम की महिमा बताएंगे। उत्तर प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार अयोध्या में रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत अब देश के प्रसिद्ध शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बड़ा मुशायरा होने जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजन से जुड़े युवा कवि रामायण धर द्विवेदी ने बताया कि इस मुशायरे में प्रसिद्ध शायर अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल, मनीष शुक्ल, श्वेता श्रीवास्तव अज़ल और चराग़ शर्मा प्रभु राम द्वारा स्थापित आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे।




### जिसे तस्कर बताया वह तीसरी बार बरी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सरकारी कागज का पेट भरने और अपनी पीठ थपथपाने के लिए पुलिस ने एक बेकसूर को शराब तस्कर बना डाला। चोरगलिया पुलिस ने ऐसा एक नहीं कई बार किया और हर बार पुलिस अपने ही बनाए फर्जी जाल में फंस गई। ये तीसरा मौका है जब कोर्ट ने आरोपी को बरी किया है। मामले में आरोपी बसंतपुर चोरगलिया निवासी सोनू राम की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि चोरगलिया पुलिस ने सोनू को 29 सितम्बर 2020 को रामबाग से अंदर जंगल मे बने नलकूप से गिरफ्तार किया था सोनू शराब बरामदगी का नमूना भी लिया लेकिन कोर्ट में पेश नहीं किया। जो नमूना दिखाया गया, उसमें बरामद करने वाले के हस्ताक्षर ही नहीं हैं। जिस पर द्वितीय अपर सिविल जज अलका ने आरोपी को बरी कर दिया। अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया था कि पूर्व में भी चोरगलिया पुलिस ने सोनू को ऐसे ही मामले में गिरफ्तार किया था और तब बरामद माल पर पुलिस ने अपने बजाय एसडीएम की मुहर लगा दी थी, जो नियम विरुद्ध था। पुलिस सोनू के साथ ऐसा तीन बार कर चुकी है और हर बार सोनू को कोर्ट ने बरी कर दिया।

### कॉर्बेट पार्क में पेड़ काटने के दोनों आरोपी जेल भेजे

**रामनगर, अमृत विचार :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की बेला रेंज के अंतर्गत बेला भाबर ब्लॉक पथरूवा पूर्वी बीट में काटे गए यूकेलिप्टिस के 36 पेड़ों की बल्लियों को सीटीआर ने कब्जे में ले लिया है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी वन गुर्जर मो. गफूर पुत्र गुलाम रसूल निवासी ग्राम कुमुगडार व शमशेर अली पुत्र आलम गीर निवासी कुमुगडार को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से बरामद दो बुग्गियों एवं एक बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में एक वन दरोगा और एक वन आरक्षी को निलंबित किया गया है। जांच में यदि कोई और भी दोषी पाया गया तो उस पर भी कार्रवाई होनी तय है।

### मजदूर की मौत पर काटा हंगामा

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** बगवाड़ा चौकी इलाके में सरिया फैक्ट्री में काम करने वाले एक श्रमिक की मौत गुत्थी बन गई है। परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। हंगामे की सूचना मिलने पर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि मृतक के पेट में नुकीला नुमा सरिया से चोट के निशान भी हैं। किच्छा निवासी 22 वर्षीय मंजीत सिंह नेशनल हाईवे 74 शिमला पिस्तौर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। गुरुवार को रोजमर्रा की भांति काम पर गया कि अचानक मशीन पर काम करते वक्त युवक गश खाकर गिर गया। युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हथियार जमा न करने पर होगी कार्रवाई

**काशीपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही देशभर में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है, जिसके तहत पुलिस प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। पुलिस ने लाइसेंसी हथियारों को जमा करने के नोटिस भी जारी कर दिये हैं। वहीं लोगों से भी लाइसेंसी हथियार जमा करने के निर्देश दिये हैं। काशीपुर कोतवाल आशुतोष सिंह ने एक अपील जारी करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत सभी शस्त्र धारक अपने-अपने शस्त्र गन हाउस या कोतवाली में आज ही जमा करा दें।

## उत्तराखंड

# पार्क में बढ़ रहे हैं मगरमच्छ और घड़ियाल, कम हो रहे ऊदबिलाव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कॉर्बेट नेशनल पार्क में जलीय जीवों की गिनती हुई पूरी

**अमृत विचार :** कॉर्बेट नेशनल पार्क में जलीय जीवों मगरमच्छ, घड़ियाल, ऊदबिलाव की गिनती पूरी हो गई है। पार्क में 197 मगरमच्छ और 183 घड़ियाल मिले हैं, इनकी संख्या में तो उत्साही परिणाम हैं। वहीं 161 ऊदबिलाव मिले हैं हालांकि इनकी संख्या में कमी आई है। इसके बाद पार्क प्रशासन इन जलीय जीवों के संरक्षण व संवर्द्धन की योजना बना रहा है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत रामनगर, कालागढ़ टाइगर रिजर्व समेत सभी 12 वन रेंजों में बीती 5 से 7 मार्च तक तीन दिनी जलीय जीवों की गणना का परिणाम आ गया है। वन अधिकारियों के अनुसार, गणना में वन व वॉलंटियर्स की टीम ने कॉर्बेट नेशनल पार्क में बहने वाली सोना नदी समेत अन्य नदियों, तालाब, कालागढ़ डैम वगैरह में डायरेक्ट साइटिंग मैथड से मगरमच्छ, ऊदबिलाव, घड़ियाल की गिनती की। सभी 12 रेंजों में अलग-अलग टीमों की गणना के परिणामों को संकलन किया गया। इसके बाद गुरुवार को पार्क प्रशासन ने नतीजे जारी किए।

गणना के अनुसार मगरमच्छ की संख्या में पिछले वर्ष की अपेक्षा 68 और घड़ियाल की संख्या में 81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि ऊदबिलाव की संख्या में 22 प्रतिशत की कमी आई है। इसके बाद पार्क प्रशासन ने इन जलीय जीवों के संरक्षण व संवर्द्धन पर काम शुरू कर दिया है।

## नेपाल से तस्करी कर लाई सिगरेट पकड़ी

**खटीमा।** झनकइया पुलिस ने नेपाल से तस्करी कर कार से लाई जा रही 10 पेटी अवैध सिगरेट पकड़ी है। पुलिस द्वारा बुधवार रात्रि मेलाघाट रोड स्थित 22 स्कूल पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान करीब अर्धरात्रि पुलिस ने नेपाल सीमा की ओर से आ रही कार को रोका और उसकी तलाशी ली।

पुलिस ने कार में रखी हुई पेटियां देखी। उन्होंने पेटियों की जांच की तो उसमें नेपाल में बनी खुकरी सिगरेट बरामद हुई। पुलिस ने कार, चालक ऊंची बगुलिया निवासी सिद्धार्थ कुमार को समान सहित कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर बरामद सिगरेट कार और आरोपी को कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया।

# सेना में नौकरी का झांसा देकर ठगने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले गैंग के सरगना को एसटीएफ ने देहरादून से गिरफ्तार किया है। सरगना अपने नेटवर्क के जरिए युवाओं को नौकरी का झांसा देता था और लाखों रुपये ऐंठने के बाद गायब हो जाता था। एसटीएफ को उसकी पिछले तीन माह से तलाश थी।

एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि पंकज सिंह निवासी बपरोला पश्चिमी दिल्ली ने पर्वतीय इलाकों के शिक्षित बेरोजगारों को सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी को अंजाम दिया था। अपने नेटवर्क के जरिए वह युवाओं को अपने जाल में फंसाता था। 16 दिसंबर 2023 को प्रभारी निरीक्षक जौलजीवी ने ठगी का मुकदमा पंजीकृत कर मुख्य सरगना पंकज की गिरफ्तारी के अथक प्रयास किए। बावजूद मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाया था, जबकि नेटवर्क से जुड़े तीन आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

एसएसपी ने बताया कि आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित होने के बाद कुमाऊं एसटीएफ को गिरफ्तारी का जिम्मा मिला, जिसके बाद बुधवार को इनपुट मिला कि मुख्य आरोपी पंकज देहरादून के राजपुर रोड में देखा गया। एसटीएफ देहरादून व कुमाऊं की संयुक्त टीम ने दबिश देकर इनामी सरगना को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप

### बाद में लागू नियमों के आधार पर पुरानी पेंशन का अधिकार नहीं छीन सकते: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत कर्मचारी के पूर्ण पेंशन भुगतान मामले में विचार करते हुए कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी को जो अधिकार पहले मिल चुके हैं उन्हें बाद में लागू किए गए नियम के पूर्वव्यापी आवेदन के कारण छीना नहीं जा सकता है। यानी सेवानिवृत्ति कर्मचारी के पक्ष में पहले से ही अर्जित अधिकारों को पूर्वव्यापी रूप से वापस नहीं लिया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने इस आधार पर याचिका को अनुमति देने और पूर्ण पेंशन के भुगतान के लिए अहर्क सेवा के निर्धारण के उद्देश्य से तदर्थ डॉक्टर के रूप में प्रदान की गई याची की सेवाओं की गणना करने का निर्देश जारी करने में एकल न्यायाधीश द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण से कोर्ट ने सहमति व्यक्त की। हालांकि सरकारी अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची को भर्ती के नियमों के अनुसार नियुक्त नहीं किया गया था, इसलिए उसके द्वारा प्रदान की गई पिछली तदर्थ सेवाओं को उत्तर प्रदेश अधिनियम 1, 2021 के तहत सेवा में नहीं जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन कोर्ट ने उक्त तर्क को स्वीकार नहीं किया।

### 2,54,758 शस्त्र जमा, 279 जब्त किए गए

**लखनऊ, अमृत विचार :** चुनाव आयोग द्वारा की गई कार्रवाई में पूरे प्रदेश में कड़ी कार्रवाई की गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 24,59,020 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गईं। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 15,02,893 तथा निजी स्थानों से 9,56,127 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 1,63,987, पोस्टर के 6,94,513, बैनर के 4,45,461 एवं अन्य 1,98,932 मामलों में कार्यवाही की गयी। गैर कानूनी सभा, भाषण एवं अन्य मामलों में 05 एफआईआर दर्ज की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी एवं नार्कोटिक्स व अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। पुलिस विभाग द्वारा 20 मार्च तक 2,54,758 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा अपराधियों के 279 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए।

### अली अहमद की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई सुनवाई

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को गुरुवार को अपर मुख्य न्यायाधीश पलाश गांगुली के समक्ष जेल से लाकर व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं किया जा सका। चार मामलों में होने वाली कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गई। अली के खिलाफ चार मामलों में आरोप पर भी सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि एक आरोपित जो जमानत पर रिहा है, वह कोर्ट के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है।

### पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 30 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 मार्च की तारीख नियत की है ।केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है ।अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

### योजना बनाकर किसानों से संपर्क कर खरीदें गेहूं

**लखनऊ, अमृत विचार :** गेहूं खरीद की मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंडलीय समीक्षा में अधिकारियों को योजना बनाकर किसानों से खरीद करने के निर्देश दिए। कहा, चार वर्ष से सरकारी केंद्रों पर उपज बेच रहे किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करें और उन्हें प्रेरित कर समर्थन मूल्य का लाभ दिलाएं। गुरुवार को मंडलायुक्त ने आयुक्त सभागार में गेहूं खरीद 2024-25 की लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली व लखीमपुर खीरी की समीक्षा की। अधिकारियों ने 1 मार्च से लखनऊ में 45, उन्नाव में 91, रायबरेली में 114, हरदोई में 145, सीतापुर में 165 व लखीमपुर खीरी में 156 केंद्र संचालित करने की जानकारी दी। कहीं पर गेहूं की कटाई न होने के कारण खरीद शुरू तक नहीं हुई है। मंडल में कुल 8830 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# अनाधिकृत वाहनों व वस्तुओं की होली पर होगी धर-पकड़

## प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री पर रहेगी नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली के पर्व पर सभी जिलों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान गुरुवार से शुरु हो गया है। इतना ही नहीं सड़कों पर दौड़ी रहीं सभी बसों के भीतर भी गैरकानूनी वस्तुओं की चेकिंग के निर्देश हैं। यह अभियान 01 अप्रैल तक चलेगा। साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को मेनटेंनेंस के साथ चलाने को कहा गया है।

चेकिंग अभियान के दौरान यह भी देखा जाएगा कि बसों में अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जा सके। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने भी सभी संभागीय व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को गुरुवार को निर्देशित किया है कि, होली के महत्वपूर्ण अवसर पर उप्र. के अंदर आने वाली, यहां से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा राज्य के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय प्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है। वहीं, होली पर यात्रियों के भारी संख्या में आवाजाही की संभावनाओं को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस क्रम में सभी क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

- 1 अप्रैल तक चलेगा अभियान सभी बसें चलाई जाएंगी

### शत-प्रतिशत बसें होंगी ऑनरोड

उप्र. परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने गुरुवार को जारी एक सूचना में कहा कि 24 व 25 मार्च को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके बाद विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। इस कड़ी में प्रत्येक क्षेत्र सभी बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को मजबूत व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। सभी सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा। एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग, आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## भाजपा ने की तीन राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीन राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की है। राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया है। उप्र. सरकार के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को अरुण सिंह के साथ आंध्र प्रदेश का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। सिद्धार्थनाथ सिंह पूर्व में आंध्र प्रदेश के संगठन प्रभारी भी रह चुके हैं।

राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को हरियाणा और राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। तीनों राज्यों में सह प्रभारी भी बनाए जाने के क्रम में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को सतीश पूनिया के साथ हरियाणा का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में भाजपा की महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर और पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा को सहस्त्रबुद्धे के साथ राजस्थान का सह-प्रभारी बनाया गया है।

# शाइस्ता और जैनब के छिपे होने के इनपुट पर आधी रात को पड़ा छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पुलिस ने प्रयागराज के चकिया और हटवा क्षेत्र को घेरा

**अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन और उसकी देवरानी जैनब उर्फ रूबी के शहर आने की सूचना पर बुधवार की देर रात सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आधा दर्जन थानों की फोर्स लेकर पहुंचे पुलिस अफसरों ने आधी रात प्रयागराज के चकिया और हटवा में छापा मारना शुरू कर दिया। इस दौरान चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। रास्तों से गुजरने वाली हर लग्जरी कार को रोककर चेकिंग की गई। रात 12:00 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन सुबह चार बजे तक चलता रहा।

माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त है। उधर उसके देवर अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उर्फ रूबी की भी पुलिस तलाश कर रही है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार हैं। प्रयागराज पुलिस के साथ ही एसटीएफ भी उनकी तलाश में लगी हुई है। बुधवार रात 11:30 बजे के करीब बताया गया कि शाइस्ता परवीन और जैनब किसी से मिलने शहर में पहुंची हैं। इसके बाद आधे घंटे के भीतर तमाम अफसर धूमनगंज पहुंच गए। यहां आधा दर्जन थानों की फोर्स भी बुला ली गई। रात करीब 12:00 बजे भारी पुलिस बल ने पहले हटवा गांव में छापा मारा। पुलिस फोर्स अतीक के करीबियों के घर के आसपास पहुंची और वहां रहने लोगों से पूछताछ की। गांव की ओर आने वाली हर लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई। हटवा से होते हुए पुलिस फोर्स चकिया पहुंची। यहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस फोर्स अतीक के मलबे में तब्दील हो चुके पैतृक मकान पर भी पहुंची और तलाशी ली। बताते चलें कि शाइस्ता परवीन पिछले साल 16 अप्रैल को आखिरी बार शहर में देखी गई थी। अतीक और अशरफ की हत्या के अगले दिन वह माफिया के करीबी जफरुल्लाह के खुल्दाबाद स्थित घर पर पहुंची थी।

# आन डिमांड हथियार तैयार करने का चल रहा था धंधा, 3 गिरफ्तार

संवाददाता, मेरठ

- सोशल साइटस पर खोजते थे ग्राहक, चुनाव के लिए तैयार हो रहे थे हथियार

**अमृत विचार :** मेरठ में पुलिस ने एक हथियार फैक्ट्री का खुलासा करके तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया कि वे आनडिमांड हथियार तैयार करके सप्लाई करते थे। पुलिस को आशंका है कि इस फैक्टरी में चुनाव में खून खराबे के लिए अवैध हथियार तैयार किए जा रहे थे। ये फैक्ट्री लिसाडी थाना क्षेत्र में सुहैल गार्डन इलाके में चल रही थी। मास्टर माइंड फुरकान व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

समर गार्डन चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला के अनुसार हथियार सप्लायर फुरकान (50), समीर, सरताज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि सुहैल गार्डन के पास एक खंडहर में अवैध तमंचे तैयार किए जा रहे थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मकान में दबिश दी। गिरफ्तारी के बाद सरगना फुरकान ने बताया कि चुनाव को लेकर तमंचे तैयार किए जा रहे थे। चुनाव के दौरान तमंचों की डिमांड ज्यादा होती है। जिन्हें सोशाल मीडिया के माध्यम से बेचा जा रहा था। पुलिस ने चार तमंचे, दो कारतूस, पांच नाल, 11 अधबने तमंचे बरामद किए हैं। आरोपी सोशल साइटस के माध्यम से ग्राहक खोजते थे और 10 से 12 हजार में तमंचा बेच देते थे।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण बहस नहीं हो सकी। कोर्ट में बहस के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# 1.75 करोड़ से अधिक कापियां जांची गईं

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों की पौने दो करोड़ से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया है।अधिकारियों की सख्ती का असर मूल्यांकन में देखने को मिल रहा है। शिक्षकों ने जिस तरह से रफ्तार पकड़ी है उससे उम्मीद है कि अब निर्धारित अवधि से पहले ही सभी बच्चों की कॉपियां चेक हो जायेंगी। लखनऊ के पांच केन्द्रों सहित प्रदेश सभी 259 केन्द्रों पर कक्षा 10 और 12 के बच्चों की कॉपियां लगातार चेक हो रही है। मूल्यांकन प्रक्रिया पर माध्यमिक शिक्षा विभाग लगातार आनलाइन निगरानी बनाये हुए है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से भेजी गई जानकारी के मुताबिक गुरूवार को कुल 43,06,210 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन पिछले 16 मार्च से जारी है। अभी तक कुल 1,78,31,337 कॉपियां चेक हुई हैं।

### 59.49 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा

इस बारे में माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि जिस तरह से शिक्षकों ने मूल्यांकन तेजी से किया है उससे उम्मीद है कि निर्धारित अवधि 31 मार्च से पहले पहले ही हम सभी कॉपियो को चेक करवाने में सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 3.1 करोड़ कापियों के सापेक्ष अभी तक हमने 59.43 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन पूरा करवा लिया है, इसमें शिक्षकों का अहम योगदान है।

# नाबालिग साली से दुष्कर्म व हत्या करने के दोषी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- आरोपी पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया



**अमृत विचार :** नाबालिग साली से दरिंदगी और फिर उसकी हत्या करने के मामले में दोषी जीजा रोहित को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

फिरोजाबाद निवासी पीड़ित पिता ने 30 मई 2023 को मामला दर्ज कराया था, जिसमें उसने पुलिस को बताया था कि उसकी बड़ी बेटी की छोटी पुत्री की अचानक मृत्यु हो गई थी, जिस पर वह अपनी छोटी पुत्री को उसके घर छोड़ आया था। 30 मई 2023 को उसके दामाद रोहित ने शराब के नशे में उसकी छोटी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। जिसकी सूचना उसकी बड़ी बेटी ने फोन पर उसे दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। मामले की जांच कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई। यह मामला न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट में चला। डीजीसी फौजदारी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र तोमर व मृदुल मिश्रा ने बहस के दौरान मामले में कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने गुरुवार को मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें अभियुक्त रोहित को फांसी की सजा सुनाई गई।

साथ ही पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियुक्त को इटावा जेल भेज दिया गया।

## विमान से मुरादाबाद की यात्रा के लिए अभी और कीजिए इंतजार

**लखनऊ, अमृत विचार :** उड़ान योजना के तहत पांच जिलों के विमान सेवा शुरू होने की घोषणा तो हो गई मगर मुरादाबाद तक का सफर विमान से करने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से दो मार्च से श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट के लिए विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया था। मगर दो मार्च से उड़ानों का संचालन नहीं हो सका। दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल 3 का शुभारंभ हुआ। 11 मार्च से फ्लाइबिग एयरलाइंस ने विमान सेवाओं का संचालन शुरू किया। चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए सेवाएं शुरू की हैं। मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है।

# मातृत्व अवकाशों के बीच 2 साल का अंतर अनिवार्य नहीं


विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मातृत्व लाभ से संबंधित एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार यह कोई अनिवार्य शर्त नहीं है कि पहले और दूसरे मातृत्व अवकाश के बीच दो साल का अंतर होना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने श्रीमती रेशमा की याचिका पर विभाग को नए सिरे से आदेश देने का निर्देश देते हुए पारित किया।

कोर्ट ने माना कि बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमरोहा ने याची की छुट्टी को अस्वीकार करने में स्पष्ट गलती की है। जबकि अधिनियम 1961 की धारा 27 के तहत याची मातृत्व अवकाश लेने की हकदार है। विभाग ने याची के मातृत्व अवकाश को 'अनुमान्य नहीं' कहकर खारिज कर दिया था। हालांकि विभाग के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची वित्तीय हैंडबुक के नियम 153 (1) के अनुसार मातृत्व अवकाश की हकदार नहीं है क्योंकि उक्त नियम के अनुसार प्रथम मातृत्व अवकाश की समाप्ति और दूसरे मातृत्व अवकाश के अनुदान के बीच दो वर्ष से काम का अंतर नहीं होना चाहिए, जबकि याची ने 4 जनवरी 2021 को बेटे को जन्म दिया और 11 जून 2022 को फिर से मातृत्व अवकाश के लिए आवेदन किया। इस करण याची का द्वितीय मातृत्व आकाश आवेदन आक्षेपित आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

## वर्ग पहेली-17




**बाएं से दाएं**

2.1. मानव मुख से नि:सृत सार्थक शब्द, ध्वनि 2. बोलने या बातचीत करने की शक्ति, वाचा 3. मुंह के अंदर का वह लंबा चपटा मांस पिंड जिससे रसों का आस्वादन और उसकी सहायता से शब्दों का उच्चारण होता है, जिह्वा 4. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी, सरस्वती।

4.1. अकथित, अनुक्त, अनभिव्यक्त 2. अवर्णित, अनुल्लिखित।

6.1. पेड़ की टहनी या बांस आदि का किसी लंबी वस्तु के दबाव आदि से झुकना या मुड़ना, लचना 2. नखरे-नज़ाकत से स्त्रियों की कमर का बल-खाना।

7. पिया जाने वाला पदार्थ, पेय पदार्थ

8.1. ढुलकने वाली वस्तु या चीज़, बेलन, बेलना 2. एक प्रकार का वाहन जिसका उपयोग भूमि समतल करने के लिए किया जाता है 3. बालों को घुंघराले करने का एक उपकरण।

9.1. बादलों का समूह, मेघमाला 2. (संगीत) मेघ राग की एक रागिनी।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां दवाओं का निर्माण अथवा बिक्री होती है

3.1. मोहित करना, रिझाना 2. मन में अपने प्रति चाह उत्पन्न करना, ललचाना 3. बहकाना।

4.1. अकड़ने की क्रिया या भाव, ऐंठ, तनाव 2. घमंड, अहंकार, दर्प, हेकड़ी 3. ठंड आदि के कारण अंगों में होने वाली अकड़ाहट, कड़ापन, तनाव 4. स्वाभिमान, गर्व 5. ज़िद, हठ, ढिठाई 6. हिमाकत। (मु.)-जाना : ज़िद या हठ पर अड़ जाना, सूखकर कड़ा हो जाना। -दिखाना : अभिमान प्रदर्शित करना।

5.1. कार्य पूरा करने का साधन, अभीष्ट सिद्ध करने का साधन, प्रयास 2. उपाय, उद्योग, युक्ति, तरकीब 3. प्रबंध, इंतज़ाम 4. सुझाव।

7. पिटारी, छोटी पिटारी।

## वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 सु | ■ | ■ | ■ | 2 दृ | ध |
| 3 खु | र | खु | रा | ना | ■ | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 4 आ | मि | ष | भो | 5 जी | ■ | 6 ध |
| ■ | नी | ■ | ■ | वां | ■ | नु |
| 7 मी | ■ | ■ | ■ | 8 त | 9 लु | आ |
| 10 त | ली | ■ | 11 अं | क | क | ■ |

## सुडोकू -96

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

## सुडोकू -95 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी पूर्ण रात्रि।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 23 मार्च 04.28 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** - आज आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। महिलाओं को यात्रा आदि के दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का बोझ कम होगा। भाई-बहनों के मध्य प्रेम भाव बढ़ेगा।

**वृष** - आज व्यापार को गतिशील रखने के लिए बड़ा निवेश करना पड़ेगा। घर के लोगों से नाराजगी हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन समय पर कर लेना चाहिए। मित्रों के साथ अनबन होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** - आज स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। दूसरे शहरों में रहने वाले लोग अपने शहरों की यात्रा कर सकते हैं। नई संपत्ति की खरीदी करने का विचार बना सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**कर्क** - आज कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसका परिणाम सार्थक ही होगा। आडंबर और दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

**सिंह** - आज कारोबार में आपको बड़े अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आप सबके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिससे आप सबके चहेते बन जाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** - आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। कानून विरुद्ध जाकर भी कोई काम करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऑफिस कनिष्ठों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला** - आज तय समय पर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक धन लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** - आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेनदेन में चूक हो सकती है। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। व्यक्तिगत समस्याओं का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है।

**धनु** - आज घर में मेहमान आ सकते हैं। मनोरंजन युक्त चर्चाओं का आनंद उठाएंगे। परिजन आपका सम्मान करेंगे। धर्म को लेकर मन में कुछ गलत बातें मन में आ सकती हैं। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मकर** - आज दूसरों के कार्यों में अनर्गल हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है। अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग न करें। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे। आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** - आज राजनीति से जुड़े लोगों को मीडिया में प्रसिद्धि मिल सकती है। समझदारी पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं।

**मीन** - आज कुछ लोग आपकी खुशियों और सफलता से ईर्ष्या करेंगे। रक्तचाप के रोगियों को थोड़ी भी असहजता महसूस हो तो कृपया तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। महिला वर्ग अपने काम को लेकर कुछ तनाव में हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नजर के सामने - सुबह : 11.00
तकदीर का तमाशा - रात : 07.00

SONY PIX
टैक्सी ड्राइवर - सुबह : 09.55
स्पाइडर मैन 2 - रात : 09.00

SONY MAX
पटेल की पंजाबी शादी - सुबह : 10.52
आशिकी - रात : 07.00

ZEE CINEMA
तरला - सुबह : 10.05
जब हैरी मेट सेजल - रात : 08.30

colors CINEPLEX
महान - सुबह : 10.30
दिल - रात : 07.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**–डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

### भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए फिक्की-आईबीए बैंकर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# बैंकों के एनपीए में पिछले 6 माह में आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है।

उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित

**निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घट गया**



कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।

सर्वेक्षण में कहा गया, प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

### बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं। निर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विवरण दिया गया है।

### देश के नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

**नई दिल्ली।** देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।

## डिजिटलीकरण के जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने दी सलाह



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा-विकास वास्तव में स्वागत योग्य हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## भारत का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी अवधि में बढ़कर 21.22 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से जनवरी में कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था। जनवरी, 2024 में कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.21 करोड़ टन रहा है।

### देश में 39 प्रतिशत घट गया पीई और वीसी निवेश

**मुंबई।** निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) निवेश फरवरी में 39 प्रतिशत घटकर 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 3.7 अरब डॉलर रहा था। बृहस्पतिवार को जारी को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। वहीं, मासिक आधार पर पीई और वीसी निवेश में 67 प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग लॉबी समूह आईवीसीए और सलाहकार फर्म ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में सौदों की संख्या बढ़कर 120 हो गई। जनवरी में सौदों की संख्या 86 और फरवरी, 2023 में 57 रही थी।

## सेंसेक्स 539 अंक चढ़कर 72,641 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, एनटीपीसी टॉप गेनर रहा



वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली। फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर रहने के बावजूद इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती की राह पर चलने का संकेत दिया है।



## एक नजर

### एसएससी कांस्टेबल भर्ती की 30 को होगी दोबारा परीक्षा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों के वास्ते 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), सचिवालय सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

### जयपुर में कॉपर कंपनी के परिसरों की ली गई तलाशी

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 48.06 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने जयपुर में स्वास्तिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण कारोबार में लगी कंपनी और उसके निदेशकों और गारंटरों पर बैंक को धोखा देने का मामला दर्ज किया है। कहा कि सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी के निदेशकों/गारंटर संदीप जैन और इंद्र जैन, पूर्व निदेशक नीलम जैन, शरद कुमार बाकलीवाल और अन्य अज्ञात लोगों को नामित किया है।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को नोटिस

### सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी-दो सदस्यों पर हमला गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया। घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई जहां वकील हड़ताल पर थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि वकीलों ने कथित तौर पर

**वरिष्ठ वकील के साथ हाथापाई का मामला**



दुर्व्यवहार किया और भाटिया का 'कॉलर बैंड' छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। पीठ ने कहा-ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रहे और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि बार के सदस्यों की हड़ताल से उन वादियों पर असर पड़ता है जो न्याय प्रणाली में अहम हितधारक हैं। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने भी भाटिया के साथ गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में एक वकील द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है।

एससीबीए ने न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन अदालत कक्ष के अंदर मौजूद एक वकील द्वारा किए गए इस गंभीर दुर्व्यवहार का संज्ञान लेता है और संबंधित वकील के ऐसे गैर-पेशेवर और गैर कानूनी कृत्य की कड़ी निंदा करता है जो संपूर्ण कानूनी बिरादरी को बदनाम करता है। एससीबीए ने कहा कि वह जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी समिति से उक्त वकील की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

### गैस रिसाव से लगी आग, तीन बच्चों सहित पांच की मौत

**जयपुर।** जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए।

## कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी



- बैंक खाता सीज किए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए मुखर
- खाते में 285 करोड़ रुपये लेकिन चुनावी खर्च के लिए संकट
- पार्टी अध्यक्ष खरगे, सोनिया व राहुल गांधी केंद्र पर हमलावर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सीज करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और मोदी तथा शाह की सह पर सीज किए गए हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सीज होने की वजह से नहीं किया जा सकता है।

पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सीज कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉण्ड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं।

### आसन्न हार से हताश कांग्रेस बहाने बना रही

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है।

## सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस की नेता मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने धन लेकर सवाल पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की। लोकपाल ने मोइत्रा के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लगाए गए आरोपों पर सीबीआई की प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष मिलने के बाद एजेंसी को निर्देश जारी किए हैं। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले में मोइत्रा के खिलाफ शिकायतों के सभी पहलुओं की जांच करने के बाद छह महीने में अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। लोकसभा ने पिछले साल दिसंबर में अनैतिक आचरण के लिए मोइत्रा को निष्कासित कर दिया था।

## सांसद कार्ति चिदंबरम ने ली थी 50 लाख की रिश्वत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

- चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ईडी ने दाखिल किए आरोप पत्र



ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिए एक कंपनी में निवेश की गए, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने कहा कि उनके वकील अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्रा.लिमि., अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमि. और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए हैं।

# छापे के बाद आप नेताओं में विद्रोही चर्चाओं का दौर शुरू

नई दिल्ली, ब्यूरो

- केजरीवाल पर कार्रवाई से लोकसभा चुनाव होगा प्रभावित
- अगले महीने दिल्ली में मेयर का भी है चुनाव

**अमृत विचारः** दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तलब करने के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा कोई राहत न मिलने के बाद और गुरुवार की रात निदेशालय की एक टीम द्वारा की गई छापे की कार्रवाई के बाद आम आदमी पार्टी नेताओं में विद्रोही चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। यदि मुख्यमंत्री जेल जाते हैं तो आम आदमी पार्टी टूट सकती है और लोकसभा चुनाव में पराजय के साथ ही दिल्ली नगर निगम की सियासत पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

आप नेताओं को आशंका हैं कि केजरीवाल की अनुपस्थिति में दिल्ली के मेयर पद पर भी बीजेपी का कब्जा हो सकता है। मेयर का चुनाव अगले महीने होना है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद ईडी के अधिकारी गुरुवार रात को ही पूछताछ के लिए केजरीवाल को गिरफ्तार कर ले गए हैं।

गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी के मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया है। ऐसे में आप प्रमुख के ऊपर ईडी का शिकंजा और ज्यादा कसता जा रहा है। माना जा रहा है कि ईडी के द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद से आप नेताओं में भगदड़ की स्थिति भी बन सकती है।

वहीं आप के एक नेता कहा कि जाहिर सी बात है कि यदि पार्टी का मुखिया जेल चला गया तो इसका असर लोकसभा चुनाव के प्रबंधन पर भी पड़ेगा। वहीं आप के एक और नेता ने माना है कि इसका असर निगम की राजनीति पर भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल महीने में मेयर का चुनाव होना है। पार्टी के कुछ पार्षद पार्टी नेतृत्व से नाराज भी हैं, क्योंकि मेयर के दो कार्यकाल बीत जाने के बावजूद अभी तक निगम की समितियों का गठन नहीं हुआ है। जिसकी वजह से मेयर और नेता सदन को छोड़कर एक भी निगम के पार्षद को कोई भी मौका नहीं मिल सका है।

उधर पार्टी के सूत्र बताते हैं कि मेयर के चुनाव में यदि भारतीय जनता पार्टी ने थोड़ी सी मेहनत कर ली तो करीब दो दर्जन निगम पार्षद टूट सकते हैं। ऐसे में मेयर का चुनाव जीतना बीजेपी के लिए आसान हो सकता है। वहीं यदि केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो वह किसी भी राज्य में प्रचार के लिए नहीं जा सकेंगे। फिलहाल पार्टी का ज्यादा ध्यान दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और गुजरात पर है। दिल्ली और हरियाणा में आप कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में दोनों दल अलग-अलग हैं।

### तमिलनाडु में ईडी ने विजयभास्कर के आवास पर मारा छापा

**पुडुकोट्टई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग धन शोधन मामलों में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के इलुप्पुर में वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के आवास तथा चेन्नई स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों के सिलसिले में लगभग 25 स्थानों की तलाशी ली। अन्नाद्रमुक शासन के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले विजयभास्कर अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे थे।

## पतंजलि आयुर्वेद ने अपने भ्रामक और झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बिना शर्त लगाई गुहार



'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं और उसका पालन करने के लिए बाध्य है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विज्ञापन में केवल सामान्य बयान शामिल थे, उसमें अनजाने में आपत्तिजनक वाक्य भी शामिल हो गए।

### शब्बीर शाह की बेटी ने अलगाववादी विचारधारा से बनाई दूरी

**श्रीनगर।** जेल में बंद अलगाववादी शब्बीर अहमद शाह की बेटी समा शब्बीर और पाकिस्तान समर्थक दिवंगत सैयद अली शाह गिलानी की नातिन रुवा शाह ने खुद को अलगाववादी विचारधारा से अलग कर लिया है और भारत की संप्रभुता के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा की है। स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित एक जैसे सार्वजनिक नोटिस में, उन्होंने खुद को अलगाववादी राजनीति से दूर कर लिया। गिलानी के दामाद अलताफ अहमद शाह की बेटी रुवा शाह ने उनके दिवंगत नाना द्वारा स्थापित हुर्रियत कॉन्फ्रेंस गुट से खुद को अलग करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है।

# क्रिकेट के जलसे में दिखेगा भारत के सितारों का जलवा


**चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी**

**पांच खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत सकी है**

**महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान**

**दो बार की विजेता केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर**

**नयी दिल्ली, एजेंसी ।** महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।




## खेल डायरी

### अशोक, परमजीत पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई

**नयी दिल्ली ।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ढाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

### एडम जम्पा ने आईपीएल 2024 से नाम लिया वापस

**नयी दिल्ली ।** राजस्थान रॉयल्स टीम के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जम्पा के मैनेजर ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते कहा कि वह आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। जम्पा को नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में रिटेन किया था। पिछले वर्ष खेले एकदिवसीय विश्वकप के बाद से जम्पा का कार्यक्रम व्यस्त रहा।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था।

## गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है। आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा, ''पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़।'' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''एम एस धोनी ने चेन्नई



सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है।'' ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी।

## मिथुन, निखिल और कृष्ण मोहन चयनकर्ता बनने की दौड़ में

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है।

## ओलंपिक में शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त



किया गया है। आईओए ने कहा, ''मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग भारतीय टीम का संचालन करेंगे।

## अंश 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।




## हॉरर कॉमेडी होगी श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी'



**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' सीरीज की धमाकेदार जोड़ी श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी कॉमेडी फिल्मों के फेमस डायरेक्टर संगीत सिवन इस फिल्म में हंसी के साथ-साथ कुछ डर और रोमांच भी दिखाने वाले हैं। 'कपकपी' जयेश पटेल द्वारा ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस होगी। फिल्म की कहानी सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने लिखी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट अब तक नहीं हुई है। श्रेयस तलपड़े ने 'कपकपी' को लेकर कहा- 'कपकपी' मेरी बाकी फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि आजकल, कई थ्रिलर, डार्क या देशभक्ति वाली फिल्मों का चलन बढ़ गया है तो हम दर्शकों के लिए एक वास्तविक हॉरर कॉमेडी फिल्म लाए हैं। जो दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर देगी। तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े के अलावा फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धी इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा और अभिषेक कुमार सहित कई मंझे हुए एक्टर्स नजर आएंगे।



## एक्ट्रेस सपना चौहान परेशान होकर बोलीं- 'आहि रे दिदिया'

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में होली का खुमार सर चढ़कर बोलता है। लोग इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में भोजपुरी स्टार्स भी पीछे नहीं हैं। वो एक महीने पहले से ही रंगों से सराबोर माहौल बनाए हुए हैं। एक के बाद एक गाने धमाकेदार गाने रिलीज कर रहे हैं। इसी बीच अब भोजपुरी के यंग स्टार अंकुश राजा का नया गाना रिलीज होते ही छा गया है। ये एक होली स्पेशल गीत है। इसका टाइटल 'आहि रे दिदिया' है। अंकुश के इस वीडियो को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाना इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। इसमें अंकुश के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। उन्होंने साली का रोल प्ले किया है। ऐसे में होली के मौके पर अंकुश साली को पाकर खुशी झूम उठे हैं और वो होली मनाने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स के बीच कमाल की केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने के लिए मिल रहे हैं। लहंगे में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

## चोली के पीछे... गाने में बेबो का डांस देख भड़के लोग

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना 'चोली के पीछे क्या है' रिलीज हो गया है। सुपरहिट फिल्म खलनायक में माधुरी दीक्षित पर गाना 'चोली के पीछे क्या है...' फिल्माया गया था अब इसे फिर से रीक्रिएट किया गया है जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया है। माधुरी के फैन इस गाने को लेकर काफी नाराज नजर आ रहे हैं। फिल्म 'क्रू' में यह गाना करीना कपूर पर फिल्माया गया है। इस गाने के म्यूजिक को अक्षय और आईपी ने रीक्रिएट किया है। गायक दिलजीत दोसांझ, आईपी सिंह, अल्का याग्निक और ईला अरुण हैं। लिरिक्स भी आईपी सिंह ने लिखे हैं। इस गाने में करीना ने धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को टक्कर देने की कोशिश तो की पर वह कामयाब नहीं हो पाई। इस गाने में करीना कपूर खान पिंक रेशमी साड़ी में अपना बोल्ड लुक दिखाती नजर आ रही हैं। वहीं रियल गाने की बात करें तो इसमें डांस क्वीन माधुरी दीक्षित का जबरदस्त डांस देखने को मिला था। यह गाना आज भी लोगों की यादों में सिर्फ इसलिए बसा है, क्योंकि इसे शानदार तरीके से कंपोज किया गया। 'चोली के पीछे' गाने को प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी ने लिखा था जबकि अनुभवी संगीत निर्देशकों की जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने इसका संगीत दिया था।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारत-अमेरिका संबंध पहले से अधिक मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

- पेंटागन के शीर्ष अधिकारी ने कहा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मजबूत संबंध होना बहुत जरूरी

अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं।

सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।' बता दें, रैटनर रैंकिंग सदस्य एडम स्मिथ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, हम कई क्षेत्रों में संबंध को मजबूत कर रहे हैं। हमने जेट इंजन को लेकर कुछ प्रगति की है। इसके अलावा हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं हैं, जो उन संबंधों को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। स्मिथ ने कहा, 'मैं उन्हें महत्वपूर्ण समझता हूं, लेकिन मैं निश्चित रूप से भागीदार नहीं बनूंगा क्योंकि उनका संबंध रूस के साथ है और इससे उनके पास विकल्प ज्यादा हैं। उनके दुनिया भर में हमारे कई विरोधियों के साथ संबंध हैं।

### भारत के साथ 20 अरब डॉलर का है रक्षा सहयोग



एली एस रैटनर ने कहा, हमारा रक्षा व्यापार अब 20 अरब डॉलर का है और भारत ने हाल ही में 30 एमक्यू9बी और बीएस खरीदने का एलान किया है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दिखाता है।

### पन्नू मामला: भारत के सहयोग से काम कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के मामले पर अमेरिका ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के पीछे के लोगों को जिम्मेदार ठहराने के लिए अमेरिका, भारत के साथ काम कर रहा है। पिछले साल नवंबर महीने में भारतीय नागरिक, निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों द्वारा पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया था, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है।

# क्या है दिल्ली शराब घोटाला...जिसमें मनीष समेत 14 लोग पहुंचे जेल

*शराब घोटाले का खुलासा 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट से हुआ था। इस रिपोर्ट में उन्होंने मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए गए। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की. इसके बाद सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया। इसमें पैसों की हेराफेरी का आरोप भी लगा, इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए ईडी ने भी केस दर्ज कर लिया। मुख्य सचिव ने अपनी रिपोर्ट में मनीष सिसोदिया पर गलत तरीके से शराब नीति तैयार करने का आरोप लगाया था। मनीष सिसोदिया के पास आबकारी विभाग भी था। आरोप लगाया गया कि नई नीति के जरिए लाइसेंसधारी शराब कारोबारियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।*



### आरोपपत्र में आरोपी

विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, समीर महेंद्रू, पी सरथ चंद्रा, बिनोय बाबू, अमित अरोड़ा, गौतम मल्होत्रा, राघव मंगुटा, राजेश जोशी, अरूण पिल्लई, मनीषि, सोदिया, दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह, के. कविता, अमन ढाल। कुल 15 आरोपी शामिल है संबंधित मामले में।

### घोटाले की जांच कैसे शुरू हुई

इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था। सीबीआई ने अगस्त 2022 में इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ नियमों के कथित उल्लंघन और नई शराब नीति में प्रक्रियागत गड़बड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की। बाद में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के संबंध में ईडी ने पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच शुरू कर दी।

### घोटाले के आरोप क्यों लगे

नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप है। वहीं, बड़े शराब कारोबारियों को फायदा होने की बात कही जा रही है। भारतीय जनता पार्टी का यही आरोप है। तीन तरह से घोटाले की बात सामने आ रही है। इसे समझने के लिए हम थोड़ा आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं।

### ईडी कर रही है आरोपों की जांच

ईडी और सीबीआई दिल्ली सरकार की नई शराब नीति में कथित घोटाले की अलग-अलग जांच कर रही हैं। ईडी नीति को बनाने और लागू करने में धन शोधन के आरोपों की जांच कर रही है। वहीं, सीबीआई की जांच नीति बनाते समय हुई कथित अनियमितताओं पर केंद्रित है। शराब नीति घोटाले मामले में ईडी इससे पहले अब तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी और आज अरविंद केजरीवाल के घर पर पहले छापेमारी फिर तलाशी और बाद में गिरफ्तारी की।

## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के तलाईमन्नार तट और डेल्फ्ट उपद्वीप से श्रीलंका की नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है। नौसेना ने बाताया है कि, श्रीलंकाई जल में मछली पकड़ने के आरापे में गिरफ्तार किया गया है। बता दें, भारतीय मछुआरों की एक दिन में यह सर्वाधिक संख्या है। साथ ही तीन नौकाओं को भी जब्त की गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 2024 में 23 भारतीय नौकाओं और 178 भारतीय मछुआरों को पकड़ा है और उन्हें कानूनी कार्रवाई के वास्ते प्रशासन को सौंपा है।

### अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' आज होगा लॉन्च



**श्रीहरिकोटा।** देश का निजी स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस का 580 किलो का रॉकेट अग्निबाण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से शुक्रवार को लॉन्च किया जाएगा। अपनी पहली उड़ान में यह बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले पृथ्वी से 20 किमी ऊपर जाएगा। ये 7 किग्रा पेलोड ले जा सकता है।

### पाकिस्तान की 1.1 अरब डालर से मदद करेगा आईएमएफ

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर है। तीन अरब डालर के बेलआउट पैकेज को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है, इससे 1.1 अरब डालर की अंतिम किस्त जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। अब इस पर आइएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी मिलनी है। आईएमएफ की टीम नाथन पार्टर के नेतृत्व में 14 से 19 मार्च तक इस्लामाबाद में रही। टीम ने इस दौरान आईएमएफ समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक कार्यक्रम की दूसरी और अंतिम समीक्षा की। आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए तीन अरब डालर की स्टैंड-बाय व्यवस्था को मंजूरी दी थी।

### खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, दो की मौत, 22 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। विस्फोटक लदे वाहन ने सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल गाड़ियों को टक्कर मार दी। हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 22 घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की है। पुलिस ने कहा- जान गंवाने वाले दो व्यक्तियों को सुरक्षा बल का जवान माना जा रहा है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अमेरिका ने चीन को लगाई लताड़ अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

## सीमा पर किसी भी तरह के बदलाव का सख्ती से विरोध करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ी है, उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का तेवर भी तल्ख हुआ है। अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की हैं। इस बीच अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश सीमा मामले में भारत का साथ देते हुए चीन को कड़ी चेतावनी दी है।



दरअसल, अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन के किसी भी एकतरफा प्रयास का वो दृढ़ता से विरोध करते हैं। चीन ने हाल ही में अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद राज्य पर दावा किया था। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं। बता दें कि 9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी।

### अरुणाचल क्षेत्र को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है चीन



इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम जंगनान भी रखा है।

### भारत ने हमेशा चीन के दावे को किया है खारिज

चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा था- पीएम मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।

### चीन ने कहा था- रिश्तों पर सीमा विवाद का असर नहीं

14 मार्च को वांग वेनबिन ने कहा था- भारत-चीन सीम विवाद दोनों देशों के बायलैटरल रिलेशन्स का प्रतिनिधित्व नहीं करता। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत है। इससे हमारे बीच गलतफहमी दूर होगी और हमारे रिश्ते मजबूत होंगे।

### यूएन में एआई के खतरों की सुरक्षा को लेकर प्रस्ताव पास

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव से यह सुनिश्चित होगा कि नई तकनीक से सभी देशों को लाभ मिले और यह सबके लिए सुरक्षित हो। अमेरिका द्वारा पेश प्रस्ताव पर यूएन के सभी 193 सदस्य देशों के समर्थन से पारित हुआ है। बता दें, एआई के उपयोग को नियंत्रित करने और खतरों की सुरक्षा को लेकर मदद मिलेगी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा था कि प्रस्ताव को अपनाना एआई के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा।

## सीबीआई की कार्रवाई, मादक पदार्थों से भरा शिपिंग कंटेनर विशाखापत्तनम से जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, इंटरपोल की सूचना पर विशाखापत्तनम बंदरगाह से मादक पदार्थों की बड़ी खेप के साथ शिपिंग कंटेनर जब्त किया है।

गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि आपूर्ति के लिए कंटेनर को विशाखापत्तनम की निजी कंपनी के नाम पर ब्राजील के 'सैंटोस पोर्ट' से बुक किया गया था। सीबीआई ने बताया है कि, शिपिंग कंटेनर में सूखे खमीर के एक हजार बैग हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन 25 किलोग्राम है। जांच एजेंसी ने बताया कि खमीर की इस खेप में मादक पदार्थ मिलाया गया था और आशंका है कि यह मादक पदार्थ कोकीन है। मादक प्रदार्थ की मात्रा का पता लगाया जा रहा है। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, शिपिंग कंटेनर की पूरी खेप जब्त कर ली गई है, और खेप भेजने वाले और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## रूस ने कीव पर दागीं 31 मिसाइलें, 13 घायल

कीव, एजेंसी

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश इस जंग की आग में सालों से जल रहे हैं। महीनों से दोनों देश एक दूसरे से नरमी से पेश आ रहे थे और युद्धविराम चल रहा था लेकिन एक बार फिर रूस ने हमला कर यह बता दिया है कि यह युद्ध अभी थमा नहीं है।

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज और 31 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला पिछले 44 दिनों में पहली बार रूस द्वारा शुरू किया गया। रूस के इस हमले के कारण कीव निवासियों की सुबह की शुरुआत जोरदार विस्फोटों की आवाज से हुई।



यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित 13 लोग घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव सिटी प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, शहर के ऊपर लगभग 31 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया गया।

### भस्म बना 'गुलाल'...



**वाराणसी :** काशी में गले में नरमुंड की माला पहनकर तांडव करता दिखा तो कोई दांतों तले हड्डी दबाकर नाचता रहा। गुरुवार को मर्णिकर्णिका घाट पर भस्म की होली में खूब नाचे भूत-पिशाच। मसाने की होली खेलने के लिए महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। बता दें, पूरे देश में रंगों और गुलालों से होली खेली जाती है, लेकिन शिव की नगरी काशी में चिता की राख के साथ भी होली खेली जाती है। काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी जमकर झूमे।

# दो घंटों में छह नाम कैसे शॉर्टलिस्ट हुए

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी



- अपनाई प्रक्रिया पर केंद्र से सुप्रीम सवाल, पीठ का रोक से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए अपनाई गई प्रक्रिया पर केंद्र से सवाल किया और पूछा कि कुछ ही घंटों में 200 में से छह नाम कैसे 'शॉर्टलिस्ट' हुए हैं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि चयन समिति को निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर विचार करने के लिए और समय दिया जाना चाहिए था। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, एक रिक्ति के लिए पांच नाम थे। दो के लिए आपने छह नाम भेजें। 10 क्यों नहीं? यह कानून की भाषा है - एक रिक्ति के लिए पांच नामों की अनुशंसा करनी होती है। रिकॉर्ड से ऐसा प्रतीत होता है। कोर्ट ने कहा, वे 200 नामों पर विचार कर सकते हैं, लेकिन कितना समय दिया गया है, शायद दो घंटे? दो घंटे में दो सौ नामों पर विचार? आप पारदर्शी हो सकते थे। मेहता ने बताया कि दो नए निर्वाचन आयुक्त एक चयन समिति द्वारा सुझाए गए 200 नामों में से चुने गए छह नामों में से थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने मेहता से कहा, न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए। हम जन प्रतिनिधित्व अधिनियम से निपट रहे हैं, जो मेरे अनुसार संविधान के बाद सर्वोच्च है। जनता के भौहें चढ़ाने की कोई गुंजाइश क्यों छोड़ें। न्यायमूर्ति दत्ता ने मेहता से प्रक्रिया को 15 मार्च से पहले कर 14 मार्च करने के पीछे के कारण के बारे में भी सवाल किया। उन्होंने ने पूछा, एक निर्वाचन आयुक्त को चुनने के लिए आप 15 तारीख को रखते हैं और दो को चुनने के लिए आपने बैठक को 14 तारीख तक आगे बढ़ा दिया है? क्यों?" मेहता ने जवाब दिया कि चयन समिति के सदस्यों को उन छह अधिकारियों के बारे में पता था, जो राजनीतिक दलों से परे पद पर थे। पीठ ने हालांकि नए निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि ऐसा करने से 'अराजकता और अनिश्चितता' पैदा होगी क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं।

### ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक को जेल

**लंदन।** ब्रिटेन के पश्चिमी लंदन में पिछले साल भारत के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय उच्चायोग पर हमले के आरोपी खालिस्तानी समर्थक को जेल भेज दिया है।

बुधवार को आइलवर्थ क्राउन अदालत ने खालिस्तानी गुरप्रीत सिंह (26) को 28 महीने कैद की सजा सुनाई है। बता दें, आशीष शर्मा और नानक सिंह और पुलिस कांस्टेबल जस्टिन निकोल फैरेल पर हमले के आरोप में गुरप्रीत को जनवरी में दोषी ठहराया गया था। घटना पिछले साल 15 अगस्त की रात को साउथहॉल में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई थी। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि गुरप्रीत सिंह को 12 जनवरी को मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उसे 28 महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

### अफगानिस्तान में बम विस्फोट, 3 की मौत 12 लोग घायल

**कंधार।** अफगानिस्तान के शहर कंधार में गुरुवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंधार शहर देश पर शासन करने वाले तालिबान अधिकारियों का गढ़ माना जाता है।

विस्फोट की जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है। वहीं, 11 मार्च को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत के बाद से देश भर में कई विस्फोटों की सूचना मिली है, तालिबान अधिकारियों ने कुछ की पुष्टि की है। कंधार प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक इनामुल्लाह समांगानी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शहर में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें तीन हमवतन मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए।

**विज्ञान** छिपे राज उजागर कर सकता है यह पिंड, क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की निरंतर जारी है खोज

# अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जो मानव की आकृति लिए प्राचीन बर्फ खुद में समेटे हुए है। वैज्ञानिक इसे हिममानव कह रहे हैं, जो अंतरिक्ष में गड़े राज उजागर कर सकता है। धूमकेतुओं का जल से गहरा रिश्ता है।

दरअसल पृथ्वी पर जल कहां से आया, इस पहेली का समाधान धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों पर ठहरता है। मगर पुख्ता सबूत अभी तक सामने नही आ सकें हैं। जिस कारण धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की रिसर्च निरंतर जारी हैं। अब हालही में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जिसमें प्राचीन बर्फ का बड़ा भंडार है। यह ठोस बर्फ उस समय की है, जब हमारा सौर मंडल जन्म ले रहा था। इस खोज से हमारी पृथ्वी पर जल का स्रोत उजागर हो सकता है। इस धूमकेतु को अरोकोथ (स्पेस स्नोमैन) नाम दिया गया है। इसका आकार इंसान की तरह होने के कारण इसे हिममानव कहा जा रहा है। इस खोज से धूमकेतुओं के व्यवहार को भी गहराई से समझा जा सकता है।

अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी गई है, जब धूमकेतु बड़े विस्फोट के साथ विध्वंश हो जाते हैं। सूर्य के करीब से गुजरने पर यह घटना होती है। धूमकेतु में ठोस बर्फ जमा होने के कारण विस्फोट होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। यह खोज न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार अंतरिक्ष हिममानव कुइपर बेल्ट का सदस्य है। यह बेल्ट हमारे सौर मंडल के बाहरी क्षेत्रों में नेपच्यून की कक्षा से बाहर है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी जा चुकी है, असामान्य हों।



हिममानव के समान धूमकेतु की तस्वीर।

### धूमकेतुओं में छिपे हैं अनेक रहस्य

धूमकेतु सौर मंडल के वह छोटे सदस्य हैं, जिनकी उत्पत्ति 4.5 अरब साल पहले ग्रहों के निर्माण के दौरान हुई। यह सौर मंडल के निर्माण के अवशेष हैं। बड़ी बात यह है कि यह सौर मंडल की उत्पत्ति समेत उन रहस्यों को उजागर कर सकते हैं, जो आज भी हमारी समझ से परे हैं। जिस कारण यह शोध का केंद्र रहे हैं। इन धूमकेतुओं पर शोध भी आसान हो है।

### हिमाचल में बनी 23 दवाओं के सैंपल फेल

**नई दिल्ली।** हिमाचल में बनी 23 दवाओं के सैंपल एक बार फिर फेल हुए है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के ड्रग अलर्ट में हिमाचल नालागढ़ के विभिन्न उद्योगों में बनी 23 दवाओं के सैंपल फेल हुए है। इस बार बीबीएन की तुलना में जिला सिरमौर में अधिक दवाओं के सैंपल फेल हुए है।

इसमें कालाअंब के तीन दवाएं शामिल हैं। प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में 7, जिला ऊना में 2, संसारपुर टैरेस, सोलन व परवाणू में एक उद्योग की एक दवा का सैंपल फेल हुआ है। फेल हुई सैंपलों में कैंसर, बी.पी., हार्ट, संक्रमण, स्किन, कैल्शियम, बुखार, एंटीबायोटिक, बलगम के साथ विटामिन इत्यादि की दवाएं शामिल है। सीडीएससीओ ने देश भर से करीब 1167 दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे थे जिसमें से 1018 निर्धारित मानकों पर खरे उतरे है जबकि 58 सैंपल फेल हुए है जबकि दो नकली दवाएं पाई गई है।

# मंदिरों पर टैक्स संबंधी बिल राज्यपाल ने वापस लौटाया

बेंगलुरु, एजेंसी



- कर्नाटक सरकार से मांगा स्पष्टीकरण शीर्ष कोर्ट में लंबित है मामला

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सरकार के मंदिरों पर टैक्स लगाने वाले बिल को सरकार को वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने विधेयक में और ज्यादा स्पष्टीकरण के साथ फिर से देने का निर्देश दिया है। इस विधेयक में मंदिरों की कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। भाजपा द्वारा इस विधेयक का विरोध किया जा रहा है।

राजभवन की तरफ से कहा गया है कि साल 2011 और 2012 में जो कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पेश किया गया था, उस पर हाईकोर्ट की धारवाड़ पीठ ने रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। राजभवन की तरफ से कहा गया है कि उसके बाद से मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में इस पर स्पष्टता जरूरी है कि क्या मामले के लंबित रहने के दौरान उसमें संशोधन किया जा सकता है या नहीं, खासकर जब पूरे विधेयक पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के मंदिरों पर टैक्स लगाने के लिए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया था। इस विधेयक के तहत राज्य के जिन मंदिरों की सालाना कमाई 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये के बीच में है, उनसे सरकार पांच प्रतिशत टैक्स वसूलेगी।